फोन:-4103333, 2362400 फैक्स:-0141-2373513 वर्ष: 75 संख्या: 275 प्रभात जयपुर, गुरूवार 8 मई, 2025 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू


# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBIT




They Fooled Him But He Kept Kashmir With India

In 2002, Farooq was promised the Vice President-ship of India by Vajpayee and support by Advani. The promise was forgotten by Delhi, and once again, Farooq was let down

AI to the Rescue: Solving the Cocktail Party Problem in Hearing Aids

# द हिन्दु अखबार के ट्वीट ने पाकिस्तान को मौका दे दिया अपना ''प्रपोगैण्डा'' फैलाने का

## अखबार ने, जानकार सूत्रों का हवाला देकर ट्वीट किया कि भारत के तीन विमान मार गिराये गये हैं

- रेणु मित्तल -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 7 मई। आज दिन भर एक ही सवाल चर्चित रहा कि भारत ने पाकिस्तान के इस प्रचार पर कोई अधिकृत बयान क्यों जारी नहीं किया उसने भारत के 6 वायुयान मार गिराए इनमें 5 विमान थे और एक अनमैन्ड एयर वीकल (यूएवी) था।

पाकिस्तान के सोशल मीडिया हैंडल और टीवी चैनलों के अनुसार भारत के तीन राफेल, एक एस यू 30, एक मिग 29 और एक हैरॉन यूएवी को पाकिस्तान सेना ने भारत के पाकिस्तानी पंजाब व पाक अधिकृत कश्मीर में विभिन्न स्थानों पर किए गए हमले के जवाब में मार गिराया।

तथ्य यह है कि सुबह जब भारत द्वारा एयर स्ट्राइक की ब्रीफिंग की गई तो इसमें इसका कोई उल्लेख नहीं किया था। इस बात ने पाकिस्तान को अपना कथानक आगे बढ़ाने की खुली छूट दे दी कि उन्होंने भारत के जैट्स एवं यूएवी को नष्ट कर दिया है। भारत की चुप्पी ने उन्हें यह दावा करने का मौका दिया कि आधा घंटे के आकाशीय युद्ध में उन्होंने भारत को मात दे दी है। पी आई बी की फैक्ट चैकिंग युनिट इन दोवों को झुठलाने के लिए ट्वीट किए। पर इसका खास प्रभाव नहीं हुआ।

- हालांकि, अखबार ने एक घण्टे में ही इस ट्वीट को रद्द कर दिया, यह कहकर कि, अधिकारिक सूत्रों से यह साबित नहीं हो रहा है, कि भारत के विमान मार गिराये गये हैं।
- पर इस ट्वीट के स्क्रीन-शॉट, पाकिस्तान में बहुत वायरल हुए, तथा पाकिस्तान की सरकार को मौका मिल गया अपनी जनता के समक्ष जताने का, कि, पाकिस्तान ने बहुत मजबूती से माकूल जवाब दिया है, भारत के ''आक्रमण'' का।
- पर, पाकिस्तान के सूचना प्रसारण मंत्री की, स्काई न्यूज़ की रिपोर्टर याल्दा हकीम के समक्ष काफी अटपटी स्थिति रही, पाकिस्तान रक्षा मंत्री के उस बयान के कारण, जिसमें उन्होंने स्वीकार किया था, कि, दो दशक से पाकिस्तान आतंकवादियों को संरक्षण व प्रश्रय दे रहा है। याल्दा हकीम बार-बार, यह पूछती रहीं कि अगर पाकिस्तान आतंकवादियों को प्रश्रय दे रहा है, तो क्या भारत का अधिकार नहीं बनता, कि वह इन आतंकवादियों के खिलाफ सैन्य कार्यवाही करे।

इस सूचना पर गलत सूचना की जड में एक ट्वीट था जिसमें हिंदू ने जानकार सूत्रों के हवाले से कहा कि भारत के तीन विमान गिराए जा चुके हैं। घंटे भर बाद अखबार ने ट्वीट हटा दिया और कहा कि सरकारी सूत्रों से खबर की पुष्टि नहीं हुई जानिए ट्वीट हटा लिया गया। लेकिन तब तक ट्वीट का स्क्रीन शॉट पाकिस्तान के मीडिया में प्रसारित हो चुका था और बाद में पाकिस्तान के इंटर सर्विसेज़ पब्लिकरिलेशन (आईएसपीआर) ने इसे बढ़ा चढ़ा दिया और विमानों की संख्या 6 कर दी। पाकिस्तान के पत्रकारों, जिसमें हामिद मोर भी शामिल थे, ने हिंदू के ट्वीट का हवाला दिया और पूछा इसे क्यों हटाया गया और किसके निर्देशों पर।

इस अस्पष्टता ने पाकिस्तान की सरकार को अपने नागरिकों को यह

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## ई-सिगरेट की बिक्री रोकने के लिए प्रभावी तंत्र बने

जयपुर, 7 मई। राजस्थान हाईकोर्ट ने कहा कि ई-सिगरेट की ऑनलाइन बिक्री पर प्रभावी तरीके से अंकुश लगाया जाना चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि युवाओं के स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाली ई-सिगरेट की ऑनलाइन बिक्री नहीं हो। इसके साथ ही, अदालत ने डीजीपी को 7 जुलाई तक शपथ पत्र पेश कर बताने को कहा है कि ई-सिगरेट की बिक्री को रोकने के लिए क्या प्रभावी तंत्र स्थापित किया गया है। चीफ जस्टिस एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस मुकेश

- हाईकोर्ट ने डी जी पी को शपथ पत्र के द्वारा 7 जुलाई तक जवाब देने को कहा।

राजपुरोहित की खंडपीठ ने यह आदेश प्रियांशा गुप्ता की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने पुलिस मुख्यालय के प्रभारी अधिकारी को भी आगामी सुनवाई पर व्यक्तिशः या वीसी के जरिए पेश होने को कहा है।

अदालत ने कहा कि हमने गत सुनवाई पर पुलिस मुख्यालय के केस से जुड़े प्रभारी अधिकारी का शपथ पत्र मांगा था, लेकिन उनके स्थान पर पुलिस कमिश्नरेट के एक अधिकारी का हलफनामा पेश हुआ है। ऐसे में यह अदालत के निर्देशानुसार सही नहीं है और अपने आप में गंभीर बात है। इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं, साथ ही डीजीपी को भी व्यक्तिगत रूप से बुलाया जा सकता है। अदालत ने कहा कि सरकार के जवाब से पता चलता है

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# भारत के विदेश सचिव ने साजिद मीर का किस्सा याद दिलाया प्रेस कांफ्रेंस में

## साजिद मीर 26/11 के मुंबई पर हुए आतंकवादी हमले का एक मुख्य प्लानर था, तथा उसके ऊपर, अमेरिकी नागरिक की हत्या व डेनमार्क में एक अखबार व उसके कर्मचारियों पर आक्रमण करने जैसे कई संगीन जुर्म को अंजाम देने के आरोप थे

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 7 मई। आतंकवादियों के लिए पाकिस्तान को एक सुरक्षित पनाहगाह बताने वाले कथानक को आगे बढ़ाते हुए, भारत ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए- तैयबा के शीर्ष कमांडर साजिद मीर का मामला उठाया है। साजिद मीर को 2022 में लाहौर की एक आतंकवाद -रोधी अदालत में पेश किया गया था

ा और टैरर फण्डिंग के एक मामले में दोषी ठहराया गया था। एक रिपोर्ट के अनुसार, जो उस समय पाकिस्तान के अखबार ''डॉन'' में प्रकाशित हुई थी, ''उसकी गिरफ्तारी को मीडिया से छिपाकर रखा गया था और पाकिस्तान के अधिकारियों ने साजिद मीर को ''लापता या मृत'' बताया था और कभी -कभी तो उसके अस्तित्व को ही नकार दिया गया था।''

''ऑपरेशन सिंदूर'' के बाद हुई प्रेस वार्ता में, भारत के विदेश सचिव विक्रम मिश्री ने कहा कि पाकिस्तान की यह कुख्याति बिल्कुल सही है कि ''पाकिस्तान दुनिया भर के आतंकवादियों के लिए ''एक सुरक्षित पनाहगाह'' है, जहाँ आतंकवादियों को सजा से छूट है।'' पहलगाम आतंकी हमलों पर बोलते हुए मिश्री ने कहा, ''इस हमले के लक्षण, पाकिस्तान द्वारा भारत में सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा देने के लंबे इतिहास से मेल खाते हैं, जो अच्छी तरह से दस्तावेजों में दर्ज हैं और निर्विवाद है।'' उन्होंने आगे कहा, ''साजिद मीर का मामला, जिसमें

- अमेरिका ने साजिद मीर को बारे में पुख्ता जानकारी देने वाले को 5 मिलियन डालर का इनाम भी घोषित कर रखा था।
- 2022 में न्यायालय ने साजिद मीर, आतंकवादी गतिविधियों को फाइनैंस करने के आरोप सज़ा सुनायी थी, पर पाकिस्तान सरकार ने साजिद की गिरफ्तारी की बात छुपा कर रखी और फिर साजिद को लापता/मृत घोषित कर दिया था, पर, फिर अंतर्राष्ट्रीय दबाव में साजिद मीर को जीवित बताया गया, तथा उसे हिरासत में लिया गया।
- विदेश सचिव विक्रम मिश्री साजिद मीर के अजीबोगरीब केस का उदाहरण देकर, साबित कर रहे थे कि, पाकिस्तान आतंकवादियों को प्रश्रय ही नहीं देता, उनको बचाने के लिए, हरसंभव प्रयास भी करता है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'पाकिस्तान तनाव खत्म करने को तैयार है, अगर भारत कार्रवाही आगे न बढ़ाये'

## पाकिस्तान के रक्षा मंत्री का यह प्रस्ताव भारत को मिला ज़रुर, पर भारत इसे स्वीकार करने को तैयार नहीं।

- डॉ. सतीश मिश्रा -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 7 मई। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने पेशकश की है कि इस्लामाबाद भारत के साथ तनाव घटाने के लिए तैयार है, इस पर भारत की प्रतिक्रिया का इंतजार है क्योंकि परमाणु हथियार संपन्न दो देशों बीच युद्ध न केवल दोनों देशों के लिए, बल्कि विश्व के लिए भी आपदा साबित हो सकता है।

आसिफ की टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब भारत की सेना ने पाकिस्तान व पाक अधिकृत कश्मीर के आतंकी अड्डों पर ऑपरेशन सिंदूर के तहत हमला किया है।

ब्लूमबर्ग टीवी को दिए एक इंटरव्यू में आसिफ ने जोर दिया कि पाकिस्तान पहले हमला नहीं करेगा, पर अगर उकसाया गया तो जवाब देगा।

उन्होंने कहा, हम गत दो सप्ताह से कह रहे हैं कि पाकिस्तान भारत के खिलाफ शत्रुतापूर्ण कार्यवाही नहीं करेगा। लेकिन अगर हम पर हमला तो हम जवाब देंगे।

अगर भारत पीछे हटता है तो हम इस तनाव को घटाने के लिए तैयार हैं। आसिफ ने कहा कि दोनों देशों के बीच कूटनीति वार्ता की योजना की संभावना के बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है।

भारत ने पाकिस्तान व पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के 9 आतंकी ठिकानों पर हवाई हमला किया। पहलगाम अटैक के प्रतिकार स्वरूप किए गए इस हमले में 26 लोगों की मौत हुई है तथा 20 घायल हुए हैं।

विदेश सचिव विक्रम मिश्री ने 22 अप्रैल के पहलगाम अटैक का हवाला देते हुए कहा, भारत ने जवाब देने और आगे ऐसे हमले रोकने के अपने अधिकार का प्रयोग किया है।

मिश्री ने कहा, हमारा एक्शन नपा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'मंत्रालयिक कर्मचारियों के आरक्षण की प्रक्रिया व परिणाम सही थे'

जयपुर, 7 मई। राजस्थान हाईकोर्ट ने कनिष्ठ लेखाकार व तहसील राजस्व लेखाकार भर्ती-2023 में राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से मंत्रालयिक कर्मचारियों को दिए गए आरक्षण की प्रक्रिया व 17 दिसंबर 2024 के परिणाम को सही माना है।

- राजस्थान हाईकोर्ट ने कहा कि मंत्रालयिक कर्मचारियों को दोहरा आरक्षण नहीं दिया गया।

इसके साथ ही, अदालत ने इस प्रक्रिया व आरक्षण की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया है। जस्टिस समीर जैन ने यह आदेश मोहित सोनी व अन्य की याचिकाओं पर दिया। अदालत ने माना कि मंत्रालयिक कर्मचारियों को भर्ती में दोहरा आरक्षण

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पहली बार दो महिला अफसरों को प्रेस को ब्रीफ करने की जिम्मेवारी सौंपी गई

## कर्नल सोफिया कुरैशी सेना की सिग्नल कोर की अफसर हैं, तथा विंग कमाण्डर व्योमिका सिंह एयरफोर्स की हेलिकॉप्टर यूनिट की अनुभवी ऑफिसर हैं

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 7 मई। भारत की आतंक- विरोधी क्षमताओं की उल्लेखनीय प्रचंडता के अन्तर्गत, भारतीय सशस्त्र सेनाओं ने एक समन्वित एवं सख्त मिलिट्री स्ट्राइक ''ऑपरेशन सिन्दूर'' को अंजाम दिया। ऑपरेशन के निशाने पर पाकिस्तान के काफी अन्दर स्थित नौ स्थान रहे।

बुधवार को बहुत जल्दी किये गये इस ऑपरेशन के निशाने पर वे आतंकी इन्फ्रास्ट्रक्चर थे, जिन्हें, कथित रुप से, पाकिस्तान की सेना और खुफिया एजेंसियों का सक्रिय सहयोग प्राप्त है। यह मिशन केवल सैन्य रणनीति के मामले में ही नहीं, बल्कि इस मामले में भी मील का पत्थर रहा कि इसे राष्ट्र और विश्व के समक्ष किस प्रकार प्रस्तुत किया गया।

यह पहला अवसर था, जब सैन्य अलंकरणों से संभावित दो महिला अधिकारियों - भारतीय सेना के सिग्नल्स कॉर्प्स की कर्नल सोफिया कुरैशी, तथा भारतीय वायुसेना की विंग कमान्डर व्योमिका सिंह -को रक्षा मंत्रालय की मीडिया ब्रीफिंग के नेतृत्व की जिम्मेदारी दी गई। परम्परागत रुप से, वरिष्ठ पुरुष अधिकारी या डयारेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशन्स (डीजीएमओ) ही इस जिम्मेदारी का निर्वहन करते आये हैं।

इनकी विस्तृत डी ब्रीफिंग से भारतीय रक्षा -तंत्र में महिलाओं के नेतृत्व की बढ़ती हुई भूमिका तथा मिशन की ऑपरेशनल कामयाबी -दोनों ही चीजें रेखांकित हुई हैं।

कर्नल कुरैशी, जो अन्तर्राष्ट्रीय मिशनों तथा संयुक्त एक्सरसाइज का अनुभव रखने वाली तथा युद्ध की विभीषिका से सुपरिचित अधिकारी हैं, ने पीओके तथा पाकिस्तान के काफी अन्दर के हिस्से के चिन्हित आतंकी कैम्पों पर सेना की सुस्पष्ट स्ट्राइकों का ब्यौरा दिया। कर्नल कुरैशी ने कहा, ''हमारा उद्देश्य उन बैकअप और फॉरवर्ड प्रशिक्षण शिविरों का निष्क्रिय करना था जिनका इस्तेमाल अन्तर्राष्ट्रीय रुप से तय शुदा आतंकी संगठन करते हैं। हमने अपने रणनैतिक लक्ष्य बिना अपने किसी नुकसान के हासिल कर लिये।''

विंग कमांडर व्योमिका सिंह, जो भारत के पहले ऑपरेशनल हेलिकॉप्टर पायलटों में से एक हैं तथा जिन्हें विभिन्न ऑपरेशनों का व्यापक अनुभव है, ने उनका सहयोग करते हुये हवाई बिन्दुओं

- दोनों महिला अफसरों ने बखूबी प्रेस को ऑपरेशन सिन्दूर की पूरी जानकारी दी, तथा भारतीय सेना में महिलाओं की भूमिका का उचित उदाहरण दिया।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## एयर स्ट्राइक में मसूद अज़हर के दस परिजन मारे गए

नयी दिल्ली, 07 मई। भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के बहावलपुर सुभानअल्लाह परिसर में किये गये हमलों में कुख्यात आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के प्रमुख मसूद

- सूत्रों ने बताया कि सुभान अल्लाह परिसर में हुई स्ट्राइक में जैश ए मोहम्मद के प्रमुख, मसूद अजहर के 10 परिजनों के अलावा चार प्रमुख सहयोगी भी मारे गए हैं।

अजहर के परिवार के 10 सदस्य और उसके चार करीबी सहयोगी मारे गये हैं।

आतंकवादी समूह ने इस परिसर का इस्तेमाल शरणस्थली के रूप में किया था। मारे गए लोगों में मसूद अजहर की बड़ी बहन और बहनोई, उसका भतीजा और उसकी पत्नी शामिल हैं।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# भारत को ''छवि युद्ध'' जीतने के लिए अभी काफी कुछ करना होगा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर

## इज़रायल ही अकेला देश नज़र आ रहा है, जो पूर्णतया भारत के पक्ष में स्पष्ट बोल रहा है

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 7 मई। पाकिस्तान के क्षेत्र में, खासकर पंजाब क्षेत्र में, गहरे हमलों के बारे में वर्तमान, जो उत्साह है, उसके बीच, भारत को यह अच्छी तरह से समझना चाहिए कि विश्व स्तर पर इस वर्तमान स्थिति को कैसे प्रस्तुत किया जा रहा है तथा इसे लेकर विश्व में क्या प्रतिक्रिया है।

हालांकि, यह बात बहुत अप्रिय है और वर्तमान भारतीय भावनाओं के खिलाफ है, लेकिन यह भी अति आवश्यक है कि भारत इस बदलती हुई स्थिति के प्रैजैन्टेशन का ध्यान रखे, ताकि भारत के दृष्टिकोण को सही तरीके से प्रस्तुत किया जा सके।

अधिकतर प्रमुख समाचार एजेंसियाँ और संगठन एक ऐसा चित्र प्रस्तुत कर रहे हैं, जो भारत को अच्छा नही लगेगा। अब वो समय है, जब भारत को इस प्रकार की प्रस्तुतियों का मुकाबला करने के लिए एक रणनीति अपनानी चाहिए।

इन प्रतिक्रियाओं और घटनाक्रम की प्रस्तुति की समीक्षा से यह स्पष्ट होता है कि अंतर्राष्ट्रीय मीडिया के साथ और अधिक संवाद करने और उसे संभालने की आवश्यकता है। मीडिया ने अधिकांशतः पाकिस्तान के दृष्टिकोण से इस घटना को प्रस्तुत किया है, जिसमें नागरिकों की हानि का उल्लेख है।

वैश्विक स्तर पर, पाकिस्तान की तरफ से किए जाने वाले उकसावे को छुपाया जा रहा है और कहा जा रहा है कि भारत को, पाकिस्तान में किए गए हमले को न्यायसंगत ठहराना होगा। यह भारत के लिए अनुकूल नहीं है।

लंदन की मैगज़ीन, इकॉनामिस्ट, जो पश्चिम में काफी प्रतिष्ठित है, ने हमेशा की तरह यह रूख अपनाया है कि भारत को हमला करने पहले यह साबित करना होगा कि पाकिस्तान, भारत में हुए आतंकवादी हमले में शामिल था।

सी.एन.एन. इंटरनेशनल न्यूज़, सीमा पार पाकिस्तानी साइड से घटनाक्रम की रिर्पोटिंग कर रहा है और नागरिक संरचनाओं पर हमले और नागरिक जीवन की हानि को प्रमुखता से दिखा रहा है, जिन संरचनाओं के पीछे आतंकवादी ढि काने छिपे हुए थे।

चीन का ग्लोबल टाइम्स, जो चीन की सरकार का मुखपत्र है, तो इतना आगे बढ़ गया कि बीज़िंग में भारतीय दूतावास को एक कड़ी प्रतिक्रिया देनी पड़ी। भारतीय दूतावास ने कहा, ग्लोबल टाइम्स भारत के खिलाफ मिथ्या प्रचार कर रहा है क्योंकि चीन, पाकिस्तान का मित्र है।

यदि कोई देश भारत के पक्ष में स्पष्ट रुप से खड़ा हुआ है तो वह इज़रायल है। इज़रायल ने कहा है कि भारत को आत्मरक्षा में प्रतिक्रिया करने का अधिकार है। इज़रायल पर हमास के हमले के तुरंत बाद प्रधानमंत्री मोदी का जवाब इस मामले में अच्छा साबित हुआ है।

फिर विभिन्न देशों के नेताओं की प्रतिक्रियाएँ भी मिली-जुली रही हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारतीय हमले को ''लज्जाजनक'' बताया, लेकिन यह स्पष्ट नहीं किया कि किस पक्ष के लिए यह लज्जाजनक था। यह कुछ अस्पष्ट है, हालांकि, अमेरिका ने इज़रायल द्वारा हमास पर किए गए हमलों पर एक स्पष्ट और न्यायसंगत रुख अपनाया था।

भारत के, आत्मरक्षा में प्रतिक्रिया करने के अधिकार को अधिकांश देशों ने नज़रअंदाज़ किया है, और संयम की अपील की है। संयुक्त राष्ट्र के प्रमुख ने भारत और पाकिस्तान से संयम रखने

- इज़रायल ने भारतीय उपमहादीप पर प्रस्तुत घटनाक्रम के बारे में कहा, ''भारत को सैल्फ डिफैन्स'' में उचित उत्तर देने का पूर्ण अधिकार है।
- अमेरिका के राष्ट्रपति ने गोल-मोल सी प्रतिक्रिया दी और कहा कि भारतीय आक्रमण एक ''शर्मनाक'' बात है। इस वक्तव्य से स्पष्ट नहीं होता, कि किस देश की भूमिका ''शर्मनाक'' है।
- अधिकांश देश, भारत के ''सैल्फ डिफैन्स'' में कार्यवाही करने के अधिकार की अनदेखी कर, संयम बरतने की बात कर रहे हैं।
- लंदन से प्रकाशित जानी-मानी प्रतिष्टित पत्रिका द इकॉनामिस्ट बार-बार दोहरा रही है, कि भारत को यह स्थापित करना पड़ेगा कि पाकिस्तान की सरकार की आतंकवादी आक्रमण में भूमिका है।
- सी.एन.एन. इंटरनेशनल न्यूज़, इस पूरे घटनाक्रम में पाकिस्तान का पक्ष प्रस्तुत करने में लगा हैं। वो भारत द्वारा ''सिविलियन ढांचो'' को नष्ट करने व इस ऑपरेशन में ''सिविलियन लोगों के मारे जाने को दुर्भाग्यपूर्ण बता रहा है, पर, इस बात का कोई जिक्र नहीं है कि ये सिविलियन ढांचे आतंकवादियों के केन्द्र (हब) थे।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 18 एयर पोर्ट्स पर दस मई तक सिविल उड़ानें बंद

नयी दिल्ली, 07 मई। देश के उत्तर और पश्चिमी हिस्सों में 18 हवाई अड्डों पर सिविल उड़ानों को 10 मई तक रोक दिया गया है। भारतीय सेनाओं द्वारा पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर और पाकिस्तान में ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाए जाने के कुछ घंटों बाद, बुधवार तड़के अचानक सिविल उड़ानों को बंद करने के निर्देश दिए गए।

- इन 18 एयर पोर्ट्स में, राजस्थान के तीन हवाई अड्डे जोधपुर, जैसलमेर तथा बीकानेर शामिल हैं।

सूत्रों के अनुसार, जिन हवाई अड्डों पर सिविल उड़ानों को बंद किया गया है, उन हवाई अड्डों की सूची में लेह, थोइस, श्रीनगर, जम्मू, अमृतसर, पठानकोट, चंडीगढ़ , जोधपुर, ग्वालियर, जैसलमेर, बीकानेर, जामनगर, भटिंडा, भुज, धर्मशाला, शिमला, राजकोट और पोरबंदर शामिल हैं।

सूत्रों के अनुसार, उड़ानें रोकने के लिए नोटिस टू एयरमैन

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**नम्रता और खुदा के खौफ से इज्जत और जिन्दगी मिलती है। –सुलेमान**

# मोदी ने देश का मस्तिष्क ऊंचा किया : भारत ने पाक को धूल चटाई

देशभर में नागरिकों ने पाकिस्तान पर भारतीय सेना की कार्रवाई का जोरदार स्वागत किया है। राजनीतिक, सामाजिक सहित समाज के सभी वर्गों के लोगों ने भारत माता की जय और जयहिन्द के जयकारे के साथ सेना के जज्बे को सलाम किया गया। कई स्थानों पर विभिन्न समुदाय के लोगों ने एक–दूसरे को मिठाई बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया। भारत ने पाकिस्तान पर अब तक का सबसे बड़ा और तगड़ा प्रहार करते हुए ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च कर पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला पाकिस्तान से ले लिया है। भारत ने एक पखवाड़े के अंदर जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों की धर्म पूछ कर की गई हत्या का बदला लेते हुए भारत के वीर सपूतों ने पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया। इस कायराना हमले में आतंकियों ने सिर्फ पुरुषों को निशाना बनाया था और महिलाओं को ये कहकर छोड़ दिया था कि जाओ जाकर मोदी को बता देना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने एक एक शब्दों पर कायम रहे और जो कहा उसे पूरा करके दुनिया को दिखा दिया। मोदी का जवाब पाकिस्तान में हाहाकार बनकर गूंज रहा है। भारतीय सेना के पराक्रम और ऑपरेशन सिंदूर की चर्चा पूरी दुनिया में हो रही है। मिसाइल स्ट्राइक के बाद भारत ने साफ संदेश दे दिया है हमले का जवाब मुंहतोड़ मिलेगा। आतंकियों को किसी भी हालत में छोड़ा नहीं जायेगा। गृह मंत्री अमित शाह ने पहले ही घोषणा कर दी थी हत्यारों और आतंकियों को चुन–चुन कर मारा जायेगा। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष के उन लोगों को भी करारा जवाब दे दिया जो सरकार की नियत पर सवाल उठा रहे थे। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने इस बीच कहा कि हमने उन्हीं को मारा जिन्होंने आतंक फैलाया। उन्होंने कहा हमारे प्रधान मंत्री मोदी ने पाक को सबक सिखाकर देश का मष्तिस्क ऊँचा किया है।

बताया जाता है इस मिसाइल स्ट्राइक में सौ से अधिक आतंकी मारे गए। भारत ने पाकिस्तान के सैनिक अथवा नागरिक ठिकानों पर कोई हमला नहीं किया। भारत की इस कार्यवाही से पूरे देश में हर्ष की लहर दौड़ गई। लोगों ने जगह जगह अपनी ख़ुशी का इजहार किया। लोगों ऑपरेशन सिन्दूर को सलाम किया है। हर कोई प्रधानमंत्री मोदी और भारतीय सेना की तारीफ कर रहा है। इस घटना के बाद सबके जुबान पर इसके बदले की बात आ गई। सभी आतंकियों से बदले की बात कर रहे थे। मीडिया और सोशल मीडिया से सरकार पर दबाव बन रहा था। हर नागरिक, सिविल सोसाइटी और विपक्ष सरकार को आतंकवादियों और उसके आका पाकिस्तान से बदला लेने के लिए कह रहा था। इस नृशंष हमले के बाद से समूचा देश गुस्से से उबल रहा था और पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहा था। आखिरकार पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय आर्मी ने 6 मई की आधी रात को पीओके और पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूत कर दिया है।


सेना की इस कार्यवाही को ऑपरेशन सिंदूर बताया गया है। भारतीय सेना की प्रवक्ता, कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने पाकिस्तान के खिलाफ 25 मिनट तक चले ऑपरेशन सिंदूर के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। देश के इतिहास में पहली बार आर्म्ड फोर्स की दो महिलाएं प्रेस ब्रीफिंग करने आईं। इनमें से एक एयरफोर्स से और दूसरी सेना से हैं। भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री के साथ ये दोनों अधिकारी भी मीडिया से मुखातिब हुईं और ऑपरेशन सिंदूर की सम्पूर्ण जानकारी मीडिया से साझा की। भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान और पीओके में 9 आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया, जिससे लगभग 100 आतंकवादी मारे गए। कर्नल सोफिया कुरैशी ने बताया 7 मई की रात को 1.05 बजे भारतीय वायु सेना ने पाकिस्तान और में घुसकर ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया और ये ऑपरेशन करीब 25 मिनट तक चला, उन्होंने बताया कि कैसे भारतीय वायु सेना ने सिलसिलेवार तरीके से पाकिस्तान में मौजूद आतंकी कैम्पों को तबाह किया। ये सभी वो ठिकाने थे जहां से भारत के खिलाफ कई आतंकी हमलों की साजिश रची गई थी और भविष्य में हमलों की योजना बनाई जा रही थी। कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा कि वीडियो में तबाह किए गए आतंकी शिविरों को दिखाया गया है, जिसमें मुरीदके भी शामिल है, जहां 2008 के मुंबई आतंकी हमलों में शामिल अजमल कसाब और डेविड हेडली ने ट्रेनिंग ली थी। पाक मीडिया के सूत्रों के मुताबिक पाकिस्तान में डर का माहौल हैं और सरकार की ओर से नागरिकों के लिए कई निर्देश जारी किए गए हैं। वहीं पाकिस्तान के संचार मंत्री तरार ने इस हमले का जवाब देने की धमकी दी है। ऑपरेशन सिंदूर के तहत की गई इस कार्रवाई में मोस्ट वॉन्टेड आतंकी मसूद अजहर के परिवार के 14 लोग भी मारे गए हैं। आतंकी मसूद अजहर ने चिट्ठी जारी करते हुए कहा कि दिल करता है कि काश मैं भी इस हमले में मर जाता। पाकिस्तान ने भारत की ओर स्ट्राइक किए जाने की बात स्वीकार कर ली है।

**भारत ने पाकिस्तान पर अब तक का सबसे बड़ा और तगड़ा प्रहार करते हुए ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च कर पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला पाकिस्तान से ले लिया है। भारत ने एक पखवाड़े के अंदर जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों की धर्म पूछ कर की गई हत्या का बदला लेते हुए भारत के वीर सपूतों ने पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया।**

भारत की तरफ से पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में किए गए ऑपरेशन सिंदूर को जहां एक तरफ भारतीय शेयर बाजार ने सलाम किया और रेड जोन में खुलकर बढ़त बनाई। दूसरी तरफ पाकिस्तान के स्टॉक मार्केट में भारी कोहराम है और निवेशक सहम हुए हैं। बुधवार को पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर हमले के बाद खुले पाकिस्तान के बेंचमार्क शेयर इंडेक्स में 5.78 प्रतिशत की भारी गिरावट दिखी. केएसई–100 इंडेक्स शुरुआती कारोबार में 6,272 अंक यानी 5.5 प्रतिशत फिसलकर 107,296 पर कारोबार कर रहा है। इसके अलावा पूरे पाक में भारत की इस कार्यवाही से डर का माहौल है। यह 6 मई रात्रि की एयर स्ट्राइक 2016 के सर्जिकल स्ट्राइक और 2019 के बालाकोटएयर स्ट्राइक से ज्यादा प्रभावी बताई गई है। मोदी सरकार के खिलाफ तंज़ कसने वाले विपक्षी नेताओं की भी बोलती बंद हो गई है। खुद पाकिस्तान की तरफ से ऑपरेशन सिंदूर के सबूत पेश किये जाने लगे तो भारत के विपक्षी नेता जो मोदी के खिलाफ बोल रहे थे, अब सेना की कार्यवाही को सलाम करने लगे है।

**बालमुकुंद ओझा**
**वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार**

## राशिफल गुरूवार 8 मई, 2025



पंडित अनिल शर्मा

वैशाख मास, शुक्ल पक्ष, एकादशी तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2082, उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र सायं 9:06 तक, हर्षण योग रात्रि 1:57 तक, विष्टिकरण दिन 12:30 तक, चन्द्रमा आज कन्या राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य–मेष, चन्द्रमा–कन्या, मंगल–कर्क, बुध–मेष, गुरू–वृष, शुक्र–मीन, शनि–मीन, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में। आज भद्रा दिन 12:30 तक है। आज मोहिनी एकादशी व्रत, लक्ष्मी नारायण एकादशी और परशुराम द्वादशी, रुक्मणी द्वादशी है।


**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** शुभ सूर्योदय से 7:26 तक, चर 10:44 से 12:23 तक, लाभ अमृत 12:23 से 3:41 तक, शुभ 5:20 से सूर्यास्त तक।

राहूकालः 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 5:47, सूर्यास्त 6:59




**मेष**

परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।



**सिंह**

आर्थिक/वित्तीय मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे।



**धनु**

व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**वृष**

परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आज आवश्यक कार्यों के संबंध में सोच–विचार हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**कन्या**

आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।




**मकर**

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




**मिथुन**

घर–परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




**तुला**

व्यावसायिक खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ रहेगी। आज समय अनर्गल कार्यों में खराब हो सकता है।




**कुंभ**

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। स्वास्थ्य संबंधित मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।




**कर्क**

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। मित्रों/रिश्तेदारों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**वृश्चिक**

आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक अड़चनें दूर होने लगेंगी।



**मीन**

परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा।

# थैलेसीमिया



अशोक कुमार

हर साल 8 मई को थैलेसीमिया दिवस, जिसे अंतर्राष्ट्रीय थैलेसीमिया दिवस के रूप में भी जाना जाता है, मनाया जाता है। 2025 में भी यह गुरुवार, 8 मई को मनाया जाएगा। थैलेसीमिया एक आनुवंशिक रक्त विकार है जिसमें शरीर पर्याप्त मात्रा में हीमोग्लोबिन का उत्पादन नहीं कर पाता है। हीमोग्लोबिन लाल रक्त कोशिकाओं में पाया जाने वाला प्रोटीन है जो पूरे शरीर में ऑक्सीजन पहुंचाता है। थैलेसीमिया से पीड़ित लोगों में एनीमिया (लाल रक्त कोशिकाओं या हीमोग्लोबिन का निम्न स्तर) हो सकता है, जिससे थकान, कमजोरी, पीली त्वचा और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। गंभीर मामलों में, नियमित रक्त आधान की आवश्यकता हो सकती है।

यह दिन थैलेसीमिया रोग के बारे में जागरूकता बढ़ाने, इस बीमारी से पीड़ित लोगों को श्रद्धांजलि देने और उनके जीवन को बेहतर बनाने के तरीकों पर विचार करने के लिए मनाया जाता है। यह दिन थैलेसीमिया इंटरनेशनल फेडरेशन (TIF) द्वारा स्थापित किया गया था और पहली बार 1994 में मनाया गया था। यह TIF के अध्यक्ष और संस्थापक पैनोस एंग्लेजोस के बेटे जॉर्ज एंग्लेजोस की याद में स्थापित किया गया था, जिनकी थैलेसीमिया के कारण मृत्यु हो गई थी।

2025 के लिए अंतर्राष्ट्रीय थैलेसीमिया दिवस का विषय है: "टुगेदर फॉर थैलेसीमिया: यूनाइटिंग कम्युनिटीज, प्रायोरिटाइजिंग पेशेंट्स।" इस विषय का मुख्य उद्देश्य रोगी–केंद्रित दृष्टिकोण पर जोर देना है, जिसमें न केवल चिकित्सा बल्कि थैलेसीमिया से पीड़ित व्यक्तियों की भावनात्मक और सामाजिक जरूरतों को भी संबोधित किया जाए।

भारत में थैलेसीमिया एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य समस्या है, और हर साल बड़ी संख्या में बच्चे इस बीमारी के साथ पैदा होते हैं। थैलेसीमिया वाहक भी बड़ी संख्या में हैं। इसलिए, इस बीमारी के बारे में जागरूकता बढ़ाना और रोकथाम के उपायों को बढ़ावा देना बहुत महत्वपूर्ण है।

थैलेसीमिया के प्रकारः अल्फा थैलेसीमियाः यह थैलेसीमिया का एक प्रकार है जो अल्फा–ग्लोबिन प्रोटीन के उत्पादन को प्रभावित करता है।

बीटा थैलेसीमियाः यह थैलेसीमिया का एक प्रकार है जो बीटा–ग्लोबिन प्रोटीन के उत्पादन को प्रभावित करता है।

थैलेसीमिया के लक्षणः थकान और कमजोरी, त्वचा में पीलापन, हड्डी के दर्द, विकास में देरी, अस्थि मज्जा का विस्तार।

थैलेसीमिया के कारणः वंशानुगत जीन में उत्परिवर्तन. अल्फा या बीटा ग्लोबिन प्रोटीन के उत्पादन में कमी।

**थैलेसीमिया का निदानः–**

खून की जांच, आनुवंशिक परीक्षण

थैलेसीमिया का उपचारः रक्त चढ़ानाः गंभीर थैलेसीमिया में नियमित रक्त चढ़ाना आवश्यक हो सकता है. चेलेशन थेरेपीः

रक्त आधान के कारण आयरन जमा हो जाता है, जिसे निकालने के लिए चेलेशन थेरेपी की आवश्यकता हो सकती है. अस्थि मज्जा प्रत्यारोपणःकुछ मामलों में, अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण एक विकल्प हो सकता है। हाइड्रोक्सीयूरियाः यह एक दवा है जो कुछ मामलों में हीमोग्लोबिन के उत्पादन में सुधार कर सकती है।

**थैलेसीमिया से बचावः–**

आनुवंशिक परामर्श, गर्भावस्था के दौरान रक्त की जांच।

थैलेसीमिया से प्रभावित व्यक्ति के लिए, उचित देखभाल और प्रबंधन महत्वपूर्ण है। यदि आपको या आपके परिवार के किसी सदस्य को थैलेसीमिया के लक्षण दिखाई देते हैं, भारत में थैलेसीमिया के विभिन्न राज्यों में प्रतिशतता अलग–अलग है। देश में थैलेसीमिया वाहकों की औसत आवृत्ति 3–4% है, लेकिन कुछ समुदायों और क्षेत्रों में यह बहुत अधिक है। राज्यों में थैलेसीमिया की अनुमानित प्रतिशतता हैः पंजाबः 6.5%, तमिलनाडुः 8.4%, दक्षिण भारत (औसत)ः 4.3%, बंगालः 3.5%, गुजरातः 10–15%, राजस्थान (सिरोही क्षेत्र)ः 7.25%, उत्तर प्रदेश (कुछ क्षेत्रों में)ः 12.98% तक, दिल्लीः 5.47%, हिमाचल प्रदेश (छात्रों में)ः 2.57%, उत्तराखंड (गढ़वाल)ः 1.5% कुछ समुदायों, जैसे सिंधी, लुवाना, आदिवासी और राजपूतों में थैलेसीमिया की उच्च व्यापकता देखी गई है। भारत में लगभग 1 से 1.5 लाख थैलेसीमिया मेजर के बच्चे हैं और लगभग 42 मिलियन बीटा–थैलेसीमिया वाहक हैं। हर साल लगभग 10,000–15,000 बच्चे थैलेसीमिया मेजर के साथ पैदा होते हैं। इस प्रकार, भारत में थैलेसीमिया एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य समस्या है।

राजस्थान में थैलेसीमिया की प्रतिशतता विभिन्न स्थानों और समुदायों में अलग–अलग है। राज्य के कुछ क्षेत्रों में, विशेष रूप से आदिवासी समुदायों में, इसकी व्यापकता अधिक पाई गई है।

यहां कुछ विशिष्ट स्थानों और समुदायों में थैलेसीमिया की अनुमानित प्रतिशतता दी गई हैः सिरोही क्षेत्र (आदिवासी)ः 7.25% बीटा–थैलेसीमिया वाहक, राजस्थान (सामान्य)ः लगभग 3.79% बीटा–थैलेसीमिया सिंड्रोम, आदिवासी समुदाय (राजस्थान)ः सामान्य जातियों (2.32%) और अनुसूचित जातियों (3.08%) की तुलना में उत्परिवर्ती जीन (Hb S, Hb D, Hb E) की उच्च घटना (6.85%) देखी गई है। डूंगरपुर, बांसवाड़ा, उदयपुर, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा और सिरोही जिलों के नवजात शिशुओं मेंः अल्फा–थैलेसीमिया (Hb-Bart's) की समग्र घटना 1.88% थी, जो अनुसूचित जनजातियों में 3.07%, अनुसूचित जातियों में 1.43% और सामान्य जातियों में 0.77% थी। पश्चिमी राजस्थानः बीटा–थैलेसीमिया के मामले आम हैं। कोटाः एक अध्ययन में बीटा थैलेसीमिया वाहक दर सबसे अधिक (48.76%) पाई गई।

राजस्थान के आदिवासी क्षेत्रों में थैलेसीमिया और अन्य हीमोग्लोबिनोपैथी एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या बनी हुई है। भारत में थैलेसीमिया का उपचार कई प्रतिष्ठित अस्पतालों में उपलब्ध है। कुछ प्रमुख केंद्र जहां थैलेसीमिया का उपचार होता है, वे इस प्रकार हैं :

दिल्लीः मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल, बीएलके–मैक्स हॉस्पिटल, फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट (गुड़गांव), आर्टेमिस हॉस्पिटल (गुड़गांव), मुंबईः कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल. चेन्नईः अपोलो हॉस्पिटल्स, ग्लेनीगल्स हेल्थसिटी, बैंगलोरः मणिपाल हॉस्पिटल, हैदराबादः केअर हॉस्पिटल्स, थैलेसीमिया और सिकल सेल सोसाइटी, कोलकाताः अपोलो मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल्स। इस दिशा कई अन्य चिकित्सा केंद्र भी खुल रहे हैं।

राजस्थान में थैलेसीमिया के इलाज के लिए कई अस्पताल और केंद्र उपलब्ध हैं, खासकर जयपुर और अन्य बड़े शहरों में। यहाँ कुछ प्रमुख स्थान दिए गए हैं जहाँ थैलेसीमिया का इलाज होता हैः

जयपुरः मणीपाल हॉस्पिटलः यह एक मल्टी–स्पेशियलिटी अस्पताल है जहाँ हेमेटोलॉजी विभाग में थैलेसीमिया का इलाज किया जाता है। फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटलः यह भी एक प्रमुख अस्पताल है जहाँ विभिन्न रक्त विकारों सहित थैलेसीमिया का इलाज उपलब्ध है। संतोकबा दुर्लभजी मेमोरियल हॉस्पिटल : यह भी जयपुर का एक प्रतिष्ठित अस्पताल है जहाँ थैलेसीमिया के रोगियों का इलाज किया जाता है। सवाई मानसिंह हॉस्पिटल (सरकारी)ः खबरों के अनुसार, यह अस्पताल स्टेम सेल थेरेपी के माध्यम से थैलेसीमिया के इलाज पर काम कर रहा है और यहाँ ब्लड ट्रांसफ्यूजन की सुविधा भी उपलब्ध है।

जयपुर हीमेटोलॉजी सेंटरः यह एक विशेष क्लिनिक हो सकता है जहाँ हेमेटोलॉजिस्ट थैलेसीमिया के रोगियों को परामर्श और उपचार प्रदान करते हैं। रेडक्लिफ लैब्स और अपोलो डायग्नोस्टिक्सः ये डायग्नोस्टिक सेंटर भी थैलेसीमिया से संबंधित परीक्षण और संभवतः कुछ उपचार सेवाएं प्रदान करते हैं। अन्य स्थानः अबू रोडः संकल्प इंडिया फाउंडेशन द्वारा समर्थित एक थैलेसीमिया डे केयर सेंटर आरएमएम ग्लोबल हॉस्पिटल ट्रॉमा सेंटर में 1 अक्टूबर 2018 से चल रहा है। यह केंद्र व्यवस्थित रक्त आधान, आयरन चिलेशन थेरेपी और नियमित निगरानी जैसी सेवाएं प्रदान है।

कोटाः सरकारी सूत्रों के अनुसार, यहां भी थैलेसीमिया के इलाज की सुविधाएँ हो सकती हैं। जोधपुरः अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान जोधपुर में भी हेमेटोलॉजी विभाग में थैलेसीमिया का इलाज संभव है। इस दिशा मे राजस्थान मे कई अन्य चिकित्सा केंद्र भी खुल रहे हैं।

साउथ ईस्ट एशिया इंस्टीट्यूट फॉर थैलेसीमिया, महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी (जयपुर) और क्योर2चिल्ड्रन फाउंडेशन (इटली) को शामिल करने वाला एक संयुक्त उद्यम है। यह महात्मा गांधी अस्पताल हेमटोलॉजी टॉवर की 5वीं मंजिल पर स्थित है।

इसकी स्थापना 2012 में जयपुर में मानव सेवा संघ प्रेम निकेतन अस्पताल और क्योर2चिल्ड्रन फाउंडेशन के सहयोग से की गई थी। साउथ ईस्ट एशिया इंस्टीट्यूट ऑफ थैलेसीमिया मे अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण के माध्यम से गंभीर रक्त विकारों, विशेष रूप से ट्रांसफ्यूजन–निर्भर थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के लिए उपचार और संभावित इलाज प्रदान करने के लिए समर्पित है। यह राजस्थान में यह निश्चित इलाज प्रदान करने वाला पहला केंद्र था। साउथ ईस्ट एशिया इंस्टीट्यूट ऑफ थैलेसीमिया का प्राथमिक उद्देश्य अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण की पेशकश करना है, जिससे थैलेसीमिया मेजर से पीड़ित बच्चों को सामान्य जीवन जीने का मौका मिल सके।

साउथ ईस्ट एशिया इंस्टीट्यूट ऑफ थैलेसीमिया में स्थानीय चिकित्सा दल ने 2012 से बच्चे के भाई बहिन से 100% HLA मिलान करने के बाद मज्जा प्रत्यारोपण शुरू किया है।

अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण के अलावा, साउथ ईस्ट एशिया इंस्टीट्यूट ऑफ थैलेसीमिया थैलेसीमिया निदान, उपचार और देखभाल से संबंधित अन्य सेवाएँ भी प्रदान करता है। साउथ ईस्ट एशिया इंस्टीट्यूट ऑफ थैलेसीमिया में स्थानीय चिकित्सा दल ने 211 अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण (मिलान किए गए और आंशिक रूप से मिलान किए गए पारिवारिक दाताओं) किए हैं। साउथ ईस्ट एशिया इंस्टीट्यूट ऑफ थैलेसीमिया, जयपुर, राजस्थान में थैलेसीमिया के मरीजों के इलाज के लिए कई तरह से आर्थिक सहायता मिलती है:–

प्रत्येक प्रत्यारोपण की लागत न्यूनतम 1000000 रुपये है। राजस्थान सरकार ने शुरू में अधिकतम 7 लाख रोगियों के लिए प्रावधान किया था। शेष राशि संस्थान द्वारा दान से प्राप्त धन से वहन की गई। भारत में थैलेसीमिया मेजर के उपचार के लिए समर्पित एकमात्र केंद्र के रूप में खुद को गौरवान्वित करते हुए, साउथ ईस्ट एशिया इंस्टीट्यूट ऑफ थैलेसीमिया दुनिया के सभी कोनों से थैलेसीमिया मेजर के बच्चों को अत्याधुनिक उपचार प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। रोगियों पर कोई वित्तीय बोझ डाले बिना और फिर भी अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार गुणवत्तापूर्ण देखभाल और परिणाम बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

**–अशोक कुमार,**
**पूर्व कुलपति कानपुर, गोरखपुर विश्वविद्यालय, विभागाध्यक्ष राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर**

# नशे की लत में जकड़ता युवा वर्ग



अविनाश जोशी

आज के आधुनिक युग में जहाँ विज्ञान और तकनीक ने अपार प्रगति की है, वहीं मानव जीवन अनेक सामाजिक बुराइयों से भी घिरता जा रहा है। इन्हीं समस्याओं में से एक गंभीर समस्या है– नशे की लत। भारत जैसे युवा राष्ट्र में नशे का बढ़ता प्रभाव चिंताजनक है। यह न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र की उन्नति में भी बाधक बनता है। नशे की लत व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक जीवन पर व्यापक दुष्प्रभाव डालती है। स्वास्थ्य की दृष्टि से यह अनेक रोगों जैसे कैंसर, हृदय विकार, लीवर रोग और मानसिक विकृतियों का कारण बनता है। मानसिक स्थिति कमजोर होने के कारण व्यक्ति अवसाद, चिंता और आत्महत्या जैसे खतरनाक कदम तक उठाने को मजबूर हो जाता है।

व्यक्तिगत स्तर पर नशा पारिवारिक कलह, आर्थिक संकट और सामाजिक बहिष्कार का कारण बनता है। कई बार नशे की आवश्यकता पूरी करने हेतु व्यक्ति अपराध की ओर अग्रसर हो जाता है। सामाजिक स्तर पर नशे के कारण अपराध दर में वृद्धि, सड़क दुर्घटनाएँ और युवाओं में नैतिक पतन देखने को मिलता है।

नशे की समस्या को जड़ से समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। सबसे पहले शिक्षा के स्तर पर नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता फैलानी चाहिए। विद्यालयों और महाविद्यालयों में विशेष अभियानों और कार्यशालाओं के माध्यम से छात्रों को सही मार्गदर्शन दिया जाना चाहिए। सरकार को नशीले पदार्थों की तस्करी और बिक्री पर कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। दोषियों को सख्त सजा दी जानी चाहिए ताकि यह दूसरों के लिए भी चेतावनी बने। साथ ही, पुनर्वास केंद्रों की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए ताकि जो लोग नशे के जाल में फँस चुके हैं, उन्हें पुनः सामान्य जीवन में लौटने का अवसर मिल सके।

नशे की लत से निजात पाने हेतु परिवार की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। नशे से मुक्ति न केवल व्यक्तिगत विकास का मार्ग प्रशस्त करती है, बल्कि राष्ट्र को भी सशक्त और प्रगतिशील बनाती है।

युवा किसी भी देश का भविष्य होते हैं। उनकी ऊर्जा, सपने और संघर्ष ही राष्ट्र को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाते हैं। परंतु जब यही युवा नशे की गिरफ्त में आ जाते हैं, तो न केवल उनका स्वयं का जीवन बर्बाद होता है, बल्कि देश की प्रगति भी बाधित होती है। आज आवश्यकता है कि युवा जागरूक बनें और नशे जैसी घातक प्रवृत्तियों से स्वयं को दूर रखें। वर्तमान समय में प्रतिस्पर्धा, असफलता का भय, पारिवारिक तनाव, गलत संगति और खाली समय के कारण युवा वर्ग नशे की ओर आकर्षित हो रहा है। प्रारंभ में मनोरंजन या तनावमुक्ति के लिए किया गया नशा धीरे–धीरे आदत और फिर लत बन जाता है, जो जीवन को विनाश की ओर ले जाता है।

युवाओं को सबसे पहले अपने जीवन का उद्देश्य स्पष्ट करना चाहिए। जब लक्ष्य निर्धारित हो और उस पर केंद्रित रहा जाए, तो नकारात्मक आदतें स्वतः दूर हो जाती हैं। अच्छे मित्रों का चयन भी नशे से बचने में मदद करता है, क्योंकि गलत संगति बहुत जल्दी बुरी आदतों की ओर ले जाती है।

स्वस्थ जीवनशैली अपनाना अत्यंत आवश्यक है। योग, ध्यान, खेलकूद और रचनात्मक गतिविधियाँ न केवल शरीर को स्वस्थ रखती हैं, बल्कि मन को भी सकारात्मक बनाए रखती हैं। युवाओं को चाहिए कि किसी भी प्रकार की तनावपूर्ण स्थिति में नशे का सहारा लेने की बजाय परिवारजनों या मित्रों से खुलकर चर्चा करें। साथ ही, नशे के दुष्परिणामों की सही जानकारी रखना भी आवश्यक है। जब युवा जानेंगे कि नशा किस प्रकार शरीर, दिमाग और रिश्तों को नष्ट करता है, तो वे उससे दूर रहने के लिए अधिक प्रेरित होंगे। 'ना' कहने का साहस और दृढ़ निश्चय भी नशे से बचाव का महत्वपूर्ण साधन है। युवाओं को अपने खाली समय का सदुपयोग करना आना चाहिए। संगीत, नृत्य, लेखन, चित्रकला जैसी कलाओं में रुचि लेकर वे स्वयं को रचनात्मक कार्यों में व्यस्त रख सकते हैं। इसके अतिरिक्त, सामाजिक कार्यों में भागीदारी से सेवा का भाव जागृत होता है और जीवन में सकारात्मकता आती है। आज का युवा यदि अपने लक्ष्यों के प्रति ईमानदार रहे, सही दिशा में प्रयत्नशील रहे और बुरी आदतों से सावधान रहे, तो नशे जैसी सामाजिक बुराई को जड़ से समाप्त कर सकता है। नशे से दूर रहना केवल व्यक्तिगत रक्षा नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में योगदान देना भी है। अतः प्रत्येक युवा को संकल्प लेना चाहिए– "स्वस्थ जीवन जिएँ, नशामुक्त भारत बनाएँ!"

आज के समय में नशे की लत युवाओं के बीच तेजी से बढ़ती जा रही है। युवावस्था ऊर्जा, उत्साह, और सपनों से भरी होती है, लेकिन जब यह उम्र नशे की गिरफ्त में आ जाती है, तो न केवल व्यक्तिगत जीवन प्रभावित होता है, बल्कि परिवार और समाज भी इसकी चपेट में आ जाते हैं। युवाओं को यह समझना चाहिए कि उनका भविष्य उनके हाथ में है। नशा केवल क्षणिक आनंद देता है, लेकिन जीवनभर का दुख बन सकता है। स्वच्छ, सकारात्मक और लक्ष्यपूर्ण जीवन जीने की प्रेरणा ही नशे से मुक्ति का सबसे बड़ा उपाय है।

आज के समय में, जब भौतिकता और उपभोक्तावाद का बोलबाला है, प्रतिष्ठा और सम्मान की परिभाषाएँ भी बदलती जा रही हैं। विशेषकर अमीर युवाओं के बीच, नशा करना एक नया 'प्रतिष्ठा चिन्ह' बनता जा रहा है। शराब, सिगरेट, ड्रग्स या अन्य नशीली वस्तुओं का सेवन उनके लिए सामाजिक रुतबे और आधुनिकता का प्रतीक बन गया है। यह प्रवृत्ति न केवल उनके स्वयं के जीवन को खतरे में डाल रही है, बल्कि पूरे समाज के मूल्यों को भी चोट पहुँचा रही है।

अमीर युवाओं के बीच यह धारणा बनती जा रही है कि महंगे क्लबों में शराब पीना, महंगी ड्रग्स का सेवन करना या फैशनेबल पार्टियों में नशे की हालत में दिखना एक उच्च सामाजिक स्तर की पहचान है। यह एक प्रकार की दिखावटी प्रतिष्ठा है, जो आंतरिक शक्ति या चरित्र नहीं, बल्कि बाहरी आडंबर पर आधारित है। सोशल मीडिया ने इस प्रवृत्ति को और बढ़ावा दिया है। इंस्टाग्राम, स्नैपचैट जैसी साइटों पर पार्टी करते हुए, शराब या हुक्का हाथ में लिए तस्वीरें डालना आज फैशन बन गया है। इससे अन्य युवा भी प्रेरित होते हैं और इस गलत धारणा को सही मानने लगते हैं।

**–अविनाश जोशी,**
**वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक**

# टिड्डियों को मारने के लिए 17 साल के इशान ने विशेष ड्रोन व एप बनाया

## मुंबई के रहने वाले 11वीं में पढ़ने वाले इशान बीकानेर पहुंचे, टिड्डी नियंत्रण विभाग के अधिकारियों के समक्ष अपनी तकनीकी बताई

**बीकानेर, (निसं)।** रेगिस्तानी इलाकों में हलकी नमी और हलकी बारिश के बाद टिड्डियों का खतरा बढ़ने लगता है। अगर टिड्डियों का झुंड आ गया तो वो 25 दिन में अपनी संख्या हजार गुना तक फैला लेती है। आम आदमी कई बार पहचान भी नहीं पाता कि ये टिड्डी है या ग्रास हॉपर। मगर मुंबई के 17 साल के इशान ने एक ऐसा एप और ड्रोन बनाया है, जिससे ना सिर्फ टिड्डी की पहचान होगी, बल्कि उसे लाखों हैक्टेयर में एक साथ मारा जा सकता है।

11वीं में पढ़ने वाले इशान बीकानेर पहुंचे। टिड्डी नियंत्रण विभाग के अधिकारियों के समक्ष उन्होंने अपनी तकनीकी बताई। इशान ने दो ड्रोन तैयार किए हैं। पहला ड्रोन 5 लीटर कैमिकल लेकर पांच हैक्टेयर में कुछ मिनटों में टिड्डी मार देगा। दूसरा तरीका ये है कि एक साथ 100 ड्रोन एक ही जगह से उड़ान भरेंगे। सबके पास 5 से 10 लीटर तक कैमिकल होगा और वे बिना टकराव के अपनी–अपनी सीमा में लाखों हैक्टेयर में फैली टिड्डियों को मार सकते हैं।

अच्छी बात ये है कि टिड्डियों को मारने के लिए कैमिकल की जगह नीम ऑयल का उपयोग किया जाएगा। नीम ऑयल से टिड्डी का नर्वस सिस्टम फेल हो जाता है। वो ना कुछ खा पाती है, ना उड़ पाती है। कुछ ही समय पहले इशान ने अंतरराष्ट्रीय रोबोटिक प्रदर्शन में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। ये ड्रोन खुद इशान ने तैयार किया, जो सिर्फ 70 हजार रुपए में बनकर तैयार हो सकता है। फिलहाल इशान के पास ऐसी तकनीकी है जिसमें सामने टिड्डी होने पर उसकी फोटो खीचकर एक एप के जरिए पहचान हो सकती है।

**■ ये ड्रोन खुद इशान ने तैयार किया, जो सिर्फ 70 हजार रुपए में बनकर तैयार हो सकता है**

फोटो डालते ही वो एप बता देगा कि ये कौन सी टिड्डी है और किस उम्र की है। झुंड में है या अकेली है। ये एप भी इशान ने खुद ही तैयार किया है। मगर अब वो ऐसी तकनीकी पर काम कर रहे जिससे एक महीने पहले ही ये पता लग जाएगा कि देश में कौन से हिस्से में टिड्डी दल का हमला हो सकता है। इससे प्रशासन और किसानों को बचाव की तैयारियों का समय मिल जाएगा।

इशान कहते हैं कि जब वे 9वीं कक्षा में थे तब से ही इसमें रुचि है। आने वाले वक्त में वे टिड्डी पर ऐसा काम करना चाहते है, जिससे भारत को किसी भी स्तर पर विदेशी टेक्नोलॉजी पर निर्भर ना रहना पड़े। उन्होंने कहा कि पश्चिमी राजस्थान और गुजरात के कच्छ इलाके टिड्डी को लेकर सेंसटिव इलाके हैं। टिड्डी ऑफिस के अधिकारी नवीन भार्गव समेत तमाम अधिकारी भी इशान से मिले।

# अंता विधायक की एसएलपी खारिज दो सप्ताह में सरेंडर करने के आदेश

- **सुप्रीम कोर्ट ने मीणा के आपराधिक इतिहास पर भी सवाल उठाया। अदालत ने कहा कि घटना के बाद याचिकाकर्ता कई साल तक फरार रहा और इसके चलते मामले की सुनवाई घटना के छह साल 2011 में आरंभ हो पाई।**
- **एसएलपी खारिज होने के बाद अब मीणा की विधायकी जाना लगभग तय हो गया है।**

**जयपुर।** सुप्रीम कोर्ट ने लोक सेवक पर हमला करने और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने से जुडे मामले में अंता विधायक कंवरलाल मीणा की विशेष अनुमति याचिका को खारिज कर दिया है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त कंवरलाल मीणा को दो सप्ताह में सरेंडर करने के आदेश दिए हैं। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस संजय करोल की खंडपीठ ने यह आदेश कंवरलाल मीणा की एसएलपी पर सुनवाई करते हुए दिए। सुनवाई के दौरान अदालत ने मीणा के आपराधिक इतिहास पर भी सवाल उठाया। अदालत ने कहा कि घटना के बाद याचिकाकर्ता कई साल तक फरार रहा और इसके चलते मामले की सुनवाई घटना के छह साल 2011 में आरंभ हो पाई। सुप्रीम कोर्ट से एसएलपी खारिज होने के बाद अब मीणा की विधायकी जाना लगभग तय हो गया है।

एसएलपी में राजस्थान हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें हाईकोर्ट ने मीणा को ट्रायल कोर्ट से मिली तीन साल की सजा को रद्द करने से मना कर दिया था। वहीं उन्हें ट्रायल कोर्ट के समक्ष तत्काल सरेंडर करने का निर्देश दिया था। एसएलपी में अधिवक्ता नमित सक्सेना ने कहा कि अभियोजन पक्ष के पास ठोस सबूत ही नहीं थे। कथित घटना में 300 से 400 लोग मौजूद थे, लेकिन इनमें से एक भी व्यक्ति से अभियोजन पक्ष के गवाह के तौर पर पूछताछ नहीं हुई। ट्रायल कोर्ट में भी किसी स्वतंत्र गवाह के बयान दर्ज नहीं कराए गए। इसके अलावा कथित रिवॉल्वर की कोई बरामदगी नहीं हुई है। इसलिए हाईकोर्ट और निचली अदालत के आदेशों को रद्द किया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने याचिका को खारिज करते हुए अभियुक्त को दो सप्ताह में सरेंडर करने को कहा है।

गौरतलब है कि अकलेरा के तत्कालीन एसडीओ रामनिवास मेहता ने 5 फरवरी, 2005 को स्थानीय कलेक्टर को पत्र लिखा कि 3 फरवरी को मनोहर थाना के पास गांव के लोक खाताखेडी के उपसरपंच के चुनाव का रिपोल कराने को लेकर रास्ता रोक रहे थे। इस दौरान वह और प्रशिक्षु आईपीएस सहित अन्य स्टाफ समझाइश कर रहा था। इतने में कंवरलाल अपने साथियों के साथ वहां आया और उसके सिर पर रिवाल्वर लगाकर दो मिनट में रिपोल की घोषणा नहीं करने पर जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान उसने विभाग की ओर से कराई गई वीडियोग्राफी की कैसेट भी तोडकर जला दी। कलेक्टर की ओर से इस पत्र को एसपी को भेजने के बाद 9 फरवरी को पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। एसीजेएम, मनोहर थाना ने 2 अप्रैल, 2018 को कंवरलाल को बरी कर दिया था। इसके खिलाफ परिवादी और राज्य सरकार की अपील पर एडीजे कोर्ट, अकलेरा ने 14 दिसंबर, 2020 को कंवरलाल को तीन साल की सजा के साथ 25 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। इसके खिलाफ पेश रिवीजन पर हाईकोर्ट ने 19 अक्टूबर, 2023 को सजा पर अंतरिम रोक लगा दी थी। वहीं गत दिनों अदालत ने मीणा की याचिका खारिज की थी। इसके खिलाफ पेश एसएलपी पर अदालत ने मीणा को अंतरिम राहत देते हुए सरेंडर करने पर छूट दी थी। वहीं अब अदालत ने एसएलपी को खारिज कर दिया है।

## संविधान बचाओ रैली स्थगित


**जयपुर।** जयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 8 मई 2025 को प्रस्तावित संविधान बचाओ रैली एवं सामाजिक न्याय हेतु जातिगत जनगणना के लिए जन जागरण अभियान का कार्यक्रम स्थगित किया जाता है।

उपरोक्त कार्यक्रम भारतीय सेना द्वारा आतंकवादियों के खिलाफ एयर स्ट्राइक करने पर उपजी परिस्थितियों के कारण युद्ध की संभावनाओं के मध्य नजर स्थगित किया गया है। हम सब भारत सरकार एवं भारतीय सेना के साथ हैं और जिस तरह सेना द्वारा ऑपरेशन को अंजाम दिया गया भारतीय सेना को हम सलूट करते हैं जटिल परिस्थितियों में आप द्वारा अदम्य साहस का परिचय देते हुए आतंकवादियों के ठिकानों को नेस्तनाबूत कर आतंकवादियों को मार गिराया गया है।

## एक हजार ग्राम पंचायतों में खुलेंगे बर्तन बैंक

**जयपुर।** प्लास्टिक के उपयोग को कम करने, पारंपरिक आयोजनों के लिए किफायती विकल्प प्रदान करने और समाज में एकजुटता को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार 'बर्तन बैंक योजना' के रूप में एक अभिनव पहल कर रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुरूप यह योजना न केवल प्रदेश बल्कि पूरे देश में एक सकारात्मक मॉडल के रूप में कार्य कर सकती है जो पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक समरसता की दिशा में एक नया मार्ग प्रशस्त करेगी।

# आमजन को सुरक्षा मानकों के बारे में किया जाए जागरूक : सी.एम.



**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को आयोजित होने वाली मॉक ड्रिल को लेकर केवड़िया, गुजरात से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उच्च अधिकारियों के साथ मंगलवार रात को बैठक ली।**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केन्द्रीय गृह मंत्रालय द्वारा प्रदत्त दिशा निर्देशों की पालना में आज को आयोजित होने वाली मॉक ड्रिल को लेकर केवड़िया, गुजरात से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उच्च अधिकारियों के साथ मंगलवार रात को बैठक ली।

इस दौरान मुख्यमंत्री शर्मा ने अधिकारियों को गृह मंत्रालय की गाइडलाइन के अनुसार समन्वय स्थापित करने, आपदा प्रतिक्रिया प्रणाली को सुदृढ़ करने एवं नागरिक सुरक्षा प्रोटोकॉल का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा ही सभी संचार माध्यमों एवं सायरनो को दुरुस्त किया जाकर संचार प्रणाली का सुदृढ़ीकरण सुनिश्चित किया जाए। शर्मा ने कहा कि मॉक ड्रिल के संबंध में आमजन को जागरूक किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिला प्रभारी सचिव और जिला कलेक्टर्स मॉक ड्रिल का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करें। साथ ही, शर्मा ने आवासीय, बहुमंजिला इमारतों और सीमावर्ती क्षेत्रों के संबंध में मॉक ड्रिल की व्यवस्था के बारे में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

वीडियो कॉन्फ्रेंस में मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह सचिव आनंद कुमार, पुलिस महानिदेशक यूआर साहू सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने मुख्य सचिव से की मुलाकात



**भारतीय प्रशासनिक सेवा-2024 बैच के 14 प्रशिक्षु अधिकारियों ने बुधवार को शासन सचिवालय में मुख्य सचिव सुधांश पंत से मुलाकात की।**

**जयपुर।** मुख्य सचिव सुधांश पंत ने प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि भारतीय प्रशासनिक सेवा आपको राष्ट्र की सेवा करने का अवसर देती है। प्रशासनिक अधिकारियों को मेहनत, सकारात्मक दृष्टिकोण, संवेदनशीलता एवं पूर्ण ईमानदारी के साथ कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आमजन की मदद करना आपकी प्राथमिकता होनी चाहिए।

भारतीय प्रशासनिक सेवा-2024 बैच के 14 प्रशिक्षु अधिकारियों ने बुधवार को शासन सचिवालय में मुख्य सचिव सुधांश पंत से मुलाकात की। पंत ने प्रशिक्षु अधिकारियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। संवाद के दौरान उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ अपनी ट्रेनिंग से जुड़े अनुभव भी साझा किए।

मुख्य सचिव ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों को निरंतर सीखने की जिज्ञासा बनाए रखनी चाहिए। जनसाधारण के जीवन को अधिक सहज और समृद्ध बनाने के लिए उन्हें निरंतर नई संभावनाओं और नवाचारों के लिए तत्पर रहना चाहिए। पंत ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान अपनी अवलोकन क्षमता से प्रशासनिक दक्षता प्राप्त करें, अभी आप जो सीखते हैं वह जीवन भर आपके काम आता है। उन्होंने आमजन की सेवा के लिए लोगों से अधिक से अधिक जुड़ने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि ईश्वर ने आपको प्रदेश के विकास में योगदान देने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान किया है। इसे ईमानदारी और प्रतिबद्धता से सिद्ध करें।

इस अवसर पर अतिरिक्त महानिदेशक, एच.सी.एम. रीपा, शैली किशनानी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## 'अभ्यर्थी 11 तक दें उपस्थिति'

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के तहत मुख्य मेरिट सूची में चयनित अभ्यर्थियों को 11 मई तक अपनी उपस्थिति कोचिंग संस्थानों में देनी होगी।

# 'अपील की सुनवाई से पहले 1 करोड़ 63 लाख 29 हजार 450 रुपये जमा कराओ'

## राजस्थान रियल स्टेट अपीलेट ट्रिब्यूनल ने पलेशिया अपार्टमेंट के बिल्डर/निर्माता कंपनी "ओम मेटल्स कन्सोटियम प्रा.लि." को आदेश यह आदेश दिये हैं

- **इस मामले में रेरा कोर्ट ने आदेश दिये थे कि सितम्बर 2016 से 23 मई 2023 तक हर माह 10.60 प्रतिशत की दर पर कंपनी "फ्लैट" मालिक को ब्याज अदा करे और तुरंत ही "फ्लैट" मालिक को कब्जा सौंपे।**
- **अपीलार्थी कंपनी का कहना था कि उसके द्वारा पूरी कोशिश की गई कि वह समय पर "फ्लैट" उसके मालिक को सौंपा जा सके, परंतु कुछ आकस्मिक कारणों की वजह से भी वह "फ्लैट" मालिक को समय पर कब्जा नहीं दे पाया। जैसा कि विदित है कि वर्ष 2020-21 में कोविड महामारी ने पूरी दुनिया को जकड़ रखा था और इस वजह से कई लॉक डाउन भी लगाने पड़े थे**
- **अदालत ने इस तर्क को भी दरकिनार कर दिया क्योंकि बिल्डर कंपनी कोविड महामारी से पूर्व ही "फ्लैट" मालिक को कब्जा सौंप देना चाहिये था और सुप्रीम कोर्ट की भी कुछ निर्णय था जिनमें बिल्डरों को ब्याज की राशि अपील संबंधी अदालत में जमा करने के प्रावधान में कोई राहत नहीं दी गई थी।**

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान रियल स्टेट अपीलेट ट्रिब्यूनल ने स्टेच्यू सर्किल के समीप निर्मित पलेशिया अपार्टमेंट के बिल्डर व निर्माण करने वाली कंपनी "ओम मेटल्स कन्सोटियम प्रा.लि." को आदेश दिये हैं कि अदालत उक्त कंपनी की अपील तभी सुन सकेगी जब रेरा कोर्ट के द्वारा दिये गये आदेश के अनुसार उक्त कंपनी पलेशिया में फ्लैट खरीदार को देर से "फ्लैट" सौंपने पर लगाई गई पेनल्टी (जिसकी कुल राशि 1 करोड़ 63 लाख 29 हजार 450 रुपये) को अदालत में जमा नहीं करता।

इस मामले में रेरा अदालत ने "फ्लैट" मालिक शरद भंडारी के पक्ष में फैसला सुनाते हुए कहा था कि ओम मेटल्स कन्सोटियम प्रा.लि. ने समय पर "फ्लैट" मालिक को कब्जा नहीं दिया। इसके चलते रेरा ने आदेश दिये थे सितम्बर 2016 से 23 मई 2023 तक हर माह 10.60 प्रतिशत की दर पर कंपनी "फ्लैट" मालिक को ब्याज अदा करे और तुरंत ही "फ्लैट" मालिक को कब्जा सौंपे। नियमानुसार ऐसे मामलों में अगर कंपनी/बिल्डर अपील दायर करती है तो उसकी अपील सुने जाने से पहले ब्याज की पूरी राशि अदालत में जमा करनी होती है। इस मामले में याचिकाकर्ता शरद भंडारी की ओर से अधिवक्ता सिद्धार्थ रांका पैरवी के लिये पेश हुए।

इस मामले के तथ्य के अनुसार अपीलार्थी कंपनी "ओम मेटल्स कन्सोटियम प्रा.लि." का कहना था कि उसके द्वारा पूरी कोशिश की गई कि वह समय पर "फ्लैट" उसके मालिक को सौंपा जा सके। उन्होंने अदालत को कहा कि कंपनी को को 20 जुलाई 2021 को कंपलीशन सर्टिफिकेट दे दिया था और 28 अप्रेल 2022 को ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट दे दिया था। इसके बावजूद "फ्लैट" मालिक ने 23 जून 2023 तक कब्जा नहीं लिये और सेल डीड भी क्रियान्वित नहीं किया। अपीलार्थी कंपनी का कहना था कि "फ्लैट" का कब्जा लेने में स्वयं "फ्लैट" मालिक ने देरी की है, जिसके कारण कंपनी को दंडित नहीं किया जाना चाहिये।

इसके विरोध में "फ्लैट" मालिक की ओर से कहा गया कि रेरा ने बिल्डर को ब्याज देने का दंड इसलिये दिया है क्योंकि रेरा कानून उन बिल्डरों व कंपनियों को दंड देना चाहती है जो समय पर "फ्लैट" का मालिकाना हक और कब्जा निवेशकों को नहीं देती है। अधिवक्ता सिद्धार्थ रांका का कहना था कि बिल्डर कंपनी अपील दायर करने से पूर्व बड़े ही मनगढ़ंत और अस्पष्ट कारण देकर ब्याज की राशि अदालत में अदा नहीं करना चाहती और इस कारण रेरा कानून की नींव पर ही निशाना साध रहे हैं बिना कानून को चुनौती दिये।

अपीलार्थी बिल्डर कंपनी की ओर से यह भी तर्क देने की कोशिश की गई कि कुछ आकस्मिक कारणों की वजह से भी वह "फ्लैट" मालिक को समय पर कब्जा नहीं दे पाया। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2020-21 में पूरे विश्व में कोविड महामारी का प्रकोप फैला हुआ था जिस वजह से भारत में भी कई बार लॉक डाउन लगाया गया। हालांकि अदालत ने इस तर्क को भी दरकिनार कर दिया क्योंकि बिल्डर कंपनी कोविड महामारी से पूर्व ही "फ्लैट" मालिक को कब्जा सौंप देना चाहिये था और सुप्रीम कोर्ट की भी कुछ निर्णय था जिनमें बिल्डरों को ब्याज की राशि अपील संबंधी अदालत में जमा करने के प्रावधान में कोई राहत नहीं दी गई थी।

इस मामले में अपीलार्थी कंपनी द्वारा अदालत में ब्जाय की आधी राशि 81 लाख 64 हजार 725 रुपये सुनवाई से पूर्व जमा कर दिये थे, परंतु अदालत ने यह आदेश दिये हैं कि वे शेष बची आधी राशि भी अदालत में जमा कराये। इस मामले की अगली सुनवाई 1 जुलाई को है।

# पीएम मोदी पर जातिगत टिप्पणी को लेकर राहुल गांधी के खिलाफ पेश परिवाद खारिज

**जयपुर।** न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम-11, महानगर द्वितीय ने पीएम नरेंद्र मोदी पर जातिगत टिप्पणी करने को लेकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ पेश परिवाद को खारिज कर दिया है। पीठासीन अधिकारी दीक्षा सूद ने अपने आदेश में कहा कि अदालत न तो किसी की जाति और गोत्र निर्धारित करने का क्षेत्राधिकार अदालत को नहीं है और ना ही अदालत इसके लिए उचित मंच है।

परिवाद में कहा गया की उसने गत वर्ष 9 फरवरी को अखबार में पढा की राहुल गांधी की भारत जोडा न्याय यात्रा छत्तीसगढ़ पहुंची है। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी जन्म से ओबीसी वर्ग के नहीं है। गुजरात की भाजपा सरकार ने मोदी को ओबीसी बनाया है और वे पिछडों के हक और हिस्सेदारी के साथ न्याय नहीं कर सकते। परिवाद में कहा गया की राहुल गांधी का सार्वजनिक तौर पर दिया ऐसा बयान भारतीय नागरिकों के विभिन्न वर्गों और समुदाय के प्रति अपराध करने के लिए उकसाने के लिए दिया गया है। यह बयान देश में अशांति पैदा करने वाला व देश की सुरक्षा को खतरे में डालने के साथ ही देश की अखंडता के खिलाफ भी है। परिवाद में यह भी कहा गया कि सार्वजनिक तौर पर राहुल गांधी खुद को कश्मीरी कौल पंडित बताते हैं, जबकि उनके दादाजी फिरोज गांधी गैर हिन्दू परिवार के थे। अदालत पूर्व में कई फैसलों में कह चुकी है कि पिता की जाति ही उसे बच्चे की जाति होगी। जाति जन्म से होती है और उसे बदला नहीं जा सकता। ऐसे में उन्होंने खुद की जाति छिपाकर बयान दिया है। जिससे परिवादी की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। परिवादी ने मामले में शास्त्री नगर थाना पुलिस को शिकायत दी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसलिए मामले में कानून कार्रवाई की जाए।

## अलंकरण समारोह आज

**जयपुर।** सीआईडी अपराध शाखा के 195 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को गुरुवार को आयोजित अलंकरण समारोह होगा। 195 अधिकारियों व कार्मिकों को सम्मानित किया जायेगा।

# भारतीय सेना ने पहलगाम आतंकी हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया : राजेन्द्र राठौड़

**जयपुर।** विधानसभा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने आज पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान पर किए गए कड़े प्रहार पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि आज 140 करोड़ देशवासियों का सीना गर्व से फूला हुआ है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के ठीक 15 दिन बाद देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में हमारी भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर एक के बाद एक हमले कर उन्हें नेस्तनाबूद कर दिया है। हमारी भारतीय सेना ने पाकिस्तान के घर में घुसकर पहलगाम आतंकी हमले का उसे मुंहतोड़ जवाब दिया है। उसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। हमारे वीर जवानों और भारतीय सेना पर हमें गर्व है।

राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि भारत ने आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति को अपनाते हुए आतंकवाद को समाप्त करने के लिए लश्कर ए तोयबा, हिजबुल मुजाहिद्दीन और जैश ए मोहम्मद के 9 आतंकवादी ठिकानों को तबाह कर दिया गया है। इसी क्रम में आज राजस्थान के 28 स्थानों पर दोपहर 3.30 बजे से मॉकड्रिल और रात 8 बजे ब्लैक आउट की रिहर्सल का कार्यक्रम रखा गया है।

# भारतीय ज्ञान प्रणाली पर हो रहे कार्यों के प्रकाशन और प्रसार के लिए परियोजना शुरू होगी : आचार्य बालकृष्ण



**समझौता ज्ञापन पर पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य बालकृष्ण तथा भारतीय ज्ञान प्रणाली की कार्यान्वयन समिति वकार्यकारी समिति के अध्यक्ष प्रो. अनिल सहस्त्रबुद्धि ने हस्ताक्षर किए।**

- **पतंजलि विश्वविद्यालय व पतंजलि रिसर्च फाउण्डेशन एवं भारतीय ज्ञान प्रणाली प्रभाग, शिक्षा मंत्रालय,भारत सरकार के मध्य परस्पर सहयोग एवं शैक्षणिक समन्वय हेतु एक एमओयू**

**हरिद्वार।** भारत के प्राचीन गौरवमयी ज्ञान परम्परा के संरक्षण के लिए संकल्पित सर्वश्रेष्ठ शोध संस्थान पतंजलि विश्वविद्यालय व पतंजलि रिसर्च फाउण्डेशन (पीआरएफ) एवं भारतीय ज्ञान प्रणाली प्रभाग, शिक्षा मंत्रालय,भारत सरकार के मध्य परस्पर सहयोग एवं शैक्षणिक समन्वय हेतु एक एमओयू (समझौता ज्ञापन) पर हस्ताक्षर हुए। समझौता ज्ञापन पर पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य बालकृष्ण तथा भारतीय ज्ञान प्रणाली की कार्यान्वयन समिति वकार्यकारी समिति के अध्यक्ष प्रो. अनिल सहस्त्रबुद्धि ने हस्ताक्षर किए।

कार्यक्रम में आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि उक्त एमओयू के माध्यम से आईकेएस प्रभाग के अंतर्गत विविध विषयों पर अनुसंधान, प्रशिक्षण, कार्यशाला व सम्मेलन आदि के आयोजन हेतु पतंजलि विश्वविद्यालय को आईकेएस केंद्र के रूप में मान्यता दी जा सकेगी। साथ ही पतंजलि विश्वविद्यालय और इसके संबद्ध शोध संस्थान पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन द्वारा भारतीय ज्ञान प्रणाली पर किए जा रहे विद्वत्तापूर्ण कार्यों के प्रकाशन और प्रसार के लिए एक संयुक्त परियोजना भी प्रारंभ की जा सकेगी।

आचार्य ने कहा कि पतंजलि विश्वविद्यालय और पीआरएफटी इस कार्य के निष्पादन में अपनी वैज्ञानिक जनशक्ति का प्रयोग करेंगे। आईकेएस प्रभाग भारतीय इतिहास को समर्पित एक संग्रहालय की स्थापना पर पतंजलि विश्वविद्यालय, आईकेएस केंद्र के साथ मिलकर काम करेगा, जिसमें न केवल पुरातात्विक कलाकृतियाँ शामिल होंगी,बल्कि ऐतिहासिक ज्ञान, वैज्ञानिक साक्ष्य और भारतीय ज्ञान प्रणाली का व्यापक प्रतिनिधित्व भी होगा। उन्होंने कहा कि पतंजलि विश्वविद्यालय भारत के प्राचीन ज्ञान और ज्ञान के दस्तावेजीकरण और संरक्षण पर आईकेएस प्रभाग की परियोजनाओं में सहयोग करेगा, जिसमें अनुष्ठान, संगीत, पांडुलिपियां, प्राचीन सभ्यता, सामाजिक-आर्थिक पहलू, भाषाएं, चिकित्सा और उपचार पद्धितयां, शासन पद्धतियां, रक्षा प्रणाली, प्राकृतिक आपदाओं- बाढ़, सूखा आदि से निपटने के लिए स्वदेशी तरीके शामिल हैं। साथ ही आईकेएस प्रभाग के सहयोग से पतंजलि विश्वविद्यालय और पीआरएफटी द्वारा किए जा रहे शोध से संबंधित दस्तावेजीकरण, पांडुलिपियां, कला से संबंधित पुरातात्विक साक्ष्य, वस्तुएं और अन्य ऐतिहासिक साक्ष्यों को संरक्षित किया जाएगा। पतंजलि विश्वविद्यालय आईकेएस प्रभाग से पूर्व सहमति और अनुमोदन के साथ भारतीय ज्ञान प्रणाली के आधार पर ऑनलाइन प्रमाणन पाठ्यक्रम या व्यावसायिक पाठ्यक्रम भी विकसित करेगा।

इस अवसर पर प्रो. सहस्त्रबुद्धि ने कहा कि आईकेएस प्रभाग इतिहास, भारतीय दर्शन आदि के अनुशासन के भीतर भारतीय ज्ञान प्रणाली को आगे बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक साक्ष्य पर आधारित अनुसंधान में पतंजलि विश्वविद्यालय के साथ सहयोग करेगा। उन्होंने बताया कि आईकेएस प्रभाग पतंजलि विश्वविद्यालय के साथ मिलकर इतिहास-केंद्रित वैज्ञानिक प्रयोगशाला विकसित करेगा, जिसमें भारतीय दर्शन, इतिहास और ज्ञान प्रणालियों के मूलभूत सिद्धांतों का पता लगाने और उनकी व्याख्या करने के लिए उन्नत तकनीक का उपयोग करेगा। साथ ही आईकेएस प्रभाग शोध कार्यों के लिए आवश्यक अनुमति प्राप्त करने हेतु अन्य मंत्रालयों के साथ संपर्क में मदद करेगा।

कार्यक्रम में आईकेएस प्रभाग के राष्ट्रीय समन्वयक प्रो. जी. सूर्यनारायण मूर्ति, पतंजलि विश्वविद्यालय के प्रति-कुलपति डॉ. मयंक अग्रवाल,पतंजलि हर्बल रिसर्च डिविजन की प्रमुख डॉ. वेदप्रिया आर्या व अन्य उपस्थित रहे।

## कॉनफैड की बेशकीमती जमीन को कब्जा मुक्त कराया

**जयपुर।** राजस्थान राज्य सहकारी उपभोक्ता संघ (कॉनफैड) की बेशकीमती जमीन को कब्जा मुक्त करवाया गया है। न्यायालय का निर्णय कॉनफैड के पक्ष में आने के बाद नगर निगम ग्रेटर, जयपुर द्वारा यह कार्यवाही की गई है।

कॉनफैड की प्रशासक एवं रजिस्ट्रार सहकारी समितियां मंजू राजपाल ने बताया कि राजापार्क के पंचवटी सर्किल स्थित राजस्थान राज्य सहकारी उपभोक्ता संघ के भूखण्ड पर विगत कई वर्षों से कब्जा था तथा इस सम्बन्ध में वाद न्यायालय में विचाराधीन था। कुछ माह पूर्व हुई कॉनफैड की 39वीं वार्षिक आम सभा में प्रकरण की प्रभावी पैरवी कर निस्तारण करवाने तथा कब्जा हटवाने का निर्देश दिए गए थे।

## 'आतंकवाद को जड़ से समाप्त करने की आवश्यकता'

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने राष्ट्र रक्षा के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय सेना द्वारा आतंकवादी ठिकानों पर किये गये हमले का कदम सराहनीय है। प्रधानमंत्री और भारतीय सेना का इस कार्य के लिए पूरा राष्ट्र अभिनन्दन कर रहा है। देवनानी ने कहा कि आतंकवादी कैम्प को भारतीय सेना ने हमलों से नेस्तनाबूद किया है। देवनानी ने कहा कि आतंकवाद को जड से समाप्त करने के लिए ऑपरेशन सिन्दूर जैसे अभियान चलाए जाने की आवश्यकता है।

# "ऑपरेशन सिंदूर" के बाद जैसलमेर स्टेशन पर हाई अलर्ट

## 'हाई अलर्ट के दौरान उत्तर-पश्चिम रेलवे के सभी कार्मिकों की छुट्टियां रद्द कर दी है'

**जैसलमेर,** (निसं)। "ऑपरेशन सिंदूर" के बाद जैसलमेर में हाई अलर्ट को लेकर रेलवे स्टेशन पर रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स व गवर्नमेंट रेलवे पुलिस अलर्ट मोड पर है। दोनों की तरफ से सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। वहीं हर आने जाने वाले यात्रियों की चेकिंग की जा रही है। जैसलमेर के रेलवे स्टेशन पर संदिग्धों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

रेलवे सुपरिटेडेंट जैसलमेर पंकज झा ने बताया कि हम अलर्ट हैं और हर परिस्थिति को हैंडल करने के लिए तैयार हैं। वहीं हाई अलर्ट के दौरान उत्तर-पश्चिम रेलवे के सभी कार्मिकों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। सभी को तत्काल ड्यूटी पर लौटने के आदेश जारी हुए हैं।

गौरतलब है कि "ऑपरेशन सिंदूर" के बाद जैसलमेर हाई अलर्ट पर है। इसको लेकर सभी जगह सिक्योरिटी बढ़ा दी है। इसके तहत रेलवे स्टेशन पर भी सुरक्षा को हाई अलर्ट पर रखा गया है। रेलवे सुपरिटेंडेंट जैसलमेर पंकज झा के नेतृत्व में व जीआरपी के अधिकारी व जवान रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा उपकरणों व हथियारों के साथ चेकिंग अभियान चला रहे हैं। हर आने-जाने वाले यात्री की चेकिंग हो रही है। इसके साथ ही उनके सामान की भी गहन जांच की जा रही है ताकि कोई भी संदिग्ध नहीं पहुंचे।

- **रेलवे स्टेशन पर रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स व गवर्नमेंट रेलवे पुलिस द्वारा हर आने-जाने वाले यात्रियों की चेकिंग की जा रही है**

गौरतलब है कि मौजूदा हालात को देखते हुए उत्तर-पश्चिम रेलवे ने अपने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं। एनडब्ल्यूआर के महाप्रबंधक की ओर से सभी अधीनस्थ डीआरएम व अन्य विभागों के अधिकारियों को इस संबंध में सूचना दी है। इसी की पालना में जोधपुर मंडल ने भी अपने अधिकारियों और कर्मचारियों को, जिनकी पूर्व में छुट्टियां स्वीकृत हो चुकी हैं, उन्हें भी कैंसिल करने की जानकारी देते हुए तत्काल प्रभाव से ड्यूटी पर लौटने के आदेश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि हवाई सेवाएं रद्द होने का सीधा असर रेल सेवाओं पर यात्री भार बढ़ने के रूप में पड़ेगा। इसी को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

## बीकानेर एयरपोर्ट से इंडिगो ने फ्लाइट रद्द की

**बीकानेर,** (निसं)। भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव के चलते इंडिगो ने बीकानेर से उड़ने वाली बुधवार की फ्लाइट्स रद्द कर दी। न तो दिल्ली और जयपुर से कोई फ्लाइट यहां आएगी और न कोई फ्लाइट यहां से उड़ेगी। बुधवार को इंडिगो की फ्लाइट चलती है, जिसे कंपनी ने वर्तमान हालात को देखते हुए रद्द कर दिया है।

एयरपोर्ट सूत्रों का कहना है कि इस बारे में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि आगामी आदेश तक बीकानेर से दिल्ली और जयपुर के लिए कोई सवारी फ्लाइट नहीं उड़ेगी। बुधवार को इंडिगो ने अपनी फ्लाइट स्थगित की है और गुरुवार को भी ये रद्द हो सकती है। इस संबंध में आदेश अभी जारी होने हैं, जबकि बुधवार के आदेश हो चुके हैं।

जानकारी के अनुसार बीकानेर एयरपोर्ट इंडियन एयरफोर्स की पट्टी पर ही बना हुआ है। सामान्य दिनों में इस हवाई पट्टी का उपयोग सिविल उड़ान के लिए हो सकता है लेकिन वर्तमान में भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव के चलते इसे रद्द कर दिया गया है। आशंका जताई जा रही है कि जब तक दोनों देशों के बीच स्थिति सामान्य नहीं होगी, तब तक फ्लाइट का संचालन नहीं होगा। हालांकि इस बारे में कोई अधिकारिक बयान विमान पतन मुख्यालय की ओर से जारी नहीं किया गया है।

## किशनगढ़ एयरपोर्ट तीन दिन के लिए बंद

**अजमेर,** (निसं)। ऑपरेशन सिंदूर के बाद किशनगढ़ हाई अलर्ट पर है। किशनगढ़ हवाई अड्डे से बुधवार से अगले तीन दिन तक सभी नागरिक उड़ानों का संचालन अस्थाई रूप से बंद कर दिया गया है। इस दौरान आम नागरिकों की एयरपोर्ट पर आवाजाही पर रोक रहेगी। एयरपोर्ट प्रशासन ने बताया कि यह निर्णय सुरक्षा कानून को ध्यान में रखते हुए लिया गया है और सभी उड़ानें अब 10 मई की सुबह 5:30 बजे तक स्थगित रहेगी। इस दौरान एयरपोर्ट से कोई भी सिविल फ्लाइट न तो उड़ान भरेगी और न ही वहां उतरेगी। बुधवार सुबह स्टार एयरलाइंस ने एक एडवाइजरी जारी कर हिंडौन के लिए उड़ान रद्द करने की जानकारी दी थी। उसके बाद कंपनी के प्रतिनिधि ने बताया कि सुरक्षा कारणों से स्टार एयर की नांदेड़, हिंडन, आदमपुर, किशनगढ़ और भुज के लिए संचालित सभी उड़ानें बुधवार के दिन के लिए रद्द कर दी गई है। इसके बाद एयरपोर्ट प्रशासन ने एयरड्रोम क्लोजर नॉटम के अनुसार तीन दिन के लिए सभी नागरिक उड़ानों को अस्थाई रूप से बंद करने की घोषणा की। इसमें अवन्या एविएशन की उड़ानों पर भी रोक लगाई गई है। सैन्य उड़ानों के लिए एयरपोर्ट को अलर्ट मोड पर रखा गया है।

# प्रशासन ने पचपदरा रिफाइनरी में मॉक ड्रिल कर पूर्वाभ्यास किया



**जिला कलेक्टर सुशील कुमार यादव एवं एसपी हरीशंकर ने मौके पर पहुंचकर मॉक ड्रिल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया।**

**बालोतरा,** (निसं)। जिले में आपातकालीन स्थिति में बचाव, राहत एवं आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु पचपदरा रिफाइनरी में मॉक ड्रिल कर पूर्वाभ्यास किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल सिंह एवं उपखण्ड अधिकारी अशोक कुमार के नेतृत्व में रिफाइनरी क्षेत्र में एल एण्ड टी की साइट पर आगजनी की आपातकालीन स्थिति में विभिन्न विभागों की प्रतिक्रिया और समन्वय कर मॉक ड्रिल की गई। जिला कलेक्टर सुशील कुमार यादव एवं पुलिस अधीक्षक हरीशंकर ने मौके पर पहुंचकर मॉक ड्रिल की कार्यवाही एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया।

जिला कलेक्टर सुशील कुमार यादव ने बताया कि भारत सरकार के निर्देशों की पालना में आयोजित मॉक ड्रिल के तहत बुधवार अपराह्न चार बजे नियंत्रण कक्ष से रिफाइनरी क्षेत्र की एल एण्ड टी की साइट पर आगजनी की सूचना प्रसारित कराई गई तथा सायरन बजाकर कार्मिकों को इस संबंध में सूचित किया गया। सूचना मिलते ही तुरन्त जिला प्रशासन, पुलिस, चिकित्सा दल, अग्निशमन, एम्बुलेंस, सिविल डिफेंस, नगर निगमकर्मी दल सहित अन्य संबंधित विभागों की टीमों ने मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव के लिए रेस्क्यू अभियान तुरन्त प्रारम्भ किया। मॉक ड्रिल के दौरान एल एण्ड टी की साइट को खाली कराने व वहां लगी आग को बुझाने की त्वरित कार्यवाही कर संबंधित दलों द्वारा वहां पर मिले घायलों को तुरन्त रेस्क्यू कर उपचार हेतु चिकित्सालय में एम्बुलेंस के माध्यम से भिजवाने की कार्यवाही की गई। साथ ही परिसर को सेनेटाइज करने, राहत व बचाव कार्य करने तथा रिस्पांस टाइम पर उपकरण सही तरीके से करें आदि तैयारियों समीक्षा की गई। उन्होंने बताया कि आपातकालीन स्थिति में हॉटलाइन/रेडियो लिंक, नियंत्रण कक्षों की कार्यप्रणाली, ब्लैकआउट तैयारी, मेडिकल, रसद और अग्निशमन व्यवस्था जैसी व्यवस्थाओं का अभ्यास इस ड्रिल में किया गया। इस अवसर रिफाइनरी के अधिकारी एवं कर्मचारी, प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी, होमगार्ड तथा नागरिक सुरक्षा के जवानों ने उपस्थित रहकर मॉक ड्रिल में भाग लिया।

- **रिफाइनरी क्षेत्र में एल एण्ड टी की साइट पर राहत, बचाव व सुरक्षा व्यवस्था के उपायों को परखा**

## सड़क हादसे में साले की मौत, जीजा घायल

**उदयपुर,** (कासं)। डबोक थाना क्षेत्र में डंपर ने बाइक को कुचल दिया। हादसे में साले की मौत हो गई तथा जीजा घायल हो गया।

प्रकरण के अनुसार डबोक थाना क्षेत्र एयरपोर्ट के समीप कोटा कचोरी कट के समीप चित्तौड़ से उदयपुर की तरफ आ रहे टेंकर ने बाइक को चपेट में ले लिया। हादसे में बाइक सवार जिंक काम्प्लेक्स निवासी मोहनलाल पुत्र नारायणलाल शर्मा की मौत हो गई तथा उसका जीजा जिंक कॉम्पलेक्स निवासी चंपालाल पुत्र गोरधन शर्मा घायल हो गया, जिसे एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। चम्पालाल अपने साले के साथ भीण्डर के हींता गांव से शादी समारोह में भाग लेकर बाइक पर लौट रहा था। बीच रास्ते में चित्तौड़ से उदयपुर की तरफ आ रहे टेंकर ने बाइक को कुचल दिया था। हेड कांस्टेबल भुपेन्द्रसिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। मोहनलाल रिटायर्ड जेलर था।

**प्रसव के बाद महिला की मौत** : उदयपुर शहर के अम्बामाता थाना क्षेत्र में प्रसव के बाद तबीयत खराब होने से महिला की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार झल्लारा निवासी रंजना पुत्री गंभीरसिंह ने अंबामाता थाना क्षेत्र स्थित अरावली चिकित्सालय में बच्चे को जन्म दिया। कुछ समय बाद तबीयत खराब होने पर उसकी मौत हो गई। अंबामाता थाना एएसआई नरेन्द्र सिंह ने ससुराल एवं पीहर पक्ष की मौजूदगी में मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

# बीकानेर में ज्वैलरी शॉप में सिलेण्डर में ब्लास्ट, चार लोगों की मौत

- **10 से 12 लोगों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया, कुछ लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका, पुलिस और स्थानीय लोग रेस्क्यू में जुटे**
- **दो फ्लोर के बेसमेंट वाली दुकान की छत धमाके से गिर गई, सामान सड़क तक उड़कर आ गया**

**बीकानेर,** (निसं)। यहां मथुरा मार्केट में बुधवार दोपहर एक ज्वैलरी शॉप में एलपीजी सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया। दो फ्लोर के बेसमेंट वाली इस दुकान की छत धमाके से गिर गई है। इस भीषण हादसे में चार लोगों की मौत हो गई है, जबकि 10 से 12 लोगों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सिटी कोतवाली के पास स्थित मथुरा मार्केट में हुआ यह ब्लास्ट इतना भीषण था कि दुकान में रखा सामान सड़क तक उड़कर आ गया। कुछ लोगों के अभी भी मलबे में फंसे होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस और स्थानीय लोग लगातार रेस्क्यू कार्य में जुटे हैं।

जानकारी के अनुसार, मथुरा मार्केट में स्थित इस बिल्डिंग में कई छोटी-छोटी शॉप हैं, जहां सोने-चांदी के गहने बनाए जाते हैं। इन शॉप में एलपीजी गैस सिलेंडर का उपयोग किया जाता है। घटना के समय कई लोग अंडरग्राउंड में काम कर रहे थे। अब तक 10 से 12 लोगों को बचाया जा चुका है, लेकिन अभी भी कुछ लोगों के अंदर फंसे होने की आशंका जताई जा रही है।

जांच में सामने आया है कि यह बिल्डिंग अवैध रूप से निर्मित की गई है। शॉप के नीचे दो फ्लोर का बेसमेंट है, जहां सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं हैं। एक साथ बड़ी संख्या में मजदूर छोटी जगह में काम करते हैं, जो सुरक्षा की दृष्टि से चिंताजनक है। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सिंह सागर भी घटनास्थल का जायजा लेने पहुंचे।

नगर निगम बीकानेर के उपायुक्त यशपाल आहूजा ने बताया कि बिल्डिंग ब्लास्ट की सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आ गया। 5 लोगों का रेस्क्यू किया जा चुका है। हादसे में खर लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जिनमें 3 की पहचान सलमान, असलम और सचिन सोनी के रूप में हुई है। तीनों ज्वेलरी का काम करते थे। वहीं छह लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सुरक्षा के दृष्टिगत आसपास के मकानों को खाली कराया गया है। हादसे के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

## अलवर में 117 बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

### अधिकतर गिरफ्तार किए गए लोग ईट-भट्टों पर कार्यरत थे

**अलवर,** (निसं)। अलवर पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में राजगढ़, बगड़ तिराहा और मालाखेड़ा क्षेत्र से 117 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद गृह विभाग के निर्देश पर की गई छापेमारी में ये गिरफ्तारियां हुई हैं। अलवर के पुलिस अधीक्षक संजीव नैन के अनुसार, अधिकतर गिरफ्तार किए गए लोग स्थानीय ईंट भट्टों पर कार्यरत थे।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तेजपाल सिंह ने बताया कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद उच्च अधिकारियों के निर्देश पर अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान और पड़ताल की गई। उन्होंने बताया कि ये सभी लोग कई वर्षों से भारत में अवैध रूप से निवास कर रहे थे। फिलहाल इन सभी को विभिन्न थानों में रखा गया है और जल्द ही इन्हें डिटेंशन सेंटर भेजने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। एएसपी ने यह भी बताया कि ये सभी लोग अवैध रूप से सीमा पार कर भारत में प्रवेश कर गए थे और लंबे समय से यहां रह रहे थे। अब इन सभी को चिह्नित कर लिया गया है और जल्द ही इन्हें बांग्लादेश वापस भेजा जाएगा।

# डॉ. सतीश पूनियां ने "ऑपरेशन सिंदूर" को ऐतिहासिक कदम बताया

## भारत की सेना ने पाकिस्तानी आतंकियों और उनके कैंपों को ध्वस्त कर आतंक का खात्मा करने का ऐतिहासिक कदम उठाया : डॉ. सतीश पूनियां

**पाली/जयपुर।** पाली में श्री वीर तेजाजी स्मारक प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में भाजपा हरियाणा प्रभारी, भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां शामिल हुये, जहां उन्होंने कहा कि विश्व के मजबूत नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तानी आतंकवादियों के खिलाफ की जा रही कारवाई से पूरा भारत देश खुश है, भारत की जनता हमारे वीर सैनिकों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मजबूती से खड़ी है।

- **वीर तेजाजी केवल प्रतिमा के तौर पर ही पूजे नहीं जाएं, तेजाजी प्रेरणा के तौर पर पूजे जाएं : डॉ. पूनियां**



**पाली में श्री वीर तेजाजी स्मारक प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा हरियाणा प्रभारी, भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां का लोगों ने स्वागत किया।**

डॉ. पूनियां ने कहा कि, रात को दो बजे एक ऐसा सुखद अवसर आया कि, हमारा देश का मनोबल भारत की सेना ने पाकिस्तान में जड़ें जमाये बैठे आतंकियों और उनके कैंपों को ध्वस्त कर आतंक का खात्मा करने का ऐतिहासिक कदम उठाया, विश्व पटल पर यह साबित हो गया कि पाकिस्तान आतंकवाद का पोषक है। उन्होंने कहा कि श्री वीर तेजाजी स्मारक प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में यहां 36 कौम के लोग विराजे हैं, यहां वह लोग हैं जो अपने पसीने से इस धरती को अन्नपूर्णा बनाते हैं, लेकिन मुझे यह भी अच्छे से ध्यान है कि इसी घर में पैदा हुआ बेटा सीमा पर भारत मां की आन बान शान की रक्षा करता है। तेजाजी को स्मरण करते हुए मैं कैसे भूल सकता हूं की रात को 2:00 बजे पाकिस्तानी आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई में जब धमाके हुए तो लोगों ने होली और दीपावली का एक साथ आनंद लिया और भारत की सेना ने भारत का मस्तक ऊंचा किया।

डॉ. पूनियां ने कहा कि बहुत दिनों से लोगों को तकलीफ थी की पहलगांव की आतंकी घटना के बाद क्या होगा, कब होगा, लेकिन लोगों ने देखा कि भारत की सेना ने ऑपरेशन सिंदूर जैसे साहसिक काम से पूरी दुनिया को आतंक का खात्मा करने का संदेश दे दिया।

डॉ. पूनियां ने कहा कि वीर तेजाजी केवल प्रतिमा के तौर पर ही पूजे नहीं जाएं, तेजाजी प्रेरणा के तौर पर पूजे जाएं, जब देश और समाज पर संकट खड़ा हो तो जाति मजहब और पंथ से ऊपर उठकर हम एक होकर देश के लिए खड़े हो जाएं। जब कुरीतियां हों तो हम उनका मुकाबला करने के लिए भी एकजुट होकर खड़े हो जाएं, यदि गोवंश पर संकट है तो तेजाजी महाराज की गौ भक्ति से प्रेरणा लीजिये, यदि किसी तरीके से समाज में विकृति आती है, विभेद आता है, विठाह आता है तो तेजाजी महाराज की सत्यवादिता से प्रेरणा लीजिये।

डॉ. पूनियां ने कहा कि तेजाजी से समाज की एकजुटता के लिए प्रेरणा लीजिये, मुझे लगता है कि जब प्रतिमाएं कहीं बनती हैं किसी चौराहे पर, किसी मंदिर में तो वह केवल पत्थर या धातु की मूर्तियां नहीं होती हैं, वह नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा होती हैं, वीर तेजाजी की अष्टधातु की प्रतिमा चंडावल नगर से एक विशेष संदेश लेकर जाएगी।

# सात साल की बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या, नाबालिग लड़का डिटेन

- **नाबालिग लड़के ने बच्ची के मुंह-नाक प्लास्टिक से बांधकर दुष्कर्म किया**
- **लड़की के बेहोश होने पर उसे एक फंदे पर लटकाकर लड़का अपने घर चला गया**

**बीकानेर,** (निसं)। यहां सात साल की बच्ची की नाबालिग लड़के ने रेप के बाद हत्या कर दी। पुलिस ने नाबालिग को डिटेन कर लिया। लड़के के मोबाइल में कई पोर्न वीडियो मिले हैं। वहीं दक्षिण की कई फिल्में भी मोबाइल में मिली है। आरोपी लड़का कई सोशल मीडिया एकाउंट्स पर भी पोर्न वीडियो देखता था, जिसमें अश्लील वीडियो लाइक किए गए हैं।

डीएसपी संग्राम सिंह ने बताया कि एक क्षेत्र में रात बच्ची घर के पीछे शौच करने गई थी। उसे छत पर खड़े लड़के ने देख लिया था। लड़का नीचे उतरकर पड़ोसी के घर पर पहुंच गया। वहां बच्ची से जबरदस्ती की। बच्ची ने शोर मचाने की कोशिश की तो एक प्लास्टिक उसके मुंह में डाल दिया। बच्ची के मुंह और नाक दोनों प्लास्टिक से कसकर बांध दिए। इसके बाद रेप किया। लड़की के बेहोश होने पर उसे एक फंदे पर लटकाकर अपने घर चला गया। रात को उधर से गुजर रहे एक व्यक्ति ने बच्ची को फंदे पर लटकते देखा। उसने सूचना घर वालों को दी। मौके पर गांव के लोग एकत्र हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचने के बाद एफएसएल की टीम को बुलाया। जहां बच्ची की लाश लटक रही थी। उसके पास ही पुलिस को कुछ फुट प्रिंट मिले। ये फुट प्रिंट आगे जाकर एक घर में पहुंचे। पुलिस ने इसी घर में पूछताछ शुरू की तो एक नाबालिग लड़का मिला। लड़के से सख्ती से पूछताछ करने पर सारा राज खुल गया।

## शातिर महिला ने ज्वैलरी शॉप से छह लाख के गहने उड़ाए

**अजमेर,** (कासं)। कोतवाली थाना क्षेत्र के व्यस्ततम बजारों में एक नया बाजार में बुधवार को दिनदहाड़े ज्वेलरी शॉप से शातिर महिला चोर दो कीमती मंगलसूत्र चुरा कर फरार हो गई। महिला बुर्का पहनकर दुकान में आई थी। चोरी की यह करस्तानी दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित दुकानदार ने थाने में महिला चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। चोरी गई गहनों की कीमत करीब छह लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली थाना पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पार्श्वनाथ कॉलोनी निवासी मनोज ने थाने में दी शिकायत में बताया कि उनकी ज्वेलर्स की दुकान नया बाजार में स्थित है। दुकान से एक महिला दो कीमती मंगलसूत्र चोरी कर फरार हो गई। दुकान मालिक मनोज ने बताया कि बुधवार सुबह एक महिला दुकान में आई थी। उसने बुर्का पहन रखा था। उसने अलग-अलग डिजाइन के मंगलसूत्र दिखाने को कहा। इसी दौरान उसने बड़ी चतुराई से दो सोने के मंगलसूत्र चुरा लिए और कुछ देर बाद दुकान से चली गई, जब तक कर्मचारी कुछ समझ पाते, वह नजरों से ओझल हो गई। जब दुकान में दो कीमती मंगलसूत्र नहीं दिखाते तो उन्होंने सीसीटीवी कैमरे चेक किए जिसमें शातिर महिला द्वारा मंगलसूत्र चुराने की घटना कैद हो गई। कोतवाली थाने ने अज्ञात महिला के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

## बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वालों को सजा देने की मांग

**झुंझुनूं,** (निसं)। भीम आर्मी और जिला संघर्ष समिति ने जिलाध्यक्ष विकास आल्हा के नेतृत्व में जिला पुलिस अधीक्षक को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें एक बालिका के साथ हुई निंदनीय घटना को लेकर कड़ी कार्यवाही की मांग की गई है।

ज्ञापन के जरिए पीड़ित बच्ची के समुचित और बेहतर उपचार की सरकारी व्यवस्था सुनिश्चित करने, मामले को फास्ट ट्रेक कोर्ट में चलाने ताकि पीड़िता को शीघ्र न्याय मिल सके, अपराधियों पर एससी-एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम, पोक्सो और बीएनएस की कठोर धाराओं में मुकदमा दर्ज करने, पीड़िता को सरकारी संरक्षण, कानूनी सहायता और आर्थिक मदद प्रदान करने तथा पीड़ित परिवार को गांव में पुलिस सुरक्षा मुहैया कराई जाए ताकि किसी प्रकार का दबाव न बनाया जा सके। इस अमानवीय कृत्य की भीम आर्मी ने कड़ी निंदा की और त्वरित न्याय की मांग की। ज्ञापन देने वालों की टीम में जिला संघर्ष जिला अध्यक्ष रामानंद आर्य, आसपा जिला अध्यक्ष प्रदीप चंदेल, उपाध्यक्ष सकील फौजी, महेंद्र सिंह चारावास, राजेश आलड़िया आदी उपस्थित रहे।

## हादसे में व्यापारी की मौत

**उदयपुर,** (कासं)। कुराबड़ कस्बे में दो बाइक की आमने-सामने भिड़ंत होने से किराणा व्यापारी की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार कुराबड़ थाना क्षेत्र बैस कैम्प चौराहा से वेलकम गेट की तरफ जाते समय बीच रास्ते में दो बाइक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक चालक झामर कोटड़ा निवासी शांतिलाल (62) पुत्र भंवरलाल जैन की मौत हो गई। शांतिलाल किराणा व्यापारी होकर सांय शादी समारोह में गिफ्ट देने के लिए बाइक पर जा रहा था, जहां बीच रास्ते हादसा हो गया। एएसआई गोवर्धनलाल चौबीसा ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा।


**कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर**

क्रमांक :- राजकाज 15104658 दिनांक :- 05/05/2025

**अल्पकालीन ई-बिड सूचना संख्या:- जोन उत्तर-एबी/04/25-26**

जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर की ओर से सिविल कार्यो हेतु संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया से सिविल कार्यों हेतु ऑन लाईन बिड आमंत्रित की गई है। इन कार्यों की अनुमानित लागत, बिड बेचे जाने तथा प्राप्त करने की दिनांक, बिड शर्ते आदि का सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट **http://www.eproc.rajasthan.gov.in, www.jodhpurjda.org, www.sppp.raj.nic.in** पर देखा जा सकता है।

NIB CODE :- JOD2526A0021

Tender ID/UBN No. :- JOD2526SLOB00053

राज.संवाद/सी/25/1871 अधिशाषी अभियंता (उत्तर-एबी)

**कार्यालय नगर पालिका मारवाड़ जंक्शन (पाली)**

पंचायत समिति के सामने मारवाड़ जंक्शन-306001

क्रमांक : न.पा.मा.जं./विकास/2025-26/60 दिनांक:-25.04.2025

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका, मारवाड़ जंक्शन के विकास शाखा द्वारा ऑफ लाईन निविदा आमंत्रित की गई है। उक्त निविदा सम्बंधित विस्तृत जानकारी पालिका के नोटिस बोर्ड अथवा वेब पोर्टल https://sppp.rajasthan.gov.in व https://eproc.rajasthan.gov.in/ पर देखी जा सकती है। उक्त निविदा के यू. बी. एन. नम्बंर DLB2526WSRC03281 है।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका, मारवाड़ जंक्शन

राज.संवाद/सी/25/1848

**उदयपुर विकास प्राधिकरण, राजस्थान**

No. :- F-2(01)Acct/Contract/2025-26/25 - 27 Date : 02/05/2025

**ई-निविदा सूचना संख्या : 07/2025-26**

उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यो मय डिफेक्ट लाईबिलिटी अवधि के लिये जो कि निविदा प्रपत्र में अंकित है के लिये उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| | | |
|---|---|---|
| निविदा कार्यो की कुल लागत | : | रूपये 400.43 लाख (06 कार्य) |
| ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड/अपलोड करने की अवधि | : | 06.05.2025 को प्रातः 10.00 बजे से 15.05.2025 को सांयः 6.00 बजे तक |
| Online EMD, Tender Fee & Processing Fee जमा कराने की तिथी | : | 06.05.2025 को प्रातः 10.00 बजे से 15.05.2025 को सांयः 6.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथी | : | 16.05.2025 को प्रातः 11:00 बजे |

विस्तृत विवरण वेबसाईट urban.rajasthan.gov.in/uitudaipur, www.eproc.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

UBN No. : ITU2526WSOB00042 To ITU2526WSOB00047

अधिशाषी अभियन्ता - द्वितीय
उदयपुर विकास प्राधिकरण

राज.संवाद/सी/25/1870

# हवाई हमले-बम धमकी और आपात परिस्थितियों से निपटने के लिए जयपुर तैयार है

## संकट की घड़ी से पहले जयपुर में मॉक ड्रिल और ब्लैकआउट अभ्यास

**जयपुर।** हवाई हमले-बम धमकी और आपात परिस्थितियों से निपटने के लिए जयपुर आज बदल गया है एक वॉर जोन में! पुलिस, प्रशासन और आमजन मिलकर ऐतिहासिक मॉक ड्रिल और ब्लैकआउट अभ्यास

- **यह मॉक ड्रिल सिर्फ एक अभ्यास नहीं बल्कि शहर की सुरक्षा का भविष्य**

किया। जिसमें हर गली, हर इमारत और हर नागरिक की भागीदारी है। यह केवल एक अभ्यास नहीं, बल्कि भविष्य की सुरक्षा का रिहर्सल है। यही कारण है कि सुरक्षा के लिहाज़ से जयपुर शहर एक बड़े बदलाव से गुजरा है। राजस्थान पुलिस और प्रशासन के निर्देशानुसार पूरे जयपुर शहर में एक संगठित और योजनाबद्ध मॉक ड्रिल और ब्लैकआउट अभ्यास आयोजित किया गया। इस ड्रिल का उद्देश्य है संभावित एयर स्ट्राइक, बम धमकी, और अन्य आपात परिस्थितियों में शहर की तैयारियों की परख करना है।

अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर (प्रथम) जयपुर कुंवर राष्ट्रदीप ने निर्देश जारी किए है कि यह अभ्यास कोई साधारण प्रक्रिया नहीं, बल्कि एक ऐसा सुरक्षा तंत्र है जो हर नागरिक को जागरूक करने और हर संस्थान को सक्रिय करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इसके तहत पुलिस अधिकारी, फायर ब्रिगेड, अस्पताल, स्वयंसेवी संगठन, स्कूल, मॉल्स, बहुमंजिला इमारतें सभी एक साझा मंच पर आ रहे है। आमजन से लेकर प्रशासन तक सभी को इस सुरक्षा रिहर्सल का हिस्सा बन रहा है। उन्होंने कहा कि जयपुर वासियों से अपील की गई है कि वे शांति, सावधानी और सहयोग के साथ इस अभ्यास में भाग लें और भविष्य में किसी भी आपदा के लिए खुद को तैयार रखें। जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की ओर से जारी हुए आदेश के अनुसार सभी थानाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में सरकारी, गैर सरकारी संस्थाओं के व्हॉट्सएप ग्रुप बनाएं और सूचनाओं का तत्काल आदान-प्रदान सुनिश्चित करें। सोशल मीडिया मॉनिटरिंग से लेकर सुरक्षा उपकरणों की जांच करने के साथ-साथ मॉल, पेट्रोल पंप, गोदामों और ज्वलनशील पदार्थों से जुड़े संस्थानों की विशेष निगरानी के निर्देश दिए गए हैं।

पुलिस से मिली जानकारी के आमजन के लिए विशेष निर्देश जारी किए गए है कि वे घबराएं नहीं बल्कि सतर्क रहें सीटी, टॉर्च, पावर बैंक, प्राथमिक चिकित्सा किट साथ रखें, अपने सभी महत्वपूर्ण कागजात, जैसे आधार कार्ड, ब्लड ग्रुप की जानकारी तैयार रखें। इसके अलावा आपात स्थिति में मिलने का स्थान परिवार के साथ पहले से तय कर लें और-हेल्पलाइन नंबर 112 को प्राथमिकता दें।पुलिस आयुक्तालय की ओर से जारी आदेश के अनुसार लिफ्ट की बजाय सीढ़ियों का उपयोग करें, हर फ्लोर पर निकासी मार्ग साफ-साफ दर्शाएं, प्रत्येक मंजिल पर एक सुरक्षा प्रतिनिधि नियुक्त करें तथा इमारत का ब्लूप्रिंट थाना स्तर पर साझा करें।

जानकारी के अनुसार सायरन बजने पर शांत रहें और निकटतम सुरक्षित आश्रय स्थल की ओर बढ़ें, बिजली व गैस सप्लाई तुरंत बंद करें, किसी भी संदिग्ध वस्तु को न छुएं और इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। वहीं दूसरी ओर अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी निगरानी व कानूनी कार्रवाई किए जाने के निर्देश जारी किए गए है।

अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर (प्रथम) जयपुर कुंवर राष्ट्रदीप ने आग्रह किया है कि "मॉक ड्रिल का उद्देश्य केवल प्रशिक्षण नहीं बल्कि जन-भागीदारी और सतर्कता को बढ़ावा देना है। अफवाहों से बचें, सूचना तंत्र का उपयोग करें और पुलिस का सहयोग करें। साथ ही साथ सोसायटी व मोहल्लों में इंटरकॉम और आपातकालीन प्रणाली सक्रिय रखें, व्हाट्सएप अलर्ट ग्रुप बनाएं, जिसमें डॉक्टर, पुलिस व सैन्य अधिकारी भी जोड़े जाएं, सामुदायिक एकता बनाए रखें और जाति-धर्म से ऊपर उठकर एकजुटता दिखाएं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान पाकिस्तान का सीमावर्ती राज्य है, इसलिए उच्चतम मानकों की अनुपालना करते हुए, प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त होनी चाहिए। वर्तमान परिस्थितियों के दृष्टिगत राष्ट्र विरोधी शक्तियां प्रदेश में, साम्प्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने का प्रयास कर सकती हैं। पुलिस अधिकारी सोशल मीडिया पर प्रभावी निगरानी के साथ, अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई करें।



आपदा राहत विभाग के जवानों ने बड़ी इमारतों पर भी अलर्ट होने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया।



रेलवे स्टेशन पर आपदा राहत विभाग ने मॉक ड्रिल का प्रशिक्षण किया।

# जयपुर जिले में "ऑपरेशन अभ्यास" का हुआ सफल आयोजन

## जिला प्रशासन, पुलिस सहित संबंधित एजेंसियों एवं विभागों ने परखी अपनी तैयारियां

**जयपुर।** गृह मंत्रालय भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार के निर्देशों की अनुपालना में जयपुर जिले में बुधवार को ऑपरेशन अभ्यास (मॉक ड्रिल) का सफल आयोजन हुआ। जयपुर कलेक्ट्रेट के नियंत्रण कक्ष में एमआई रोड स्थित बीएसएनएल कार्यालय परिसर में एयर स्ट्राइक की सूचना मिली। सायं 4 बजे सायरन की आवाज से प्रशासन, पुलिस सहित एजेसियों और संबंधित विभागों के अधिकारी हरकत में आए। महज 5 मिनट में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी मौके पर पहुंच गए।

संभागीय आयुक्त पूनम एवं पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसेफ भी बीएसएनएल कार्यालय पहुंचे। पुलिस ने पूरी बिल्डिंग को खाली करवाया। फायर ब्रिगेड के जवानों ने मोर्चा संभालते हुए बिल्डिंग में लगी आग पर काबू पाया। नागरिक सुरक्षा के जवानों ने बिल्डिंग में फंसे लोगों को अपने हुनर और प्रतिभा के दम पर सकुशल रेस्क्यू किया। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए घायलों को एंबुलेंस के जरिये एसएमएस अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं, ईआरटी, एसडीआरएफ एवं एटीएस के जवानों ने पूरे परिसर की तलाशी लेकर संदिग्ध वस्तुओं की जांच की।जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के नेतृत्व में जिला प्रशासन, पुलिस, नागरिक सुरक्षा, नगर निगम, एसडीआरएफ, ईआरटी, एसटीएस, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य एजेंसियों एवं विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बेहतरीन आपसी सहयोग एवं समन्वय का प्रदर्शन करते हुए त्वरित रेस्पॉन्स एवं रेस्क्यू करते हुए ऑपरेशन अभ्यास (मॉक ड्रिल) के सफल आयोजन में अपनी भूमिका निभाई।

वहीं, जिले सभी उपखंडों में भी मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया जिसमें प्रशासन, पुलिस सहित समस्त एजेंसियों एवं विभागों ने किसी भी आपात स्थिति के लिए अपनी तैयारियों को परखा।

जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर सक्षम जयपुर अभियान के तहत जिले के सभी राजकीय विद्यालयों में नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें प्रशासन एवं पुलिस के साथ-साथ नागरिक सुरक्षा के जवानों ने विद्यार्थियों को किसी भी आपात स्थिति में बचाव एवं आत्मरक्षा के लिए प्रशिक्षित किया गया।

- **एमआई रोड स्थित बीएसएनएल कार्यालय परिसर में मॉक ड्रिल का हुआ आयोजन**
- **जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने स्वयं की मॉक ड्रिल की मॉनिटरिंग**





पुलिस और प्रशासन की ओर से जयपुर जिले में बुधवार को ऑपरेशन अभ्यास ( मॉक ड्रिल ) का सफल आयोजन हुआ।



ब्लेक आऊट के दौरान बड़ी चौपड़ पर ट्रेफिक को जाम करवा दिया गया और चारों ओर अंधेरा हो गया।

# कम्युनिटी पुलिसिंग एसपी ने स्कूलों व कच्ची बस्ती में दिया शत्रुओं के आक्रमण से बचने का प्रशिक्षण

**जयपुर।** पुलिस अधीक्षक एवं नोडल अधिकारी कम्यूनिटी पुलिसिंग पंकज चौधरी ने बुधवार को स्कूलों व कच्ची बस्ती के नागरिकों एवं छात्र- छात्राओं व टीचर्स को शत्रुओं के आक्रमण से बचने का प्रशिक्षण देकर जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। एसपी चौधरी ने बताया कि महेश नगर स्थित द केम्ब्रिज स्कूल में सुबह 9:30 बजे जन जागरूकता कार्यक्रम के तहत समस्त स्कूल स्टाफ, व्यापार मण्डल के अध्यक्ष, समाजसेवी, मीडियाकर्मी एवं महेश नगर पुलिस थाने का स्टाफ भी उपस्थित रहा। चौधरी ने सायरन और ब्लैक आउट के बारे में विस्तृत से बताते हुए बच्चों व अन्य नागरिकों को जागरूक किया।

इसके बाद सुबह 10 बजे कठपुतली नगर कच्ची बस्ती में निवासरत लोगों को सायरन और ब्लैक आउट के बारे में बताकर डेमो द्वारा अलर्ट होने की प्रक्रिया समझाई गई। बस्ती के निवासियों को शत्रु के आक्रमण की स्थिति में बचाव के बारे में बताया गया। तत्पश्चात् 11 बजे केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय त्रिवेणी नगर में सैकड़ों छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में राष्ट्रगान के साथ सायरन और वीडियो का प्रदर्शन किया गया।

एसपी चौधरी ने अपने उद्बोधन में "ऑपरेशन सिन्दूर" को लेकर हर्ष व्यक्त किया और उपस्थित निर्देशक केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय सुदेश कुमार शर्मा एवं समस्त स्टाफ, छात्रों, शिप्रापथ थाना स्टाफ एवं गणमान्य लोगों को सायरन और ब्लैक आउट के बारे में चर्चा कर बताया कि किसी भी प्रकार के युद्ध या तनाव की स्थिति में सम्पूर्ण राष्ट्र को एक साथ कन्धे से कन्धा मिलाना है। उन्होंने कहा कि भारत की एकता और अखण्डता पूरे विश्व के लिए मिसाल है। सायरन और ब्लैक आउट की बारीक जानकारी से संस्था के छात्रों को लाभ मिला। संस्था के निर्देशक, सुदेश कुमार शर्मा ने जम्मू-कश्मीर के अपने अनुभवों को साझा करते हुए सायरन और ब्लैक आउट के बारे में चर्चा की।



विद्यार्थियों को किसी भी आपात स्थिति में बचाव एवं आत्मरक्षा के लिए प्रशिक्षित किया गया।



मॉक ड्रिल के दौरान स्कूली बच्चों को आपदा राहत का प्रशिक्षण दिया।

## सार-समाचार

### रैंप पर आकर्षक परिधानों के बीच गूंजे बॉलीवुड नगमे



**जयपुर।** आस्थिका एंटरटेनमेंट की ओर से यहां महाराणा प्रताप सभागार में आर्ट फेस्टिवल सीजन-2 के तहत अवॉर्ड सेरेमनी और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। संस्था की फाउंडर-डायरेक्टर अपर्णा वाजपेई ने बताया कि शहर की विभिन्न क्षेत्रों की 51 हस्तियों को द इटर्नल बॉन्ड अवॉर्ड से नवाजा गया। कार्यक्रम के दौरान फै शन शो में अनेक महिला मॉडल्स ने आकर्षक रैंपवॉक के दौरान भारतीय ट्रेडिशनल परिधानों को शोकेस किया। शो डायरेक्टर मिसेज इंटरनेशनल दीप्ति सैनी रहीं। शो स्टोपर सनाया शर्मा ने भी रैंपवॉक किया। कार्यक्रम में शहर के कई नामी सिंगर्स ने सुरीले सुरों से बॉलीवुड गीतों की माला पिराई। इनमें शहर की सिंगर अपर्णा वाजपेई, रहमान अली, मुक्ता चड्डा, संध्या असवाल, अंजलि वर्मा, फतह अली, पूनम शर्मा, संदीप कुमार और मोहम्मद सिद्दीकी आजाद ने कई सदाबहार बॉलीवुड गीतों को अपनी पुरकशिश आवाज में पेश कर सभागार में मौजूद श्रोताओं के दिलों को छू लिया। संचालन प्रीति सक्सेना ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एनएस मेहता समेत आलोक भट्ट, दीपा शर्मा, मोनिका खत्री, तनुज मंगलानी, गब्बर कटारा, पवन गोयल, पवन टांक, मनोज मुदगल, रीतू दवे, रेशमा खान, राज किशोर, स्नेहलता भारद्वाज, राजेश भारद्वाज, रिजवान अजाजी, डॉ. हेमलता शर्मा, सुनील बोत्रा, उरुक्रम शर्मा, सुनील दंड समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। अंत में असित बाजपेयी और अपर्णा वाजपेई ने सभी आगन्तुकों का आभार जताया।

### ऑपरेशन सिन्दूर से आमजन में खुशी का माहौल



**जयपुर।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को मुंहतोड़ जवाब देते हुए, भारत की ओर से पाकिस्तान पर किए गए एयर स्ट्राइक "ऑपरेशन सिन्दूर" से आमजन में काफी खुशी का माहौल है। जयपुर में हवामहल पर पर्यटकों के साथ जयपुर रनर क्लब के सदस्यों ने भारत माता की जय के साथ उदघोष किया।

### जुआ खेल रहे 16 जुआरियों को पकड़ा



**जयपुर।** रामगंज थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ताश-पत्ती से हार-जीत पर जुआ खेल रहे सौलह जुआरियों को पकड़ा है और उनके पास से एक लाख सोलह हजार रुपये की जुआराशि भी जब्त की गई है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) राशि डोगरा डूडी ने बताया कि रामगंज थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए थाना इलाके में स्थित खुसरो का चौक घाटगेट पर ताश-पत्ती से हार-जीत पर जुआ खेल रहे जाकिर खान,खालिद,अब्दुल जाहिद,जितेन्द्र कुमार,अब्दुल कादिर,अब्दुल सलाम, आदिल अहमद,शेरू खान,जहीर खान,रहीस अहमद,रहीश अली,मोहम्मद साजिद, मोहसिन, इरशाद, सनोद कुमार को गिरफ्तार कर उनके पास से एक लाख सोलह हजार रूपये की जुआ राशि बरामद की है।

# सामूहिक पंजीकरण शिविर में 98 श्रमिकों को जारी हुए ई-श्रम कार्ड



**जयपुर।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर जिला, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर महानगर-प्रथम व द्वितीय के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को रोड नम्बर 14 विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल एरिया स्थित मजदूर चौखटी पर सामूहिक पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया। श्रम विभाग, कॉमन सर्विस सेन्टर, ट्रेड यूनियन, एक्शन एड तथा आजीविका एनजीओ के सहयोग एवं समन्वय से आयोजित शिविर में 98 श्रमिकों का मौके पर ही ऑनलाईन ई-श्रम कार्ड जारी किया गया, साथ ही 44 श्रमिक कार्ड फार्म भरवाए गए एवं 180 से अधिक श्रमिक हाजिरी डायरी वितरित की गई।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर जिला के सचिव पवन कुमार जीनवाल तथा दीपेन्द्र माथुर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर महानगर प्रथम ने चौखटी पर उपस्थित श्रमिकों को उनके विधिक अधिकारों, श्रम विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की।जीनवाल ने यह भी बताया कि जो श्रमिक आज के शिविर में ऑनलाईन पंजीकरण से वंचित रह जाएगें, उनके लिए 8 मई को इंडिया गेट सीतापुरा इण्डस्ट्रियल एरिया स्थित मजदूर चौखटी पर भी ऑनलाईन पंजीकरण शिविर का आयोजन कर श्रमिकों के ई-श्रम कार्ड जारी किये जाएगें जिससे कि उन्हें श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं जैसे निर्माण श्रमिक शिक्षा एवं कौशल विकास योजना, निर्माण श्रमिक जीवन व भविष्य सुरक्षा योजना, सिलिकोसिस पीड़ित हिताधिकारियों हेतु सहायता योजना, हिताधिकारी की सामान्य अथवा दुर्घटना में मृत्यु या घायल होने की दशा में सहायता योजना, प्रसूति सहायता योजना, शुभशक्ति योजना, निर्माण श्रमिक सुलभ्य आवास योजना, निर्माण श्रमिक औजार /टूलकिट सहायता योजना, निर्माण श्रमिक एवं उनके आश्रित बच्चो द्वारा भारतीय/राजस्थान प्रशासनिक सेवा हेतु आयोजित प्रारम्भिक प्रतियोगी परीक्षा उत्तीर्ण करने पर प्रोत्साहन योजना एवं अन्य योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सकेगा। ऑनलाईन पंजीकरण हेतु श्रमिकों को आधार कार्ड, बैंक पासबुक तथा मोबाइल साथ लेकर मौके पर आना होगा।शिविर के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर जिला से पीएलवी रूद्र प्रताप सिंह व चंद्रकांता सैनी ने श्रमिकों का ऑनलाइन पंजीकरण करने में सहायता प्रदान की।



## World Donkey Day: Honouring Humanity's Humble Helpers

Celebrated annually on May 8, World Donkey Day shines a spotlight on the enduring contributions of donkeys to human society. Established in 2018 by scientist Ark Raziq, the day acknowledges these resilient animals' roles in agriculture, transportation, and companionship, especially in rural communities. Despite their significance, donkeys often face neglect and exploitation. World Donkey Day aims to raise awareness about their welfare and promote better treatment globally. Join the celebration by learning about donkeys, supporting sanctuaries, or simply appreciating these steadfast companions who have quietly shaped human history.

#RESEARCH

# AI to the Rescue: Solving the Cocktail Party Problem in Hearing Aids

New algorithms harness brain signals and deep learning to help hearing aid users focus on voices in noisy environments.



For millions of people with hearing loss, navigating loud, crowded environments remains one of the biggest challenges. This difficulty, known as the 'cocktail party problem,' refers to the inability of hearing aids to distinguish and amplify one specific voice among a sea of background noise. Traditional hearing aids amplify all sounds indiscriminately, making it hard for users to focus on conversations in noisy environments like restaurants, parties, or busy streets. However, recent breakthroughs in artificial intelligence (AI) and signal processing have led to the development of algorithms that may significantly improve how hearing aids filter and prioritize sound. Scientists at leading institutions, including MIT and the University of Washington, are developing machine-learning models that mimic the brain's ability to isolate and track voices in chaotic settings.

### What Is the Cocktail Party Problem?

Coined in the 1950s, the term describes how the human brain is naturally able to focus on a single voice while filtering out distractions, like at a cocktail party. People with normal hearing do this automatically. But for those relying on hearing aids, even advanced digital models often struggle with separating competing audio streams.

### Enter AI-Based Algorithms

Researchers have now turned to AI for a solution. One promising approach uses deep neural networks trained on thousands of audio samples to recognize and separate voices based on speech patterns, pitch, and direction. These systems can 'lock onto' a speaker's voice once the user indicates whom they are trying to listen to, either through a voice command, gaze direction, or even brain signals.

One such innovation comes from a collaboration between MIT's Computer Science and Artificial Intelligence Laboratory (CSAIL) and Massachusetts Eye and Ear. Their algorithm uses EEG (electroencephalogram) signals from the brain to detect which voice the listener is focusing on. The hearing aid then amplifies that voice and suppresses others in real time, essentially 'reading' the user's auditory attention.

Another project from the University of Washington involves training the hearing aid to detect and prioritize speech coming from a specific direction using beamforming technology, which digitally creates a directional microphone effect. Combined with AI-driven speech separation, this technique enhances clarity dramatically.

### Real-World Potential


While many of these technologies are still in the lab, some are moving towards commercial applications. Companies are now exploring ways to integrate these AI algorithms into next-gen hearing aids without compromising battery life or device size. The goal is to create an intelligent hearing aid that adapts to real-world environments as naturally as the human ear.

### A Better Future for Hearing Loss

The development of algorithms to solve the cocktail party problem marks a significant leap in assistive technology. As these systems become more refined and accessible, they promise to dramatically improve the quality of life for those with hearing impairments, enabling clearer conversations, richer social interactions, and greater independence. In essence, AI is not just making machines smarter, it's helping people hear better in the noisiest corners of life.




# They Fooled Him But He Kept Kashmir With India




PART:2



Deve Gowda and Farooq Abdullah.

Both Dulat and Vir Sanghvi agree that selective portions from the book have been picked out, and used out of context. There seems to be a campaign now, to paint Farooq as a 'stooge' of Delhi and distance him from the people of Kashmir. The book has become a means, suggests Vir Sanghvi. Whether the Abdullah family or Omar understands it or not, is a different matter. This has put a lot of pressure on Farooq. Dulat quotes NSA MK Narayanan's book that "If Farooq had not been with us, Kashmir may not have stayed with us."

BARKHA DUTT CALLS THIS BOOK, A RACY INTIMATE PORTRAIT OF FAROOQ ABDULLAH. SHE EMPHASIS THAT ACCORDING TO DULAT, FAROOQ HAS ALWAYS BEEN A NATIONALIST. THE BOOK REFLECTS THE FLAMBOYANT, IMPETUOUS, MERCURIAL SIDE OF FAROOQ'S PERSONALITY. DO THE FATHER AND SON, FAROOQ AND OMAR, SEE EYE TO EYE ON POLITICS? DO THEY THINK THE SAME WAY IDEOLOGICALLY?



Ajay Singha
*Raconteur Indica*

#A.S. DULAT



Karan Thaper in conversation with AS Dulat.



Vir Sanghvi in conversation with AS Dulat.

Karan Thaper has been very systematic in his analysis of the book. He highlighted the four characteristics by which Dulat describes Dr. Farooq Abdullah. Firstly, that Farooq is, by far, the tallest political leader, not just in Kashmir but the whole of India. Secondly, that Farooq Abdullah is NC, the National Conference party. He ascends further, claiming that Farooq is Kashmir. Lastly, he says that Farooq is even a greater man than his father, the famously revered Sheikh Abdullah.

The conversation goes on to describe how the politics of Farooq is very different from that of his father, the Sheikh. Even though, their understanding with Delhi remained common. Both Sheikh Abdullah, and later Farooq, negotiated with the powers in Delhi that they leave Kashmir exclusively for the Abdullahs to manage.

Farooq, like everybody involved in Kashmiri politics, was against the abrogation of article 370. What comes out from Dulat's interview with Karan is that Farooq was always supportive of Delhi. Karan Thaper makes this a recurring theme of his interview. Karan claims that, by this logic, if Farooq was asked to, he would have supported the abrogation. At one point, Farooq had confided to the author that he did not join politics to remain in exile or go to jail. This explains Farooq's desire to remain on the right side of Delhi. When abrogation did happen, Farooq felt greatly disappointed, that instead of being taken into confidence, he was put under house arrest. All these aspects are cleverly weaved together by Karan to support his point that Farooq would have supported the abrogation if asked to. Subsequent media reports now tom-tom him as an old stooge of Delhi, supportive of the abrogation.

Karan brings out some aspects which were hitherto unnoticed. In 1987, there were claims and press reports that the elections were rigged. It appears that these stories were not totally unfounded. The National Conference would have won in any case and there was no need for rigging. When rumors of rigging went around in the valley, the Kashmiris came to their own conclusion. They felt convinced that Farooq was a stooge of Delhi. Why else would the center rig the elections in his favor?

Karan points out the various instances when Farooq was let down by the Delhi establishment. Indira Gandhi got along with him initially and even praised him in front of his father, the old Sheikh Abdullah. She requested him to pass on the mantle of the National Conference to Farooq. Much later, she suddenly distanced herself from Farooq. Perhaps, because the National Conference refused to form an alliance with the Congress. In 1984, she went to the extent of dismissing him. He resigned, to save face.

In 2002, Farooq was promised the Vice President-ship of India by Vajpayee and support by Advani. The promise was forgotten by Delhi, and once again, Farooq was let down. These latent desires remain unfulfilled and have never been revealed, except in this book. However, this time around, Farooq told Dulat that this offer of Vice President-ship was fake. For a change, Dulat was proved wrong, as Farooq knew all along that nothing will come out of this, they were just playing games with him.

Vir Sanghvi in his discussion with Dulat goes a step further. He claims that Farooq, Omar and Prime Minister Modi had possibly met, but nothing about the abrogation was possibly shared with them. They didn't have an inkling that some such action would be executed so soon. Farooq, points out Vir Sanghvi, was upset, that instead of being taken into confidence, he was arrested. The Abdullahs felt betrayed for not being confided, because they always supported the Indian-ness of Kashmir.

There is a lot about father-son relationships in this book. The Sheikh, it seems, was a great man but never understood the political compulsions of Nehru. Farooq, on the other hand, was a visionary and managed to keep people in good humor for better part of his political career. He was committed to Kashmir progressing along with India. Unlike his father, Farooq did not want to spend time in jail and chose to stay on the right side of Delhi. Farooq was happiest with Prime Minister Deve Gowda. Primarily because Deve Gowda understood him and consented, that you keep peace in Kashmir and we will not interfere.



Indira Gandhi with Sheikh Abdullah and Farooq Abdullah.

> Dulat reveals that all the books that he has written have Kashmir as the center. This book is not a biography; it is a book about Farooq, as he knows him. He feels that Farooq has changed greatly after the abrogation of article 370. He is a very different person now, as compared to the past. He has mellowed down and become deeply religious. Reading the Quran every so often. Some years ago, he may not have agreed to writing a book on him. Now, he realizes that time is getting over for everyone concerned. Barkha asks Dulat as to why and on whose behalf did he go to meet Farooq, when he was under house arrest.

Omar was expected to win the Lok Sabha elections and enter the Indian Parliament. Farooq, on the other hand, would be the Chief Minister in Srinagar. Unfortunately, Omar lost the elections in Baramulla, so they had to re-draw their plans. Omar then contested the 2024 elections and became the Chief Minister.

Dulat points out to Vir Sanghvi that Farooq has changed vastly since abrogation of article 370. It hurt him deeply, and today, there is much more empathy for him in the valley than in the past. Creation of the People's Alliance for the Gupkar Declaration (PAGD) is a major initiative of Farooq Abdullah. It seeks to bring the Kashmiri people together and he seems to have created his own little assembly.

Vir Sanghvi suggests that even in the days of Advani, Vajpayee and Brajesh Mishra, they planned to keep Farooq out of Kashmir and promote Omar. Dulat agrees and goes on to mention that the lure of India's Vice President-ship was thrown, perhaps to mislead Farooq. He confesses that unwittingly, he became a party to this fraud against Farooq. It was at his house over dinner that the National Security Advisor, Brajesh Mishra told Farooq about their plans to offer him the Vice President-ship.

Vir Sanghvi and Dulat compare the father and the son and both agree that Farooq is accessible, open-minded and always seeking outside views and opinions. Omar, on the other hand, is closed in his approach, keeps his own counsel and rarely reaches out to anyone on his own. Dulat mentions that Farooq may look accommodating but is not a push over, and if you're reasonable, then, he will be with you. There is a lot of skill beneath the laughter and bonhomie displayed by Farooq. Omar, on the other hand, is seen by Dulat as a straight-forward, predictable, public school product.

Both Dulat and Vir Sanghvi agree that selective portions from the book have been picked out, and used out of context. There seems to be a campaign now, to paint Farooq as a 'stooge' of Delhi and distance him from the people of Kashmir. The book has become a means, suggests Vir Sanghvi. Whether the Abdullah family or Omar understands it or not, is a different matter. This has put a lot of pressure on Farooq. Dulat quotes NSA MK Narayanan's book that "If Farooq had not been with us, Kashmir may not have stayed with us."

Dulat mentions how Yaseen Malik of JKLF supported militancy, thinking Pakistan will jump into Kashmir, once things got heated up. On the lines of what India did in Bangladesh. Nothing of that sort transpired, as Pakistan wanted these boys to continue on their own. Supporting them from across the border continued. Finally, their armed insurgency was abandoned and Yaseen Malik mainstreamed himself.

Vir Sanghvi and Dulat discussed the infamous highjacking of the Indian Airlines incident, sharing lesser-known facts and instances of missed opportunities. Even on that front, Farooq comes out as a strong-willed nationalist leader, not ready to compromise with separatists.

Dulat regrets that as of today, the movement for restoring Statehood has not gathered enough momentum. Though Omar says he has been given assurances that it will be restored shortly.

Barkha Dutt calls this book, a racy intimate portrait of Farooq Abdullah. She emphasis that according to Dulat, Farooq has always been a nationalist. The book reflects the flamboyant, impetuous, mercurial side of Farooq's personality. Do the father and son, Farooq and Omar, see eye to eye on politics? Do they think the same way ideologically? Will the National Conference ever ally with the BJP? What transpired in the Abdullah camp in the aftermath of the abrogation of article 370? These and many other questions, as emphasized by Barkha, are answered in Dulat's latest book.

Dulat reveals that all the books that he has written have Kashmir as the center. This book is not a biography; it is a book about Farooq, as he knows him. He feels that Farooq has changed greatly after the abrogation of article 370. He is a very different person now, as compared to the past. He has mellowed down and become deeply religious. Reading the Quran every so often. Some years ago, he may not have agreed to writing a book on him. Now, he realizes that time is getting over for everyone concerned. Barkha asks Dulat as to why and on whose behalf did he go to meet Farooq, when he was under house arrest. Around the time of the abrogation. Dulat takes her back to 1990 and says that back then, he asked Delhi if he should engage Farooq. This time, too, he went to Farooq, conveying a message from Delhi, namely not to speak to the press and not to criticize the government. Dulat admits he was a messenger from Delhi, but not a mediator. Farooq was a heart-broken man and deeply hurt by the abrogation of article 370. Farooq did not speak at all, his disappointment was severe and he preferred keeping mum. Dulat did not reveal who had encouraged him to do this track two outreach.

Delhi never understands that Farooq can never be pushed. That aspect of him remains unchanged. Even Rajiv started understanding the persona of Farooq very late in the day. Though, they had a comfortable relationship, but by then, many things had happened and Farooq had made up his mind to leave. In 1990, Farooq resigned and refused to listen to even Rajiv.

Can the National Conference NC ever be in business with the BJP? After all, politics is the art of the possible, admits Barkha. India alliance became a viable option for NC after Rahul's pad yatra. Fortunately, NC got 42 seats in 2024 and it was a victory for Farooq. Today, Farooq is not prepared to do a deal with BJP but, as they say, never say never, added Dulat.

Barkha enquired if Dulat is hard on Omar as he admits that Omar is very correct, very straight, like the head boy of Sanawar, which he once was. For Dulat, Farooq is, by far, the tallest of leaders in India. Though, he is sometimes torn between his love for Kashmir and the love for his son. If Omar had not lost his Baramulla parliamentary election, then Farooq would have been CM of Kashmir in 2024. The father changed his mind, sacrificed his desire to be CM. He has now become most protective of his son, even glorifying him.


Surprisingly, Delhi and Islamabad both prefer Omar. Keeping Farooq out of Kashmir has many supporters. After all, Omar is simple to deal with while Farooq is most difficult to manage. Even Vajpayee liked Omar and made him a minister. Dulat again mentions the repeated betrayals of Farooq by Delhi. Barkha concludes by asking, did Farooq make any political mistakes. Dulat answers, *"Farooq apne baap ka bhi baap hai."* He lived life like Ulysses, but now he is mellowed down and become spiritual.

rajeshsharma1049@gmail.com



Barkha Dutt and Dulat in conversation.

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# भारत-पाक तनाव के बीच सीकर जिला प्रशासन ने तैयारियां जांची

## बायोस्कोप मॉल पर जुटा प्रशासन, घायलों को बचाने में ताकत दिखाई

**सीकर,** (निसं)। भारत-पाकिस्तान सीमा पर तनाव के बीच बुधवार को सीकर में जिला प्रशासन ने किसी भी आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों को परखा। रानी सती रोड स्थित बायोस्कोप मॉल पर हवाई हमले की काल्पनिक स्थिति मानते हुए बुधवार को एक मॉक ड्रिल आयोजित की गई। इसमें स्वास्थ्य विभाग, पुलिस, सिविल डिफेंस, अग्निशमन और अन्य विभागों ने समन्वय के साथ बचाव व राहत कार्यों को अंजाम दिया।

जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बताया कि बुधवार शाम चार बजे मॉल पर हवाई हमले की सूचना मिलने के तुरंत बाद एक्शन शुरू हुआ। सबसे पहले यातायात रोका गया। अग्निशमन दल ने आग पर काबू पाया, जबकि सिविल डिफेंस की टीम ने मॉल से घायलों को रेस्क्यू किया, जिसमें एक बच्चा भी शामिल था, जिसको मॉल की तीसरी मंजिल से रेस्क्यू किया गया।



**सीकर में बायोस्कोप मॉल पर हवाई हमले की काल्पनिक स्थिति मानते हुए सिविल डिफेंस की टीम ने मॉल से घायलों को रेस्क्यू किया।**

घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया। काल्पनिक स्थिति में दो लोगों की मौत और आठ के गंभीर रूप से झुलसने की बात कही गई, जबकि 13 घायलों को सुरक्षित निकालकर कुल 23 का रेस्क्यू किया गया।

जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा और पुलिस अधीक्षक भवन भूषण यादव ने अस्पताल में पहुंचकर घायलों का हाल जाना और स्वास्थ्य विभाग को हरसंभव चिकित्सा सुविधाएं देने के निर्देश दिए। मॉक ड्रिल में एडीएम रतन कुमार, एडीएम सिटी भावना शर्मा, एडिशनल एसपी गजेंद्र सिंह जोधा, एसडीएम सीकर निखिल कुमार सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

यह मॉक ड्रिल प्रशासन की तैयारियों और विभागों के बीच तालमेल का शानदार नमूना रही। पुलिस, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, सिविल डिफेंस, स्काउट गाइड और नगर परिषद की टीमें भी इस दौरान सक्रिय रही। जिला कलेक्टर शर्मा ने बताया कि हवाई हमले की स्थिति में ब्लैकआउट बेहद जरूरी है। सायरन बजते ही लोगों को बिजली बंद कर सुरक्षित स्थान पर जाना होगा। वाहनों की लाइट बंद कर उन्हें सड़क किनारे खड़ा करना होगा। उन्होंने सीकरवासियों से ब्लैकआउट अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की।

# डंपर यूनियन का आंदोलन जारी, आज चक्काजाम करेंगे

**झुंझुनूं,** (निसं)। ई-रवन्ना के खिलाफ काटे गए चालान और चालान की राशि जमा ना करवाने पर निलंबित की गई आरसी के खिलाफ बुधवार को 10वें दिन भी डंपर मालिकों का आंदोलन जारी रहा। वहीं डंपर यूनियन ने प्रेस वार्ता कर गुरूवार को अनिश्चितकाल के लिए चक्काजाम का ऐलान कर दिया।

प्रेस वार्ता में यूनियन के अध्यक्ष डॉ. सत्यप्रकाश तथा प्रवक्ता विकास पायल ने बताया कि 10 दिन से उनका धरना व क्रमिक अनशन डीटीओ कार्यालय झुंझुनूं के बाहर चल रहा है। उन्होंने डिप्टी सीएम, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, विधायकों, मंत्रियों और कलेक्टर, एसपी तक अपनी बात पहुंचाई है, लेकिन सिवाय कोरे आश्वासन के कुछ नहीं मिला, इसलिए अब यूनियन आर-पार की लड़ाई लड़ेगी, क्योंकि 10 दिन से डंपरों-ट्रकों से जुड़े मालिक, कर्मचारी और अन्य कामगार बेरोजगार हो गए हैं। यूनियन के अध्यक्ष डॉ. सत्यप्रकाश ने बताया कि डंपरों के बंद होने से हर दिन पेट्रोल पंपों पर डेढ़ से दो करोड़ की बिक्री कम हो गई है। क्रशरों पर लगे मजदूर बेरोजगार हो गए हैं। खान विभाग को हर दिन 50 से 60 लाख रूपए की

- **ई-रवन्ना के खिलाफ काटे गए चालान और चालान की राशि जमा ना करवाने पर निलंबित की गई आरसी के खिलाफ आंदोलन जारी**

रॉयल्टी का नुकसान हो रहा है। इसलिए जब तक उनके चालान की राशि माफ, आरसी बहाल और झुंझुनूं डीटीओ की सीबीआई-ईडी से जांच नहीं हो जाती, तब तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा। यूनियन ने बताया कि उन्हें विधायक पितराम काला के अलावा पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा, कांग्रेस नेता राजेश गोदारा के साथ-साथ आरएलपी, एसएफआई, डीवाईएफआई, किसान महासभा, मजदूर संघ, क्रशर एसोसिएशन, पेट्रोलियम एसोसिएशन आदि ने समर्थन दिया है। आंदोलन लगातार जारी रहेगा। इस दौरान झुंझुनूं डंपर यूनियन के अध्यक्ष डॉ. सत्यप्रकाश, प्रवक्ता विकास पायल, रोहतास बांगड़वा, आशुतोष, चीकू कुलहरि, महेंद्र दयाल, बजरंग यादव, सुनील फौजी जगदीश समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

डंपर यूनियन की तीन मांगों में प्रमुख रूप से परिवहन विभाग द्वारा रद्द की गई डंपरों की आरसी को तत्काल बहाल करने, ई-रवन्ना के भारी-भरकम चालानों को पूर्णतया समाप्त करने, डीटीओ डॉ. मक्खनलाल जांगिड़ को तुरंत निलंबित कर उनकी अवैध संपत्तियों की सीबीआई या किसी उच्चस्तरीय एजेंसी से जांच करवाने की मांग की गई है।

यूनियन के चक्काजाम की चेतावनी के बाद जिले के व्यापारियों और आमजन में चिंता का माहौल है। व्यापारी वर्ग को आशंका है कि चक्काजाम के कारण माल ढुलाई प्रभावित होगी और बाजारों में जरूरी सामानों की किल्लत हो सकती है। वहीं आम लोग भी सड़कों के ठप होने से परेशान रहेंगे। डंपर यूनियन ने प्रशासन को बुधवार शाम तक का अल्टीमेटम दिया है। यदि मांगें नहीं मानी गईं, तो गुरुवार सुबह 10 बजे से अनिश्चितकालीन चक्का जाम शुरू कर जिले की परिवहन व्यवस्था को पूरी तरह ठप कर दिया जाएगा। अब सबकी नजरें प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं।

# दरगाह दीवान के बेटे नसीरुद्दीन चिश्ती ने "ऑपरेशन सिंदूर" का समर्थन किया

**अजमेर,** (कासं)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों का बदला लेने और जवाबी कार्रवाई करते हुए भारतीय सेनाओं ने करारा जवाब देते हुए पाकिस्तान और पीओके स्थित आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की। सेना द्वारा पाक और पीओके में 9 आतंकी ठिकानों पर की गई एयर स्ट्राइक पर ऑल इंडिया सूफी सज्जादानशीन काउंसिल के चेयरमैन और अजमेर शरीफ दरगाह के दीवान के उत्तराधिकारी सैयद नसीरुद्दीन चिश्ती ने खुशी जताई और एयर स्ट्राइक ऑपरेशन का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि यह नया भारत है जो घर में घुस कर मारेगा। एयर स्ट्राइक का नाम ऑपरेशन सिंदूर रखा गया, जो भारतीय संस्कृति और माताओं-बहनों के

- **यह नया भारत है जो घर में घुस कर मारेगा : नसीरुद्दीन चिश्ती**

सम्मान का प्रतीक माना जा रहा है।

सैयद नसीरुद्दीन ने कहा कि भारतीय सेनाओं का लोहा पूरी दुनिया जानती है और भारत की क्या ताकत है। ये भारत ने दिखा दी है, जिस तरीके से एयर स्ट्राइक कर सैनिक वापस लौटे हैं। इसके लिए मैं दिल से सभी सैन्यकर्मियों को सलाम करता हूं और बधाई देता हूं। इस ऑपरेशन सिंदूर ने पूरे देशवासियों को जैसी उम्मीद थी उस पर भारत सरकार और भारतीय सेना खरी उतरी है।

उन्होंने प्रधानमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि पाकिस्तान को उसकी भाषा में जवाब देने में प्रधानमंत्री मोदी सक्षम है, जिससे पूरी दुनिया को मैसेज मिला है कि ये नया भारत है, यहां अब शब्दों से जवाब नहीं दिया जाता, बल्कि फैसलों और नतीजों से जवाब दिया जाता है। भारत अब किसी के आगे झुकने वाला नहीं है न सुनने वाला है। अब आतंकवाद को जड़ से खत्म करके रहेगा। भारतीय संस्कृति में सिंदूर का एक विशेष स्थान है, क्योंकि विवाहित महिलाएं इसे सुहाग की निशान के तौर पर मांग में लगाती हैं, लेकिन पहलगाम हमले में आतंकियों ने हमारी माताओं-बहनों के सिंदूर को उजाड़ दिया था। जिसके कारण ऑपरेशन सिंदूर के जरिए इसका बदला लिया है। मुझे विश्वास है कि जो ठिकाने बच गए हैं, उन्हें भी नेस्तनाबूद किया जाएगा।

# शादी में जा रही महिला बाइक से गिरी, घायल

**पाली,** (निसं.)। पाली में एक 28 साल की विवाहिता बाइक पर अपने पति और बच्चों के साथ अपने पीहर शादी में जा रही थी। बीच रास्ते स्पीड ब्रेकर बाइक उछली जिससे महिला नीचे गिर गई। जिससे उसके सिर में गंभीर चोट लगी लेकिन गोद में अपने छोटे बच्चे को चोट नहीं लगने दी। इलाज के लिए परिजन उसे पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां उसका उपचार किया गया। जानकारी के अनुसार, पाली के निकट स्थित जाडन गांव निवासी सुरेश कुमार अपनी पत्नी पत्नी ममता और बच्चों को लेकर मंगलवार शाम को जाडन से निम्बली अपने ससुराल बाइक से रवाना हुआ, ताकि वहां आयोजित शादी समारोह में भाग ले सके। रास्ते में स्पीड ब्रेकर पर बाइक उछल गई।

# एनजीटी ने डीएमएफटी फंड के अनुचित उपयोग के मामले में सरकार को फटकार लगाई

**भीलवाड़ा,** (निसं)। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की मध्य क्षेत्र पीठ भोपाल ने डीएमएफटी फंड के अनुचित उपयोग के मामले में राजस्थान सरकार को कड़ी फटकार लगाई है। न्यायमूर्ति श्यो कुमार सिंह न्यायिक सदस्य व डॉ. अफरोज अहमद विशेषज्ञ सदस्य की पीठ ने राज्य के पर्यावरण सचिव और राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सचिव को व्यक्तिगत शपथ पत्र दाखिल कर विस्तृत जवाब प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। एनजीटी ने यह आदेश भीलवाड़ा निवासी पर्यावरणविद् बाबूलाल जाजू की अधिवक्ता दीक्षा चतुर्वेदी के मार्फत दायर जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान दिया।

याचिकाकर्ता जाजू ने यह आरोप लगाया गया था कि राजस्थान सरकार

- **याचिकाकर्ता जाजू ने यह आरोप लगाया गया था कि राजस्थान सरकार द्वारा डीएमएफ फंड का समुचित और नियमानुसार उपयोग नहीं किया गया है**

द्वारा डीएमएफ फंड का समुचित और नियमानुसार उपयोग नहीं किया गया है, साथ ही जब न्यायालय द्वारा डीएमएफटी फण्ड के खर्च की विस्तृत जानकारी मांगी तो राज्य सरकार की ओर से कोई ठोस जानकारी नहीं दी गई। एनजीटी ने टिप्पणी की कि राजस्थान सरकार की ओर से जो रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, उसमें फंड के उपयोग की कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई है। इसलिए संबंधित उच्च अधिकारी चार सप्ताह के भीतर न्यायाधिकरण में विस्तृत रिपोर्ट दाखिल करें, जिसमें डीएमएफटी खर्च की सभी मदों की जानकारी हो। मामले में आगामी 6 अगस्त को अगली सुनवाई होगी।

जाजू ने बताया कि उनके द्वारा लिखित में अनेक बार जनप्रतिनिधियों एवं भीलवाड़ा जिला कलेक्टर को डीएमएफटी फंड से पौधारोपण एवं रखरखाव का सुझाव दिया गया था, परंतु डीएमएफटी फंड से पौधारोपण के बजाय केवल निर्माण कार्य को ही बढ़ावा दिया गया। जाजू ने आगे बताया कि भीलवाड़ा के जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट फंड में लगभग 2000 करोड़ की राशि जमा है। उन्होंने इस राशि का उपयोग स्थानीय सिलिकोसिस रोगियों की बेहतरी और खनन से प्रभावित क्षेत्रों के पर्यावरणीय विकास एवं मूलभूत सुविधाओं में करने की आवश्यकता बताई। जाजू ने कलेक्टर और जन प्रतिनिधियों से स्मृति वन में 30,000 पौधे लगाने, कोठारी नदी पर प्राकृतिक रिवर फ्रंट बनाकर नदी के दोनों किनारों पर दो लाख पौधे लगाने, रिंग रोड पर पौधारोपण करने और सुरक्षा व्यवस्था को अनुबंध पर देने, भीलवाड़ा की सभी ग्राम पंचायतों में प्रतिवर्ष 10 हेक्टेयर क्षेत्र में पौधारोपण करवाने की भी अनेक बार मांग की थी। जाजू ने यह भी बताया कि सरकार द्वारा डीएमएफटी फंड का नियमानुसार उपयोग नहीं किए जाने के कारण उन्हें मजबूर होकर फण्ड का नियमानुसार उपयोग कराने के लिए याचिका दायर करनी पड़ी।

# मेडिकल छात्रा को परेशान करने का मामला दर्ज

उदयपुर, (कासं)। मेडिकल छात्रा का पीछा कर उसे मानसिक एवं शारीरिक रूप से परेशान करने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मेडिकल छात्रा ने आरोपी कोटा निवासी मनोज मीणा उर्फ आर्यन के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया, जिसमें उसने बताया कि आरोपी से मेरा पुराना संपर्क था। कुछ समय बाद संपर्क टूट जाने से बातचीत करना बंद हो गया। गत दिनों से आरोपी ने पिछा कर तथा मुझे फोन पर आपत्तिजनक मैसेज डाल कर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। इसको लेकर एतराज करने पर आरोपी ने मुझे धमकाना शुरू कर दिया। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। जिसकी जांच हाथीपोल थाना एएसआई शंभूसिंह को सौंपी है।

**कार चोरी :** उदयपुर शहर के प्रतान नगर थाना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ कार चुरा ले जाने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित श्यामलाल पुत्र बगदीराम खटीक निवासी मुकुलदास खेड़ी डूंगला हॉल झरनों की सराय प्रतापनगर ने प्रकरण दर्ज करवाया।

# पालीमें अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाया

## कुछ लोगों ने अतिक्रमण हटाने में भेदभाव का आरोप भी लगाया

**पाली,** (नि.सं.)। पाली में बुधवार को सुबह एक बार अतिक्रमण पर निगम का बुलडोजर चला। अधिकारियों की मौजूदगी में पांच मौका पुलिया से सूरजपोल तक नाले पर किया गया अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान कुछ लोगों ने अतिक्रमण हटाने में भेदभाव का आरोप भी लगाया।

मानसून में शहर में फिर जलभराव की हालत न हो इसको लेकर नगर निगम की और से नालों पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई पिछले कुछ दिनों से की जा रही है। जिन लोगों ने नोटिस के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाया वहां से अतिक्रमण हटाने की करवाई बुधवार सुबह की गई। इस दौरान विमलेंद्र राणावत, सिटी ऊषा यादव, नगर निगम आयुक्त नवीन भारद्वाज मौजूद रहे, जिनके दिशा निर्देश में नगर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने अतिक्रमण हटाने की करवाई की। निगम के आयुक्त नवीन भारद्वाज

- **जिन लोगों ने नोटिस के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाया, वहां से अतिक्रमण हटाये**

ने बताया कि मानसून में शहर में जल भराव के हालात न हो इसलिए नालों से अतिक्रमण हटाने की करवाई कि जा रही है। पाली शहर के नया गांव रोड पर सड़क किनारे बड़ा नला बना हुआ है। जिसे अतिक्रमण के दुकानदारों ने ढक रखा है। जबकि मानसून के दौरान सबसे ज्यादा जल भराव के एरिया में नया गांव भी आता है। लेकिन निगम की टीम इस नाले से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नहीं कर रही। वहीं पूर्व पार्षद राकेश भाटी ने आरोप लगाते हुए बताया कि नगर निगम द्वारा पांच मौका पुलिया के पास केवल एक व्यक्ति की दुकान को टारगेट करते हुए उसे तोड़ गया है।

# नकबजनी के दो आरोपियों को जेल से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया

**सांभरझील,** (निसं)। नकबजनी करने वाले गिरोह के फरार चल रहे दो आरोपियों को स्थानीय पुलिस रतनगढ़ जिला चूरु उप कारागृह से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर आगामी अनुसंधान हेतु पूछताछ के लिए सांभर लेकर आई।

- **पूर्व में वारदात का खुलासा कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर चुराये गए जेवरात व रूपये बरामद किये थे**

आनन्द शर्मा उप महानिरीक्षक पुलिस सह पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण ने बताया है कि 22 जनवरी को थाना सांभर अंतर्गत कोच्या की ढाणी में बन्द मकान के ताले तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात व नगदी चोरी करने के संबंध में परिवादी देवकरण गुर्जर पुत्र श्रवण लाल निवासी कोच्या की ढाणी द्वारा रिपोर्ट पेश की गई थी। थानाधिकारी राजेंद्र यादव ने



**रतनगढ़ जिला चूरु उप कारागृह से नकबजनी के आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस सांभर लेकर आई।**

बताया कि प्रकरण में पूर्व में वारदात का खुलासा कर एक आरोपी इमरान को गिरफ्तार कर कब्जे से चुराये गए सोने-चांदी के जेवरात व नगद रूपये बरामद किये गए थे तथा आरोपी इमरान से पूछताछ की तो दो अन्य आरोपी को वारदात में संलिप्त होना बताया। प्रकरण में दोनों फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू शिवलाल बैरवा के निर्देशन में वृत्ताधिकारी सांभर अनुपम मिश्रा के सुपरविजन में तथा थानाधिकारी सांभर के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा प्रकरण में फरार चल रहे दोनों आरोपियों की आसूचना संकलन व तकनीकी सहायता द्वारा मालूम किया तो आरोपी मोहम्मद नईम ऊर्फ सोनू उर्फ सानू पुत्र मोहम्मद ईस्माइल छीपा निवासी कागो कागडी कॉलोनी नागौरी गेट थाना नागौरी जिला जोधपुर (पूर्व) व सद्दाम हुसैन उर्फ पारो पुत्र मोहम्मद खलील कुरेशी निवासी घनशहीदा कॉलोनी कबीर नगर कायलाना चौराहा पुलिस थाना सूरसागर जिला जोधपुर (पश्चिम) वर्तमान में उप कारागार रतनगढ़ जिला चूरू में बंद होना मालूम हुआ।

गठित टीम द्वारा दोनों आरोपियों को उप कारागार रतनगढ़ जिला चूरू से पांच मई को प्रोडेक्शन वारण्ट पर प्राप्त कर पूछताछ की तो वारदात करना स्वीकार किया जिस पर बाद जूर्म प्रमाणित पाया जाने पर दोनों आरोपियों मोहम्मद नईम उर्फ सोनू उर्फ सानू व सद्दाम हुसैन उर्फ पारो को गिरफ्तार किया। आरोपी मोहम्मद नईम के खिलाफ जिला नागौर, बीकानेर व चूरू में 8 आपराधिक मामले व आरोपी सद्दाम हुसैन के खिलाफ जिला चूरू, जोधपुर व नागौर में कुल 21 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# अभ्यर्थियों को संशोधन का मौका

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग ने डिप्टी जेलर प्रतियोगी परीक्षा-2024 के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को 8 से 14 मई तक ऑनलाइन संशोधन का अवसर प्रदान किया है। अभ्यर्थी इस अवधि में अपने आवेदन में नाम, पिता का नाम, जन्म तिथि, फोटो और जेंडर को छोड़कर अन्य सभी विवरणों में संशोधन कर सकेंगे।

आयोग सचिव ने बताया कि यह सुविधा केवल ऑनलाइन माध्यम से ही उपलब्ध होगी और ऑफ लाइन संशोधन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। इच्छुक अभ्यर्थियों को ई-मित्र या ऑनलाइन बैंकिंग के जरिए पांच सौ रुपए का शुल्क जमा कराना होगा। इसके बाद वे आयोग की वेबसाइट या एसएसओ पोर्टल पर जाकर संबंधित परीक्षा में संशोधन कर सकते हैं। आयोग ने बताया कि यदि किसी अभ्यर्थी ने निर्धारित शैक्षणिक योग्यता या अनुभव के बिना आवेदन किया है, तो उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 217 के तहत कार्रवाई की जा सकती है और उसे भविष्य की भर्तियों से वंचित किया जा सकता है। ऐसे अभ्यर्थी 8 से 14 मई के बीच अपना आवेदन एसएसओ पोर्टल पर जाकर विड्रा बटन के जरिए वापस ले सकते हैं।

# ज्वैलरी की दुकान पर अज्ञात चोरों ने लाखों के गहने चुराए

**खिरोड़,** (निसं)। चिराना कस्बे में स्थित ज्वैलरी की दुकान में मंगलवार देर रात को अज्ञात चोरों ताले तोड़कर गहने चुराकर ले जाने का मामला गोठड़ा थाने में दर्ज हुआ है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक चिराना निवासी रोहित सोनी पुत्र मदनलाल सोनी ने गोठड़ा थाने में अपनी दुकान पर चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

रिपोर्ट में बताया कि सीकर रोड पर स्थित गणेश मंदिर के पास मेरी दुकान है। मंगलवार की देर रात करीब 1:41 बजे चोर मेरी दुकान का ताला तोड़कर चोर अंदर घुस गए और 750 ग्राम चांदी का सामान व ढाई ग्राम की सोने की बाली अज्ञात चोर चुरा कर ले गए। चोरी की पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसकी रिकोर्डिंग है। अज्ञात चोर 1:41 पर दुकान का ताला तोड़ा गया और 3:17 बजे चोर अंदर घुस गए एवं 3:21 बजे चोरी की घटना को अंजाम देकर बाहर निकल गये। चोरों के खिलाफ कार्यवाही करने व चोरी का सामान बरामद करवाने की मांग की है। इधर गोठड़ा थाना पुलिस को चिराना गांव में ज्वेलरी की दुकान



**पुलिस ने मौके पर जाकर जानकारी ली।**

में चोरी होने की घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जांच पड़ताल कर पुलिस ने मामले को दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

ज्वेलरी की दुकान में अज्ञात चोरों ने रात को एक बजकर 41 मिनट पर दुकान का शटर तोड़कर काफी देर तक कुछ भी मूवमेंट नहीं हुआ और 3:17 पर अज्ञात चोर दुकान के अंदर घुसे एवं 3:21 पर चोरी की घटना को अंजाम देकर दुकान के बाहर निकल गए। इस घटना में दो से तीन लोग बताए जा रहे हैं। इन अज्ञात चोरों ने दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे को तोड़कर दुकान का ताला तोड़ने की घटना को अंजाम दिया है। अज्ञात चोरों ने इस दुकान के पीछे की दीवार को भी तोड़ने की कोशिश की। मगर दीवार का कुछ हिस्सा तोड़कर बीच में ही छोड़ दिया। बाद में दुकान का शटर तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन के प्रति गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन से इन चोरियों का खुलासा करवाते हुए संबंधित दुकानदार का सामान भी बरामद करवाए जाने की मांग की है।

# नारायणपुर में पेयजल संकट को लेकर महिलाओं ने जमकर हंगामा किया

**नारायणपुर,** (निसं)। उपखंड क्षेत्र में बढ़ती गर्मी के साथ गहराते पेयजल संकट को लेकर बुधवार को एसडीएम कार्यालय में ब्लॉक स्तरीय बैठक का आयोजन उपखंड अधिकारी दिनेश शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। बैठक के दौरान रैगरों की बावड़ी, खेंटा, बलाईयों का मोहल्ला और बागाला की ढाणी से आई महिलाओं ने उपखंड कार्यालय के बाहर जोरदार हंगामा किया। महिलाओं ने पेयजल संकट को लेकर तहसीलदार अनिल कुमार, एईएन विजय मीरवाल, जेईएन सुशीला सैनी, मनीष आदित्य व चेयरमैन प्रतिनिधि भवानी शंकर सैनी को जमकर खरी-खोटी सुनाई।

प्रदर्शनकारी महिलाओं ने बताया कि उन्होंने कई बार जलदाय विभाग के अधिकारियों व चेयरमैन को पानी की समस्या से अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ है। हंगामे के बीच अधिकारियों ने महिलाओं को समस्या समाधान का आश्वासन दिया और समझाइश के बाद महिलाएं शांत हुई। बैठक में ग्रामीण जयराम सैनी और धुडाराम यादव ने मोरडी की ढाणी में



**एसडीएम कार्यालय में ब्लॉक स्तरीय बैठक के दौरान महिलाओं ने हंगामा किया।**

जल जीवन मिशन (जेजेएम) के तहत डाली गई पाइपलाइन में अनियमितताओं की शिकायत की और पाइपलाइन को ड्राइंग के अनुसार डालने की मांग की। इसके अलावा अन्य ग्रामीणों ने भी अपने-अपने क्षेत्रों की पेयजल समस्याएं अधिकारियों के सामने रखी। एसडीएम दिनेश शर्मा ने जलदाय विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मौके पर जाकर समस्याओं की जांच करें और तुरंत प्रभाव से पेयजल व्यवस्था में सुधार करें। उन्होंने निर्देश दिए कि जहां पाइपलाइन से पानी नहीं पहुंच रहा है, वहां टैंकर से आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। बैठक में बिजली एईएन नितिन गुप्ता, विधायक के निजी सहायक मनीष आत्रै, कराणा सरपंच देवीसिंह शेखावत,

- **महिलाओं ने पेयजल संकट को लेकर तहसीलदार, एईएन, जेईएन व चेयरमैन प्रतिनिधि को खरी-खोटी सुनाई**
- **अधिकारियों ने महिलाओं को समस्या समाधान का आश्वासन दिया और इसके बाद महिलाएं शांत हुई**

विजयपुरा सरपंच मोहनलाल वर्मा, चतरपुरा सरपंच नीरज तोणगरिया, सरपंच भागीरथ सैनी, उपप्रधान रामनिवास भादू, मातादीन गुर्जर, हरद्वारी लाल शर्मा, जलेसिंह मीणा, कैलाश चंद सैनी, नत्थुराम प्रजापत, मीना देवी, धमली देवी, बिमला, ममता देवी, कोशल्या देवी, लीलो देवी सहित बड़ी संख्या में पुरुष और महिलाएं उपस्थित रही।

## संक्षिप्त

### मॉक ड्रिल का अभ्यास कराया

**बौंली, बामनवास।** आदर्श बालिका माध्यमिक विद्यालय छोटा बाजार बौंली के सभागार में राष्ट्र को आतंकवाद मुक्त एवं सुरक्षित रखने के लिए भारत सरकार द्वारा 7 मई को सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल करने के निर्णय को लेकर छात्र-छात्राओं महिलाओं व आमजनों को जानकारी दी गई। भाजपा के पूर्व मंडल महामंत्री गोविंद नारायण भदोरिया ने बताया कि सिविल डिफेंस मार्क ड्रिल एक नियोजित अभ्यास है जिसका उद्देश्य नागरिकों को आपातकालीन स्थितियों जैसे हमले, हड़ताल, युद्ध या प्राकृतिक आपदा के लिए तैयार करना होता है। कार्यक्रम के दौरान यदि हमारे ऊपर अचानक कोई किसी प्रकार की आपदा आ जाए तो हम किस प्रकार स्थिति का मुकाबला कर सके इसके बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए अभ्यास कार्य भी करवाया गया। कार्यक्रम के दौरान भगवान सिंह नरूका सहित अन्य को बालक, बालिकाएं एवं महिला, पुरुष उपस्थित थे।

### आपात बैठक बुलाई

**शाहपुरा।** शाहपुरा एसडीएम ने मॉक ड्रिल को बुधवार को आपात बैठक बुलाई। एसडीएम संजीव कुमार खेदर ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। एसडीएम खेदर ने मॉक ड्रिल की रणनीति व सावधानियों को लेकर दिए आवश्यक निर्देश। एसडीएम ने आगामी आदेशों तक अधिकारियों व कर्मचारी को छुट्टी नही लेने की अनुमति दी। एसडीएम ने कहा सभी अधिकारी और कर्मचारी पूर्ण सजगता के साथ अपनी जिम्मेदारियां निभाएं। बैठक में तहसीलदार नीलमराज, डीएसपी मुकेश चौधरी, एसएचओ हेमराज सिंह, बीडीओ राकेश वर्मा, ब्लॉक सीएमएचओ विनोद शर्मा समेत ब्लॉक के कई अधिकारी रहे मौजूद।

### विशाल भजन संध्या आज

**निवाई।** इन्दिरा कॉलोनी में स्थित श्याम मन्दिर में एकादशी पर भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। मुरारी अठावाल ने बताया एकादशी पर बाबा श्याम का पन्चामृत से अभिषेक किया जाएगा एवं बाबा श्याम का कलकत्ता के फूलों से भव्य श्रंगार कर छप्पन भोग की झांकी सजाई जाएगी। उन्होंने बताया कि रात्रि में श्याम मन्दिर प्रांगण में विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा। भजन संध्या के बाद महाआरती कर श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की जाएगी।


### भंडारे का आयोजन

**शाहपुरा।** विराटनगर कस्बे के वार्ड नंबर 18 तेजाजी की ढाणी में स्थित तेजाजी महाराज के विशाल मेले एवं भंडारे का आयोजन किया गयाजिसमें स्थानीय संघ विराटनगर के स्काउट मास्टर विक्रम कुमार कुंभावत, सुलतान राम माली के सानिध्य में टोली नायक यशवंत कोली, विशाल प्रजापत, विष्णु कुमावत के निर्देशन में स्काउट योगेश यादव, युवराज सैनी, कुलदीप कुम्हार, मोहन कुम्हार, धर्मेंद्र कुम्हार, राहुल सैनी, प्रिंस,अवधेश, गुड्डू , साहिल, मनीष, उमेश, नीरज, योगेश सहित 20 स्काउट्स ने सेवा कार्य किया। मेला कमेटी ने स्काउट्स को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। महावीर मासी एण्ड पार्टी द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर मेला कमेटी सदस्य भीमराज यादव, सुनीलाल यादव, राजेंद्र यादव, पुरण यादव, दीपक यादव, धूनीलाल यादव सहित अनेक कार्यकर्ता एवं भक्तगण मौजूद रहे।

### छात्रावास के लिए दिए 51 हजार रुपये

**कोटपूतली।** कस्बे के निकटवर्ती ढाणी दतालियों की (मोहनपुरा) निवासी रोहिताश कुमार यादव ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बेरी बांध से व्याख्याता पद से सेवानिवृत होने पर श्री कृष्ण छात्रावास विकास हेतु 51 हजार रूपये का सहयोग प्रदान किया। प्रवक्ता रामकरण यादव ने बताया कि पूर्व समाज अध्यक्ष गिरधारी लाल यादव गुरूजी के नेतृत्व में उपस्थित यादव समाज द्वारा रोहिताश कुमार का आभार प्रकट करते हुये माल्यार्पण व राजस्थानी पगडी पहनाकर अभिनंदन किया।


नम्बर मिलाइए
9587884433




सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# ब्लैक आउट मॉकड्रील को लेकर उप जिला कलेक्टर ने ली महत्वपूर्ण बैठक

■ मालपुरा थाने में दोनों ही समुदायों के प्रबुद्धजनों व शहर के गणमान्य लोगों की महत्वपूर्ण बैठक ली

**मालपुरा (निस)** गृह मंत्रालय के आदेशों पर बुधवार को देर शाम देशभर में किये गये ब्लेक आउट मॉकड्रील को लेकर उप जिला कलेक्टर अमित चौधरी ने बुधवार को मालपुरा थाने में दोनों ही समुदायों के प्रबुद्धजनो व शहर के गणमान्य लोगों की महत्वपूर्ण बैठक ली। बडी संख्या में बैठक में पहुंचे लोगो को उप जिला कलेक्टर अमित चौधरी ने बताया कि 15 दिन पूर्व आंतकवादियों द्वारा कश्मीर के पहलगांव मे पर्यटको पर किये गये आंतकवादी हमले के बाद देश मे उपजे हालातो व भारत सरकार के किये गये गहन मंथन के बाद मंगलवार की मध्य रात्रि को भारतीय सैनिको द्वारा की गई ऑपरेशन सिन्दुर एय्यर स्ट्राइक तथा भारत पाकिस्तान के बीच चल रहे वर्तमान तनाव के हालातो यूं कहे कि युद्ध के हालातो को मध्य नजर रखते हुये गृह मंत्रालय के आदेशो पर बुधवार को ब्लेक आउट मॉकड्रील को लेकर जारी गाईडलाईन में बताया कि शाम 7 बजे से रात 11 बजे के मध्य जब भी बडा सायरन बजे तो सभी नागरिक अपने मकान-दुकान इत्यादि की लाईटे बंद कर दे। मोबाईल,टॉर्च,माचिस की तिल्ली या फिर किसी भी प्रकार का कोई रोशनी वाल बटन नही दबाये। दोबारा सायरन बजने के बाद ही बत्ती जलाये। युद्ध के दौरान होने वाली क्षति को कम करने एवं दुश्मन के लडाकु विमानो के द्वारा हवाई हमलो के दौरान किये जाने वाले ब्लेक आउट अभियान मे देश का हर नागरिक अपनी जिम्मेदारी समझे। वही चिकित्सा विभाग ने मॉकड्रील या दुश्मन के हमले मे घायलो को तत्काल चिकित्सा सुविधा मुहैया करवाने के लिये मालपुरा ब्लॉक मे रेपिड,रेस्पॉन्स टीमो का गठन कर प्रत्येक टीम मे तीन चिकित्सक व दो नर्सिंग ऑफिसर तैनात किये है। अस्पताल के खिडकी दरवाजो पर ब्लेक पर्दा लगाया गया। जिला प्रशासन के आदेशो पर उपखण्ड प्रशासनिक स्तर की सूचनाऐं प्रेषित किये जाने हेतु बुधवार से आगामी आदेशो तक एसडीएम कार्यालय मे नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया। जिसका प्रभारी नायब तहसीलदार जयसिंह को बनाया गया। साथ ही युद्ध के हालातो मे नागरिक सुरक्षा के मध्य नजर रखते हुये जिला कलेक्टर के आदेशो पर नागरिक सुरक्षा प्लान के तहत तहसीलदार पवन मातवा को मालपुरा शहर, पंचायत समिति विकास अधिकारी अभिमन्यु चौधरी को ग्रामीण क्षेत्र, ईसरदा जाट डिग्गी नायब को डिग्गी नगरपालिका क्षैत्र, मालपुरा नायब को लाम्बाहरिसिंह नगरपालिका क्षैत्र के नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया। यह व्यवस्था आगामी आदेशो तक जारी रहेगी।



विषम परिस्थितियों से निपटने के लिये मालपुरा जिला अस्पताल में चाक-चौबंद तैयारियां की गई।

## हांगकांग दल के सदस्यों ने कृषि उपज मंडी का किया अवलोकन

■ ई-नाम कार्य प्रणाली देखकर हुए अभिभूत

**निवाई।** हांगकांग से आए दल के सदस्यों ने कृषि उपज मंडी का अवलोकन किया। दल के सदस्य ई-नाम कार्य प्रणाली देखकर अभिभूत हुए। उन्होंने कहा कि ऐसी व्यवस्था तो चीन व हांगकांग में भी नहीं है। कृषि मंडी सचिव कमलकिशोर सोनी ने दल के सभी सदस्यों का राजस्थानी परंपरानुसार साफा बंधवाकर व तिलक लगाकर स्वागत किया। कृषि मंडी सचिव सोनी ने उन्हें मंडी गेट पर आनलाइनई- पोर्टल पर माल का इंद्राज करने व ई- ऑक्शन के बारे में विस्तार से बताया। उसके बाद उन्होंने कृषि मंडी परिसर में लगी हुई ई-ऑयल टेस्टिंग लैब को दिखाया और उसके बारे में जानकारी दी। इसके बाद प्रवासी दल ने सौंफ की खुली बोली में भाग लिया और सौंफ की गुणवत्ता देखकर प्रभावित हुए। इस दौरान दल के सदस्यों ने बताया कि हांगकांग व चीन में सरकारी कृषि मंडियां नहीं है। वहां पर निजी कंपनियों ही क्षेत्र में काम करती हैं। जिससे किसानों को उचित मूल्य नहीं मिल पाता है। जबकि भारत में कृषि विपणन के लिए उन्नत व्यवस्था है। भारत देश में ई-नाम पोर्टल से देश की सभी कृषि मंडियों को जोड़ा हुआ है। इस अवसर पर कृषि मंडी व्यापार मंडल के अध्यक्ष ओम प्रकाश चंवरिया, शिव प्रकाश पारीक पवन चंवरिया व विमल कुमार शहीद अन्य व्यापारियों से दल के सदस्यों ने संवाद किया।

## भामाशाह ने वाटर कूलर भेंट किया

**पावटा।** अभिभावक संघ पावटा अध्यक्ष ओमप्रकाश सैनी की अध्यक्षता में स्व.राधेश्याम सैन सीआरपीएफ की पुण्य स्मृति मे उनकी धर्मपत्नी सरिता देवी, पुत्री स्नेहा सैन, अमित सैन द्वारा उपखंड पावटा परिसर में भीष्ण गर्मी को देखते हुए जनता की सुविधाओं के लिए वाटर कूलर भेंट किया जिसका अभिभाषक संघ पावटा अध्यक्ष ओमप्रकाश सैनी, सचिव सुरेंद्र सिंह, एड. दिलीप सिंह, अशोक सिंह गुर्जर, लोकेश शर्मा, हजारी लाल यादव, उपवन सैनी, नरेश यादव, दिनेश दायमा, रतिराम मीणा, बी. एल. आर्य, मेहर सिंह जाट, सीताराम सैनी, राजेंद्र जाट, बनवारी सेठिया, निर्मल मौर्य, गौरव शर्मा, बुद्धराम यादव, हरिसिंह यादव, किशोरी लाल यादव, रामकिशन बलाई, लाला जाट, स्टांप वेंडर महेंद्र बोहरा, एड. घनश्याम शर्मा, धर्मपाल यादव सहित अधिवक्ताओं ने फीता काटकर शुभारम्भ किया गया। संघ द्वारा भामाशाह परिवार का आभार व्यक्त किया गया।

## छात्र-छात्राओं को किया जागरूक


**निवाई।** युद्ध व आपदा की परिस्थिति में जान माल के बचाव के लिए ठाम पंचायत राहोली के पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नगर व राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय अम्बेडकर कॉलोनी में मॉक ड्रिल का आयोजन हुआ। पीईईओ व प्रधानाचार्य डॉ.योगेन्द्रसिंह नरूका ने बताया कि बच्चों को युद्ध व आपदा के समय परिस्थिति अनुसार निर्णय लेने की क्षमता, सुरक्षित स्थान पर पहुंच, जान-माल की रक्षा करना, जागरूक, सतर्क, शान्त व सकारात्मक रहते हुए किस तरह से अपनी व अपने परिवारजन की जान बचा सकते है। कार्यक्रम प्रभारी पूजा पाटीदार, ललिता महावर व लक्ष्मण सिंह ने बताया कि मॉक ड्रिल में बच्चों को बताया कि सायरन की आवाज सुनते ही लाईट ऑफ करके,खिड़की, दरवाजे बन्द करके किस तरह से स्वयं व अपने परिवारजन को सुरक्षित स्थान तक पहुंचना है।

# बैरवा समाज का तृतीय सामूहिक विवाह सम्मेलन आज

■ तैयारियां जोरों पर, 11 जोड़े बनेंगे हम सफर

**निवाई।** नला रोड पर स्थित बैरवा समाज धर्मशाला में 8 मई को बैरवा महासभा के तत्वाधान में तृतीय नि:शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा जिसको लेकर 11 जोड़ों का पंजीयन हुआ है। संयोजक रामदयाल गुनावत व भवानी लोदी नला ने बताया कि बैरवा महासभा के तत्वाधान में यह तीसरा विवाह सम्मेलन है। उन्होंने बताया कि 8 मई को ग्यारह जोड़ों का विवाह संपन्न करवाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि सम्मेलन को लेकर तैयारियां जोर-शोर पर चल रही हैं। सम्मेलन का आयोजन नला रोड पर स्थित बैरवा समाज धर्मशाला में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सम्मेलन को लेकर हलवाई भोजन व्यवस्थाओं में जुटे हुए हैं। वर-वधु के तोरण के लिए अलग से पांडाल तैयार किए गए है। विवाह सम्मेलन को लेकर पूछताछ कार्यालय, चिकित्सा व्यवस्था, पाणिग्राहण संस्कार, जनकपुरी, अयोध्यापुरी, भोजन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए अलग-अलग विशाल पांडाल बनाए गए है व स्वागत द्वार भी सजाया गया है। गुरूवार को सुबह निकासी निकाली जाएगी। उसके बाद तोरण व वरमाला कार्यक्रम होगा। उसके पश्चात जोडों का पाणिग्राहण संस्कार संपन्न होगा। इसके बाद आशीर्वाद समारोह, सम्मान समारोह, विदाई समारोह व स्नेह भोज सहित कई कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस दौरान जगदीश बैरवा, प्रहलादनारायण बैरवा, संजय बैरवा नला, अशोक बैरवा रजवास व मायालता बैरवा सहित कई पदाधिकारी तैयारियों में जुटे हुए है।



बैरवा समाज के विवाह सम्मेलन को लेकर भोजन तैयार करते हुए हलवाई।

## दस मंजिल से लोगों को किया रेस्क्यू

**भिवाड़ी/किशनगढ़ बास।** आशियाना आंगन भिवाड़ी में मंगलवार को सिविल डिफेंस के तहत आपातकालीन मॉक ड्रिल का अभ्यास शाम 4 बजे किया गया। मॉकड्रिल के तहत सोसाइटी पर हवाई हमले की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन, पुलिस, सिविल डिफेंस,चिकित्सा, अग्निशमन व अन्य संबंधित विभागों की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। प्रशासन व पुलिस द्वारा आपात स्थिति से निपटने के लिए विभिन्न विभागों की प्रतिक्रिया और समन्वय की जांच की गई। दूसरी ओर किशनगढ़ बास में एसडीएम मनीष जाटव के निर्देशन में ऑपरेशन अभ्यास किया गया। तहसीलदार नगर पालिका व थाना अधिकारी जितेंद्र सिंह शेखावत ने पुलिस टीम के साथ मोर्चा संभाला। जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने बताया कि भिवाडी में सायरन की आवाज एवं कंट्रोल रूम में सूचना मिलने के साथ ही पुलिस, प्रशासन की गाड़ियां, एम्बूलेंस व फायर ब्रिगेड घटना स्थल की तरफ दौड़ पड़े।

यह मॉकड्रिल प्लांट में दुश्मन देश के हवाई हमले की स्थिति में मौके पर राहत एवं बचाव कार्य, घायलों को त्वरित रूप से अस्पताल पहुंचाने और अस्पताल की आपातकालीन व्यवस्थाओं की तैयारियों का जायजा लिया।

# नागरिक सुरक्षा के लिए किया मॉक ड्रिल

■ छात्र-छात्राओं को मौक ड्रील के बारे में आवश्यक जानकारी दी गई तथा एसबीएन साइंस स्कूल के छात्रों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान तक ले जाया गया

**श्रीमाधोपुर।** एसबीएन पीजी महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने भारतीय रक्षा मंत्रालय के आदेश व 3 राज बटालियन एनसीसी सीकर के निर्देशानुसार भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध की स्थिति बनने पर नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हवाई हमले के सायरन के बाद की कार्रवाई तथा सायरन बजने पर किस तरह आम नागरिकों को सावधानी बरतनी है,खुद को किस तरह सुरक्षा देनी है व युद्ध की स्थिति होने पर स्कूली बच्चों को सुरक्षित आश्रय तक ले जाने की मॉक ड्रिल की गई, जिसमें महाविद्यालय की लाइब्रेरी में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं को इस संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई तथा एसबीएन साइंस स्कूल के छात्रों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान तक ले जाया गया।

एनसीसी बटालियन का नेतृत्व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुरेश कुमार जाट तथा एनसीसी एएनओ डॉ मुकेश बल्डवाल व खेल सचिव बनवारी लाल जीतरवाल द्वारा किया गया। वहीं सरदार पटेल महाविद्यालय श्रीमाधोपुर में बुधवार को सुरक्षा व्यवस्था का परीक्षण करने के लिए एक मॉक ड्रिल आयोजित की गई। इस दौरान एनसीसी केडेट्स ने अपनी तैयारियों का प्रदर्शन किया।इसी प्रकार महात्मा गाँधी पीजी कॉलेज श्रीमाधोपुर में बुधवार को नागरिक सुरक्षा और सहायता के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। कार्यालय प्रभारी कैलाश बिजारणिया ने बताया की गृह मंत्रालय, राजस्थान सरकार, गृह मंत्रालय, भारत सरकार व 3 राज बटालियन एनसीसी, सीकर, राष्ट्रीय सेवा योजना, स्काउट (रोवर्स) विभाग के आदेशानुसार महाविद्यालय परिसर में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। जिसमे इमरजेंसी के दौरान हालातो से कैसे निपटे। राशन, आग बुझाने, घायलों के लिए मेडिकल की उचित व्यवस्था कैसे करें। सीटीओ सुरेश सामोता, एनएसएस प्रभारी सुशीला देवी, रोवर्स प्रभारी मांगीलाल कुमावत के सानिध्य में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। कैडेट्स ने नागरिक सुरक्षा और सहायता कार्यों में अपने कौशल का परीक्षण करने के लिए युद्धकालीन परिदृश्यों का अनुकरण करते हुए एक व्यापक मॉक ड्रिल का आयोजन किया। अभ्यास में तीन प्रमुख घटक शामिल थे। हवाई हमला और नागरिक दहशत सिमुलेशन, भीड़ नियंत्रण और आपातकालीन प्रक्रियाओं का प्रदर्शन करते हुए नागरिकों को सुरक्षित क्षेत्रों में सफलतापूर्वक पहुँचाया। बमबारी के बाद बचाव कार्यों का अभ्यास किया, मलबे से हताहतों का पता लगाया और उन्हें निकाला। उन्होंने बचाव उपकरणों का उपयोग करने और बुनियादी जीवन समर्थन प्रदान करने में दक्षता दिखाई। कैडेटों ने विस्थापित नागरिकों को भोजन, पानी, आश्रय और चिकित्सा देखभाल जैसी आवश्यक सेवाएं प्रदान करते हुए एक नकली शरणार्थी शिविर का कुशलतापूर्वक प्रबंधन किया। प्राचार्य डॉ वीरेंद्र कुमार सैनी के सानिध्य में मॉक ड्रिल का अवलोकन कर निर्देश प्रदान किये गए। अभ्यास के दौरान कैडेटों ने उच्च स्तर की टीमवर्क, समन्वय और नेतृत्व का प्रदर्शन किया। महत्वपूर्ण परिस्थितियों के दौरान प्रभावी संचार और निर्णय लेने की क्षमता देखी गई। प्राथमिक चिकित्सा की उच्च स्तरीय व्यवस्था की गई। एनसीसी कैडेटों ने युद्धकालीन नागरिक सुरक्षा और मॉक ड्रिल के दौरान सराहनीय तैयारी और लचीलापन दिखाया।आपात स्थिति में कौन किस तरह क्या सेवा दे सकता है की जानकारी प्रदान की गई।



श्रीमाधोपुर में बच्चों को मॉक ड्रील का अभ्यास कराया।

## शहरवासियों को किया जागरूक

**निवाई।** पहलगाम आंतकी हमले को लेकर भारतीय सेना ने मंगलवार की मध्य रात्रि को पाकिस्तान के आतंकवादी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की। जिसकी जवाबी कार्रवाई से सावधान रहने के लिए बुधवार को प्रशासन व पुलिस प्रशासन ने पेट्रोलिंग करके शहरवासियों को जानकारी दी। इस दौरान रात 8:45 से 9 बजे तक ब्लेक आउट रखने के लिए लोगों को सूचित किया।


**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
www.jda.urban.rajasthan.gov.in
क्रमांक: जविप्रा/जोन-6/2025/डी-868
**सार्वजनिक सूचना**
दिनांक: 05.05.2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मोहम्मद युसूफ पुत्र श्री रमजान अली चौपदार द्वारा रजि.विक्रय पत्र के आधार पर विकास भवन गृ.नि.स.स. की योजना रामेश्वरधाम-वी के भूखण्ड संख्या 30 क्षेत्रफल 192.38 व.ग. का नाम हस्तान्तरण पत्र जारी करने हेतु आवेदन किया है। जविप्रा द्वारा उक्त भूखण्ड की लीजडीड श्री राकेश कुमार पुत्र श्री प्रकाश चन्द के पक्ष में जारी की गई हैं।

अतः इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/कम्पनी/ सह खातेदार व अन्य किसी को कोई आपत्ति हो, तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत करे, अन्यथा योजना रामेश्वरधाम-वी के भूखण्ड संख्या 30 का नाम हस्तान्तरण श्री मोहम्मद युसूफ के पक्ष में जारी करने की नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। मयाद पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नही होगी।

उपायुक्त जोन 6 जविप्रा, जयपुर।



**खोया पाया**

मेरा JDA से जारी पट्टा प्लान नंबर C-6 नन्द विहार-I का JDA पट्टा, साइट प्लान, स्टांप पेपर जयपुर में खो गए है सूचित करें- आशा देवी मीणा मो.- 9829068554



**नाम परिवर्तन**

मै प्रताप राय सोरठिया पुत्र गोविन्द राम सोरठिया निवासी 2 लक्ष्मी नगर सांगानेर जयपुर मैंने अपना नाम प्रताप सोरठिया से बदलकर प्रताप राय सोरठिया पुत्र गोविन्द राम सोरठिया रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

मैने अपने दस्तावेजों में अपना नाम इस्लामुद्दीन से बदलकर मो. इस्लामुद्दीन शाह कर लिया है, भविष्य के मुझे इसी नाम से जाना जाए। मो. इस्लामुद्दीन शाह पुत्र श्री बफाती शाह निवासी- 1, शाकर शाह कॉलोनी, चार दरवाजे के बहार, जयपुर।

मै अर्पिता झुरानी पुत्री श्री जगदीश झुरानी निवासी 7-झ-15, जवाहर नगर, जयपुर। मैंने अपना नाम हीर दीपेश बालचंदानी से बदलकर अर्पिता झुरानी रख लिया है। भविष्य में मुझे अर्पिता झुरानी के नाम से जाना जाये।

I have changed my name from Riyazuddin Khan to Riyazuddin in future. 2412 Mohalla Mahawtan Behind Geejgarh House Ghatgate Jaipur

I Army no 15210614M Ex Hav Raj Kumar Sharma S/O Radhya Shyam resident of yadavo ki dhani ke pass village & post Baswa tehsil Baswa district Dausa that have changed my father name From RADHYA SHYAM which wrongly entered in my service record To RADHYA SHYAM SHARMA vide aafidavit dated 2 may 2025 before district notary Jaipur



**सम्मन बनाम कायम मुकाम**
(आर्डर 22 रूल 4 जाब्ता दीवानी)
अज अदालत अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश क्र.सं.-2, जयपुर महानगर
जगमोहन व अन्य बावत ज्ञानचन्द
दावा बाबत विशिष्ट अनुपालना
मुकद्दमा नम्बर 575/2014 सन्

बनाम:-
मुस्समी 1/2 कल्पना सुकलेचा पुत्री स्व. श्री ज्ञानचन्द सुकलेचा साकिन 1077, नवरत्न अपार्टमेन्ट चौडा रास्ता जयपुर (राज.) चूंकि ______ ने इस अदालत में तारीख ______ माह ______ सन् 199 को 1. ______ बनाम 2. ______ दायर की जो कि बाद में फोंत हो गया। और चूंकि ______ मजकूर के कायम मुकाम जायज हो और इस्तदुआ की है बजाय उसके आप 3. ______ बनाये जावें। लिहाजा बजरिये हाजा बगर्ज जवाब देही 1. ______ 08 माह 05 सन् 2025 को अदालत हाजा में हाजिर कोने के लिए तलब किया जाता है और तारीख मुकर्रर पर आपके हाजिर न होने पर मुकदमा आपकी गैर हाजरी में सुना व फैसला किया जायेगा।

बसब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज तारीख 06.05.2025 को जारी किया गया। आज्ञा से
मुहर
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश क्रम-02 जयपुर महानगर द्वितीय


# पावटा में भारत की पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक का जश्न

■ भाजपा कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों ने की आतिशबाजी

■ पाकिस्तान मुर्दाबाद और भारत माता की जय के जयकारे लगे

**पावटा।** भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में ऑपरेशन सिंदूर से एयर स्ट्राइक और 9 आतंकी ठिकानों पर हमला करने के बाद पूरे देश में जश्न का माहौल है। ऐसे में पावटा कस्बे में भी जमकर पटाखे फोडे ओर नारेबाजी कर जश्न मनाया गया। बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों ने आतिशबाजी की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए भारतीय सेना जिंदाबाद ओर पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे व भारत माता के जयकारे लगाए। इस दौरान पाकिस्तान मुर्दाबाद ओर आतंकवाद मुर्दाबाद के नारों से कस्बा गूंज उठा। लोगों ने भारतीय सेना की कार्रवाई की तारीफ की। पावटा प्रधान प्रतिनिधि व भाजपा नेता जगन चौधरी, बालाजी भाजपा पावटा मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र राठी, प्रागपुरा मंडल अध्यक्ष विकास सिंह शेखावत, ब्राह्मण महासभा पावटा तहसील अध्यक्ष राजेश शर्मा, पूर्व नगर अध्यक्ष सुरेश शर्मा, दिनेश शर्मा, संतोष गुप्ता, कोटपुतली दक्षिण भोनावास मंडल अध्यक्ष राजेंद्र अदाली, बद्री प्रसाद चौहान, मनोहर सिंह, काशीराम लंबोरा, जगदीश ओला, पुष्कर बंसल, कृष्ण सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष जयराम सिंह, मनोहर सिंह सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ताओ ने बताया कि 15 दिन बाद भारतीय सेना ने देर रात एयर स्ट्राइक की, सरकार ने जो कहा वो करके दिखाया। पूरा देश भारतीय सेना के साथ है। अगर जरूरत पडी तो हर देशवासी बॉर्डर पर जा कर मुंह तोड जवाब देने को तैयार हैं। हमें हमारे देश की सेनाओं पर गर्व है।



पावटा में ग्रामीणों ने आतिशबाजी की।

## युवाओं ने जमकर की आतिशबाजी

**निवाई।** पहलगाम आंतकी हमले को लेकर भारतीय सेना ने मंगलवार की मध्य रात्रि को पाकिस्तान के आतंकवादी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक को लेकर बस स्टैंड पर युवाओं ने जमकर आतिशबाजी की। इस दौरान युवाओं ने भारतीय सेना व हिंदुस्तान जिंदाबाद के जमकर नारे लगाएं। पार्षद महेंद्र जैन ने कहा कि भारतीय सेना पर हमें गर्व है। भारतीय सेना ईट का जवाब पत्थर से देती है। भारतीय सेना ने अभी तो एक हल्का सा ट्रेलर दिखाया है। आंतकियों के 9 ठिकानों पर भारतीय सेना ने मिसाइल दागकर करीब 200 आतंकवादियों को मौत के घाट उतार दिया व आंतकी ठिकानों को तबाह कर दिया है। जिसको लेकर हम भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह व राजनाथ सिंह का हृदय से आभार व्यक्त करते है। जिन्होंने समय रहते हुए पाकिस्तान को बुधवार की रात में पहला सबक सिखाया। आतंकवाद को पालने वाला पाकिस्तान व आतंकियों में आज भारतीय सेना का भयंकर खोफ है। युवाओं ने बताया कि आतंकियों को चुन-चुन कर उनके बिलों में से निकालकर खात्मा किया जाएगा।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**
**खुली ई निविदा सूचना**

व.मं.बि.इंजी.(टीआरडी),उ.प.रे. जयपुर द्वारा, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। कोई भी मैन्युअल टेण्डर स्वीकार नही किया जायेगा और अगर कोई मैन्युअल टेण्डर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नही किया जायेगा। **क्र.सं.** 1. **एनआईटी संख्या** : ईएल-टीआरडी-जेपी-2025-26-01 **कार्य का नाम** : टीआरडी वर्क इन कनेक्शन विथ प्रपोज्ड क्रॉसओवर शिफ्ट ऑफ लाईन-2ए एट जयपुर यार्ड ऑफ जयपुर डिवीजन। **अनुमानित लागत**: 17,51,141.44 **बिड सिक्युरिटि राशि** : 35,000.00 **निविदा खोलने की तिथि** : 28.05.2025 **नोट** : **ई-निविदा की अंतिम तिथि एवं समय** : निविदा खोलने की तिथि को 15.00 बजे तक **ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय** : निविदा खोलने की तिथि को 15.00 बजे बाद **सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट का पता** : http:// www.ireps.gov.in

530-DR/25

हमें /NWRailways NWRailways_पर फॉलो करें

## संक्षिप्त

### 15 जोड़ों का होगा पाणिग्रहण संस्कार

**टोंक।** सेवा भारती समिति टोंक द्वारा श्री रामजानकी सर्वजातीय निशुल्क विवाह सम्मेलन में पंद्रह जोड़ो का पाणिग्रहण संस्कार आज ताल कटोरा स्थित सैंट सोल्जर विद्यालय में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में होने वाले कार्यो की व्यवस्थाओ को लेकर सेवा भारती समिति के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई, जिसमें सेवा भारती समिति के जिलाध्यक्ष बाबूलाल शर्मा व व्यवस्थापक गोविन्द सोनी ने बताया कि श्रीरामजानकी सर्वजातीय निशुल्क विवाह सम्मेलन मे वर पक्ष को अयोध्यापुरी व वधु पक्ष को जनकपुरी में ठहराया जाएगा, वर वधु यहा अल्पाहार आदि से निवृत होकर गीता मंदिर 8 बजे बसों द्वारा पहुचेगे। जो घंटाघर से मुख्य बाजार से होते हुए सवाईमाधोपुर चौराया होकर विवाह स्थल पहुचेगी, इस दौरान सर्व जातीय बारात शोभायात्रा का सभी जातियों व बिरादरी द्वारा मार्ग में पुष्पवर्षा कर स्वागत किया जाएगा। साथ ही विवाह सम्मेलन को सफलता पूर्वक सम्पन्न करने के लिए आवास व्यवस्था, भोजन व भोजन वितरण व्यवस्था,मंच, विधुत,जल, टेंट, अतिथि सम्मान, सुरक्षा व पार्किंग, मण्डप, बारात स्वागत, रंगोली व रेखांकन, स्वच्छता आदि की जिम्मेदारी सभी सेवा भारती के कार्यकर्ताओं को दी गई है।

### ज्योति कलश यात्रा का स्वागत

**अजीतगढ।** शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में अजीतगढ़ के गायत्री माता मंदिर में यज्ञ प्रारम्भ करके ज्योति कलश यात्रा का पूजन करके विभिन्न मार्गों से होते हुए ज्योति रथ यात्रा का भव्य स्वागत -अभिनन्दन-सम्मान किया गया जिसमें शांतिकुंज की टोली द्वारा कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। शांतिकुंज टोली में सम्मिलित कार्यकर्ता रमेश चंद्र शर्मा,धर्मपाल सिंह, रघुवीर सिंह,कमल किशोर , घनश्याम पारीक, गोविन्द नारायण शर्मा, पुरुषोत्तम खण्डेलवाल, कमलेश कुमार शर्मा की उपस्थिति में ज्योति कलश यात्रा का स्वागत किया गया। अजीतगढ़ गायत्री परिवार से जुड़े हुए पुरुषोत्तम खण्डेलवाल ने अपने निज आवास पर दीप यज्ञ का आयोजन करवाकर माता गायत्री का सपरिवार आशीर्वाद प्राप्त किया।

### राजकीय पीजी कॉलेज में मॉकड्रिल

**टोंक।** टोंक शहर स्थित राजकीय पीजी कॉलेज में बुधवार को सिविल डिफेंस द्वारा आपातकालीन मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के तहत कॉलेज में हवाई हमले से इमारत के क्षतिग्रस्त और आग लगने की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन, पुलिस, चिकित्सा, अग्निशमन व फायर बिग्रेड समेत अन्य संबंधित विभागों की टीमें मौके पर पहुंचीं। जिला कलक्टर डॉ सौम्या झा एवं पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने स्वयं मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान कॉलेज में हवाई हमले की स्थिति से निपटने के लिए विभिन्न विभागों की प्रतिक्रिया और समन्वय की जांच की गई। मॉक ड्रिल के दौरान सभी विभागों ने समन्वय के साथ राहत और बचाव कार्यों का प्रदर्शन किया। जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने बताया कि इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य यह जांचना था कि आपदा की स्थिति में विभिन्न विभाग कितने सजग और तैयार हैं। इस तरह की मॉक ड्रिल से वास्तविक आपदा की स्थिति में तैयारियों की समीक्षा होती है और विभागों के बीच समन्वय मजबूत होता है। साथ ही, मॉक ड्रिल के दौरान जो कमी पाई गई उसमें सुधार किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने कहा कि मॉक ड्रिल के दौरान रही कमियों तथा वास्तविक स्थिति में आने वाली चुनौतियों का आकलन किया गया।

### भाजपा का हर कार्यकर्ता तैयार रहेगा : चौहान

**टोंक।** भाजपा जनसेवा संवाद केंद्र पर भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर मॉक ड्रिल के संबंध में जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सार्थक संवाद किया। बैठक में कार्यकर्ताओं से प्रशासन के सहयोग, आम नागरिकों की सुरक्षा सम्बन्ध में विचार विमर्श कर बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं को प्रशासन के साथ भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु आह्वान किया। चौहान ने कहा कि मॉक ड्रिल में जिले के सभी भाजपा कार्यकर्ता आम नागरिक की भूमिका में भाग लेंगे। चौहान ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र हित मे राष्ट्र प्रथम की ध्येय के साथ कंधे से कंधा मिलाकर तैयार है। मॉक ड्रिल के जरिये नागरिकों को हमले की स्थिति में खुद को सुरक्षित रखने की ट्रेनिंग दी जाएगी, उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण आम लोगो के लिए बहुत जरूरी हैं।

# अलवर में आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए किया पूर्वाभ्यास

- 'डी-मार्ट मॉल' में किया गया मॉक ड्रील का पूर्वाभ्यास जिला कलेक्टर व एसपी ने किया पहुंचकर निरीक्षण

**अलवर।** 'ऑपरेशन अभ्यास' के तहत अलवर में हवाई हमले के दौरान आपातकालीन स्थिति में बचाव, राहत एवं आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु अरावली विहार थाने के पास स्थित 'डी-मार्ट मॉल' में मॉक ड्रील कर पूर्वाभ्यास किया गया। इंसीडेंट कमांडर एवं उपखण्ड अधिकारी अलवर यशार्थ शेखर के नेतृत्व में विभिन्न विभागों की प्रतिक्रिया और समन्वय कर मॉक ड्रील की गई। जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक संजीव नैन ने मौके पर पहुंचकर मॉक ड्रील की कार्यवाही एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया।

जिला कलेक्टर ने बताया कि भारत सरकार के निर्देशों की पालना में आयोजित मॉक ड्रील के तहत आज अपराह्न 3.55 बजे नियंत्रण कक्ष से डी-मार्ट मॉल में हवाई हमले की सूचना प्रसारित कराई गई तथा सायरन बजाकर नागरिकों को हवाई हमले के संबंध में सूचित किया गया। सूचना मिलते ही तुरन्त जिला प्रशासन, पुलिस, चिकित्सा दल, अग्निशमन, एम्बुलेंस, सिविल डिफेंस, नगर निगमकर्मी, एसडीआरएफ दल सहित अन्य संबंधित विभागों की टीमों ने मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव के लिए रेस्क्यू अभियान तुरन्त प्रारम्भ किया।



अलवर में ऑपरेशन अभ्यास' के तहत डी-मार्ट मॉल में मॉक ड्रील का निरीक्षण करते जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला।

मॉक ड्रील के दौरान डी-मार्ट परिसर को खाली कराने व वहां लगी आग को बुझाने की त्वरित कार्यवाही कर संबंधित दलों द्वारा वहां पर मिले 15 घायलों को तुरन्त रेस्क्यू कर उपचार हेतु चिकित्साल में एम्बुलेंस के माध्यम से भिजवाने की कार्यवाही की गई। साथ ही परिसर को सेनेटाइज करने, राहत व बचाव कार्य करने तथा रेस्पॉन्स टाइम पर उपकरण सही तरीके से करें आदि तैयारियों समीक्षा की गई। हवाई हमले की चेतावनी प्रणाली, हॉटलाइन/रेडियो लिंक, नियंत्रण कक्षों की कार्यप्रणाली, ब्लैकआउट तैयारी, मेडिकल, रसद और अग्निशमन व्यवस्था जैसी व्यवस्थाओं का अभ्यास इस ड्रिल में किया गया।

इस दौरान एडीएम प्रथम मुकेश कायथवाल, एडीएम द्वितीय योगेश डागुर, एडीएम शहर बीना महावर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय तेजपाल सिंह, जिला परिषद के सीईओ सालुखे गौरव रवीन्द्र, यूआईटी सचिव धीगदे स्नेहल नाना, नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरूका, सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र शर्मा, पीएमओ डॉ. सुनील चौहान, डीएसओ विनोद जुनेजा, विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता सुधीर पाण्डे, जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियन्ता रमेश चंद सैनी, डीटीओ सुरेश यादव सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कार्मिक मौजूद रहे।

### योजना के लिए आवेदन आमंत्रित

**दौसा।** स्थायी आश्रय और आवास से वंचित डिनोटिफाईड ट्राइब्स के परिवारों से मुख्यमंत्री घुमन्तु आवासीय योजना के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि राज्य सरकार ने बजट वर्ष 2024-25 में स्थायी आश्रय और आवास से वंचित डिनोटिफाईड ट्राइब्स के परिवारों के लिए घुमन्तु आवासीय योजना लागू की है। बजट घोषणा की अनुपालना में विमुक्त, घुमन्तु और अद्र्धघुमन्तु समुदाय के व्यक्तियों को मूलभूत सुविधाएं सहित पक्का मकान उपलब्ध करवाकर स्थायी रूप से बसाने के उद्देश्य से योजना के संचालन के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस योजना के आवेदन ई-मित्र अथवा एसएसओ पोर्टल .... के माध्यम से ' ' आईकन पर भरे जा रहे हैं। इसके लिए जिले के विमुक्त, घुमन्तु और अद्र्धघुमन्तु समुदाय के व्यक्ति आवेदन कर सकते हैं। योजनान्तर्गत मकान निर्माण के लिए एक लाख बीस हजार रुपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि आवेदन के लिए जनाधार, जाति प्रमाण पत्र, भू-खण्ड आवंटन के पट्टे एवं अन्य दस्तावेज, नॉन-ज्यूडिशियल स्टाम्प पर घोषणा एवं मूल निवास प्रमाण पत्र होना चाहिए।

# एयर रेड मॉक ड्रिल का सफल आयोजन

**दौसा।** केन्द्रीय गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार यहां सेंथल मोड़ के समीप स्थित 220 केवी जीएसएस पर बुधवार को सायं 4 बजे एयर रेड मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान आपातकालीन स्थिति में बचाव, राहत एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के उपायों को जांचा गया।

जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के 220 केवी जीएसएस कार्यालय से जिला कलक्ट्रेट स्थित सिविल डिफेंस कंट्रोल रूम पर जीएसएस पर 'हवाई हमला' होने की सूचना मिली। कंट्रोल रूम कार्मिकों ने इसके बारे में तुरंत कंट्रोलर (जिला कलक्टर) देवेन्द्र कुमार को बताया, जिनके निर्देशानुसार सभी संबंधित विभागों को 'हमले' की सूचना देकर 'दुर्घटना स्थल' पर पहुंचने को कहा गया और सायरन बजाकर नागरिकों को सचेत किया गया। सूचना मिलते ही जिला प्रशासन, चिकित्सा दल, एम्बुलेंस, नगर परिषद कार्मिक, सिविल डिफेंस, एसडीआरएफ, रसद विभाग, पुलिस, अग्निशमन विभाग सहित संबंधित सभी विभाग तुरंत जरूरी संसाधनों के साथ मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव के लिए रेस्क्यू अभियान शुरु किया। अग्निशमन विभाग ने आग बुझाने



दौसा में 220 केवी जीएसएस पर एयर रेड मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया।

वाले वाहनों एवं अन्य उपकरणों के साथ पहुंचकर 'हमले' से हुई 'आगजनी' पर काबू पाया। सिविल डिफेंस स्वयंसेवकों ने घायल हुए नौ लोगों को इलाज के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से घटना स्थल पर बनाए आपातकालीन अस्पताल पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने सभी की जांच कर उपचार शुरु किया। तीन मामूली घायलों को यहीं भर्ती कर इलाज किया, जबकि गंभीर रूप से घायल तीन जनों को जिला अस्पताल रैफर किया गया और तीन जनों को 'मृत' घोषित किया गया। इस दौरान एनसीसी और स्काउट गाइड विद्यार्थियों ने आपात स्थिति में निपटने में विशेष मदद की। जिला कलक्टर देवेन्द्र कुमार एवं जिला पुलिस अधीक्षक सागर ने मौके पर पहुंचकर मॉक ड्रिल की कार्यवाही एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने पूर्वाभ्यास के प्रति संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि सभी विभागों ने त्वरित रिस्पॉन्स के साथ बेहतर समन्वय कर आपातकालीन स्थिति से निपटने का अच्छा प्रयास किया। उन्होंने बताया कि इस दौरान हवाई हमले की चेतावनी प्रणाली, हॉट लाइन/रेडियो लिंक, नियंत्रण कक्षों की कार्यप्रणाली, मेडिकल, रसद और अग्निशमन जैसी व्यवस्थाओं का मॉक ड्रिल किया गया। इस दौरान, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेन्द्र कुमार मीणा, अतिरिक्त जिला कलक्टर रामस्वरूप चौहान, अतिरिक्त जिला कलक्टर लालसोट मनमोहन मीणा, दौसा उपखण्ड अधिकारी मूलचंद लूणिया, दौसा पुलिस उपाधीक्षक रवि शर्मा सहित प्रशासन, पुलिस, जयपुर विद्युत वितरण निगम, शिक्षा विभाग, सिविल डिफेंस अधिकारी, एनसीसी, एनएसएस, एनवाईकेएस प्रतिनिधि मौजूद थे।

# 'जो शिवभक्ति में खुद को अर्पित करेगा, वह बंधनों से मुक्त होगा'

**पावटा।** प्राचीन श्री नृसिंह मंदिर पावटा परिसर में बंसल परिवार की देखरेख एवं मंदिर महंत रामकरण पुजारी, गोविंद पुजारी, राहुल पुजारी, विकास पुजारी के सान्निध्य व नरसिंह मंदिर कमेटी, आदर्श रामलीला मंडल पावटा एवं बाबा भूतनाथ जोहड़ा धाम मंदिर कमेटी के सौजन्य से श्री नृसिंह मंदिर पावटा में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा के तीसरे दिन बुधवार वृंदावन धाम से पधारे कथावाचक पंडित श्रीकृष्ण गोपाल सुवेदी महाराज ने कहा कि जो मनुष्य शिव भक्ति में स्वयं को अर्पित कर देता है। वह जन्म मरण के बंधनों से मुक्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि जीवन नश्वर है। जीवन की सार्थकता तो शिव की भक्ति में ही निहित है। कलयुग में शिव महापुराण की कथा ही सबसे आसान मुक्ति का साधन है, जो शिव की कथा श्रवण करता है उसके सात जन्मों के पाप भी कट जाते हैं। उन्होंने महादेव की भक्ति और उन्हें प्रसन्न करने के उपाय भी बताएं। कथा के दौरान कहा कि भक्त की भक्ति से जल्द प्रसन्न होने वाले देवताओं में शिव ही है और शिव ही कल्याण करते हैं। शिव की भक्ति कर इस संसार रूपी भवसागर को पार कर अपने जीवन को सार्थक बनाएं।

कथा के दौरान श्रद्धालु नाचते झूमते भक्ति में चूर नजर आए। कथा के तीसरे दिन कथावाचक पंडित श्रीकृष्ण गोपाल सुवेदी महाराज ने शिव विवाह की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि आत्मा का परमात्मा से मिल नही शिव में लीन हो जाना है। भगवान शंकर वैराग्य के देवता माने गये है। बाबजूद शिव ने विवाह कर गृहस्थ आश्रम में रहकर वैराग्य धर्म का अनुसरण करने का तरीका दिया। कथावाचक ने कहा कि शिव परिवार में भगवान का वाहन नंदी, मां पार्वती का शेर, गणेश जी का मूषक और कार्तिकेय का वाहन मोर है। सभी विपरीत विचारधारा के बीच सामंजस रखना शिव पुराण सिखाता है। उन्होनें भगवान के विवाह का वर्णन करते हुए कहा कि मैंना देवी व हिमालय राज की पुत्री के रूप में मां पार्वती जन्म लेकर भगवान शिव की घोर तपस्या की। उसी दौरान तारका सुर के आतंक को खत्म करने के लिये शिव की तंद्रा भंग हुई। तब जाकर शिव का विवाह हुआ। इस दौरान भगवान शिव( इनिका मित्तल) की एवं माता पार्वती( साक्षी मित्तल) की बारात की संजीव झांकी भी सजाई गई। कथा के अंत में श्रद्धालुओं ने महाआरती की और फिर प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर आयोजक सुरेश, महेंद्र, वीरेंद्र , सुभाष, अशोक, गोपाल एवं समस्त बंसल परिवार व पंडित सुरेश शर्मा पत्रकार, अश्विनी शर्मा, बहादुर मोटाका, कैलाश छितौली वाले, महेश पारीक, उमेश टांक, रामस्वरूप जांगिड़, आदर्श रामलीला मंडल अध्यक्ष योगेश शर्मा , कोषाध्यक्ष विकास शर्मा, आशीष शर्मा, आदित्य शर्मा, दौलत अठावाल, उमाकांत बंसल, पूर्व वार्ड पार्षद सांवरमल, विनोद बंसल, विष्णु बंसल, दिनेश बंसल, महेश बंसल, सुशील चौधरी, गोपाल चौधरी, अशोक चौधरी, राजेंद्र प्रसाद गौड, श्रवण कुमार गौड, रमाकांत शर्मा, बाबा भूतनाथ मंदिर जोहडा धाम पावटा कमेटी संरक्षक दिनेश शर्मा, रामोतार शर्मा, मामराज, संतोष गुप्ता, गोपाल, विनय गोयल, आकाश शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, अमित शर्मा, अमित बटवाल, प्रदीप टांक, रामशरण बोहरा, हिमांशु शर्मा, निखिल शर्मा, सुभाष टीलावत सहित आदर्श रामलीला मंडल व बाबा भूतनाथ कमेटी पदाधिकारी व कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### मॉक ड्रिल की तैयारी

**टोंक।** जिले में नागरिक सुरक्षा के आकलन के लिए केंद्र व राज्य सरकार के निर्देशों के तहत बुधवार को जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा एवं पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र में वीसी के जरिये ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में बुधवार को मॉक ड्रिल एवं ब्लैक आउट के लिए संबंधित अधिकारियों आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही, कहा कि सभी संचार माध्यमों एवं सायरनों का सुदृढीकरण सुनिश्चित करें। सभी अधिकारी नागरिक सुरक्षा के लिए की जाने वाली आवश्यक तैयारियां करें। लोगों में ब्लैक आउट (बिजली बंद) को लेकर जागरूक करें। साथ ही, आपात स्थिति में क्या करें क्या ना करें के बारे में बताया जाएं। इस दौरान विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता केएल पटेल, सीएमएचओ डॉ. शैलेंद्र चौधरी, जिला रसद अधिकारी इंद्रपाल मीणा समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# छोटे बच्चों को मॉकड्रिल अभ्यास कराया

- प्रशिक्षण के दौरान स्कूल में सायरन बजते ही भागे बच्चे
- वॉर कंडीशन में कैसे खुद का करें बचाव

**पावटा।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान पर एक के बाद एक करके कई सख्त एक्शन लिए जिसकी वजह से दोनों देशों में युद्ध छिड़ने कि स्थिति बन गई है। अब ऐसे में युद्ध से निपटने के लिए भारत ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। भारत ने अपने आम नागरिकों को भी हमले से बचने के लिए तैयार करने की तैयारी कर दी है। गृह मंत्रालय ने पूरे देश में 7 मई को मॉकड्रिल का आदेश दिया है। इसी के तहत उपखंड पावटा के स्कूल में बुधवार को मॉकड्रिल का आयोजन किया, जिसमें स्कूलों के टीचर्स ने बच्चों को वॉर के समय खुद को कैसे बचाएं ये बातें सिखाई।उपखंड पावटा के एक स्कूल में छोटे छोटे बच्चों को मॉकड्रिल अभ्यास के दौरान किसी भी स्थिति से निपटने के लिए प्रशिक्षित किया गया। गृह मंत्रालय ने 7 मई को पूरे देश में मॉकड्रिल करने का निर्देश दिया है।



मॉकड्रिल के दौरान स्कूलों के टीचर्स ने बच्चों को वॉर के समय खुद को कैसे बचाएं की बातें सिखाई।

इसके लिए टाइम टू टाइम बच्चों को ये जानकारी वॉर के टाइम दी जा रही है कि वॉर सिचुएशन के टाइम कैसे खुद प्रोटेक्ट करना है। बच्चों को मॉक ड्रिल के जरिए बता रहे हैं कि खुद को तो आप बचाएंगे ही साथ ही और लोगों को कैसे बचाएंगे? बच्चों को मॉक ड्रिल के थ्रू सिखा रहे हैं कि कैसे हमले के समय खुद को छिपाना है अब यहां बंकर तो है नहीं तो ऐसे में हम बच्चों को स्कूल में ही छिपने की जगह बता रहे हैं। इसके लिए मंत्रालय से गाइडलाइन भी आ रही हैं। फिलहाल अभी ऐसी कोई स्थिति तो नहीं है लेकिन अगर कल को ऐसी आपातकाल स्थिति का सामना करना पड़े तो कम से कम बच्चों को इस बात की जानकारी तो रहे कि कैसे खुद को बचाना है और साथ में औरों को भी बचाना है। मिनिस्ट्री की तरफ से ये जानकारी आ रही है कि बच्चों को बचाने के लिए टाइम टू टाइम मॉक ड्रिल करवाते रहें। इसके साथ हम भी समय-समय पर बच्चों को मॉक ड्रिल करवा रहे हैं। हम बच्चों को वीडियो दिखा रहे हैं और मॉक ड्रिल करवा भी रहे हैं। हमने स्कूल के बच्चों को बताया कि जब सायरन बजे तो कैसे डेस्क के नीचे छुपना है, कैसे लेटना है। अगर एरिया में फायरिंग हो रही हो ब्लास्ट हो रहा हो तो कैसे खुद को बचाएंगे वो कैसे अपने आप को सुरक्षित एरिया में ले जाएंगे इन सब बातों की जानकारी हम बच्चों को दे रहे हैं।

## सार-समाचार

### सरकारी स्कूल में 7 पंखे भेंट किए



**चौमूं / कालाडेरा ।** नगरपालिका कालाडेरा के बस स्टैंड पर स्थित सरकारी विद्यालय में गर्मी को देखते हुए योवर्स फर्स्ट स्टेप फाउंडेशन ने अपने विशेष वाक्य आओ मिलकर एक स्वस्थ भविष्य का निर्माण करे का ध्येय को पूरा करते हुए बुधवार को उच्च माध्यमिक विद्यालय कालाडेरा में सात पंखे भेट किए इस मौके पर फाउंडेशन के राकेश कुमार कुमावत, एवं रवि ज्योतिषी ने बताया कि गर्मी को ध्यान में रखे हुए योवर्स फर्स्ट स्टेप फाउंडेशन द्वारा विद्यालय को सात पंखे भेट किए है जिससे विद्यार्थीयो को गर्मी से राहत मिल सकेगी विद्यालय के प्रधानाचार्य जगदीश प्रसाद सैनी ने फाउंडेशन के दीपक शर्मा एवं रेखांशु रावत का पंखे भेंट करने पर आभार व्यक्त किया । इस मौके पर विद्यालय उपप्रधानाचार्य श्रवण कुमार शर्मा, मुकेश भार्गव, गजानंद यादव, राजेन्द्र कुमावत सहित विद्यालय के स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

### 61 मरीजों का ऑपरेशन के लिए चयन

**श्रीमाधोपुर।** जिला अंधता निवारण समिति जयपुर के आर्थिक सहयोग व रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज, राजेन्द्र प्रसाद कयाल की देखरेख में शंकरा आई हॉस्पिटल, जयपुर द्वारा चौधरी नाथूराम भामु रोटरी भवन में 68 वां नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच और लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन हुआ। रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज के गिरिराज कयालने बताया कि सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित हुए शिविर में 114 मरीजों के आंखों की जांच की गई तथा इनमें से चयनित 61 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन और लैंस प्रत्यारोपण के लिए निजी बस से शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर रेफर किया गया। जहां चयनित मरीजों का नि:शुल्क ऑपरेशन किया जाएगा साथ ही चयनित मरीजों के आने-जाने कि व्यवस्था से लेकर खानपान व रहने की व्यवस्था नि:शुल्क की जाएगी तथा चश्मे भी निशुल्क दिये जायेंगे। इस मौके पर शंकरा आई होस्पिटल से डॉक्टर सोनल अग्रवाल, अजीत सिंह तंवर, आप्टम कंचन , अंजलि, जस्मिन कौर, निशा, पूर्व सहप्रान्तपाल डॉ. माधव सिंह, गिरिराज कयाल, अध्यक्ष मनोज कुमार चोटिया, सचिव शांति लाल सोनी, दीनदयाल सतीजा तथा गोकुल शर्मा व अन्य सदस्यों ने उपस्थित रहकर अपनी सेवाएं दी। आज के शिविर में पिछले कैंप के आपरेशन हो चुके 40 मरीजों को नि:शुल्क नजर के चश्मे दिये गये। इससे पहले आयोजित 67 शिविरों में 6224 पंजीकरण, जिनमें से 1974 मरीजों की आंखों के सफल ऑपरेशन हो चुके है। इस तरह का नेत्र शिवीर क्लब द्वारा प्रत्येक महीने के पहले बुधवार को आयोजित किया जाता है। अगला 69 वां शिविर 2 जून, 2025 को आयोजित किया जाएगा।

### उचित मूल्य दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण

**दौसा।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के उपायुक्त ब्रह्मलाल जाट ने बुधवार को जिले में दौसा शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में 5 उचित मूल्य दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया और जिला रसद कार्यालय में अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक लेकर खाद्य सुरक्षा योजना से संबंधित विभिन्न मसलों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ब्रह्मलाल जाट को सभी दुकानें खुली हुई मिली। उन्होंने उचित मूल्य दुकानदारों को 'गिव अप' योजना के तहत अपात्र लोगों के नाम खाद्य सुरक्षा सूची से हटाने की सूचना एकत्रित कर संबंधित प्रवर्तन अधिकारी एवं निरीक्षक को देने तथा समुचित मात्रा में 'गिव अप' योजना के आवेदन की सूची अपनी दुकान पर रखने के निर्देश दिए। उपायुक्त ब्रह्मलाल जाट ने जिला रसद कार्यालय में प्रवर्तन अधिकारी एवं निरीक्षक तथा कार्यालय के कर्मचारियों की बैठक ली। उन्होंने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के आदेशों एवं निर्देशों की अनुपालना में सप्ताह में प्रत्येक कार्य दिवस को 5 उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षण तथा 'गिव अप' योजना के तहत अपात्र व्यक्तियों के नाम हटवाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने क्षेत्र में संबंधित उचित मूल्य दुकान के राशनकार्डों के मुताबिक 'गिव अप' योजना में अपात्र व्यक्तियों के नाम हटवाने के निर्देश प्रदान किए। साथ ही, प्रतिदिन की गई कार्यवाही की रिपोर्ट जिला रसद कार्यालय में देने के निर्देश दिए गए। इस अभियान के दौरान जिला रसद कार्यालय में कन्ट्रोल रूम खोलने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जोड़ने के लिए आने वाली नवीन अपीलों के लिए संबंधित उपखण्ड अधिकारी से समन्वय स्थापित कर अपीलों का निस्तारण सुनिश्चित करें। इस अवसर पर जिला रसद अधिकारी मोहनलाल देव, प्रवर्तन अधिकारी, प्रवर्तन निरीक्षक तथा कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित थे।

### कार्यों का बहिष्कार करने का निर्णय

**बौंली, बामनवास ।**अभिभाषक संघ बौंली के अधिवक्ताओं ने उपखंड अधिकारी चंद्र प्रकाश वर्मा की कार्य प्रणाली से व्यथित होकर न्यायालय उप जिला कलेक्टर कार्यालय कार्यों का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। अभिभाषक संघ बौंली के सचिव मोहम्मद जाहिद शिरवानी ने बताया कि उपखंड अधिकारी द्वारा अभिभाषकगण व पक्षकारानो के हित के विरुद्ध कार्य करने तथा न्यायालय की कार्रवाई सुव्यवस्थित ढंग से नहीं करने से व्यथित होकर ज्ञापन सौंपा गया है एवं उपखंड अधिकारी की शिकायत आगे भेजने की प्रक्रिया जारी है। कार्य बहिष्कार व ज्ञापन देते समय अभिभाषक संघ बौंली के अध्यक्ष ओमप्रकाश मिश्रा, वरिष्ठ अधिवक्ता राजमल जैन, रामकिशन गुर्जर, राघवेश शर्मा, रामस्वरूप गुर्जर सहित सभी अधिवक्ता गण उपस्थित थे।

### खाकी वॉरियर्स अभियान की शुरूआत

**टोंक।** जिलभर में पशु-पक्षियों को गर्मी के सीजन में आसानी से दाना-पानी उपलब्ध कराने के लिए बुधवार को जिला पुलिस अधीक्षक ऑफिस परिसर से खाकी वॉरियर्स अभियान की शुरुआत की गई। इस दौरान टोंक पुलिस के सहयोग से की श्री कल्पतरु संस्थान से जुड़े ट्री मैन ऑफ इंडिया के नाम से मशहूर पर्यावरणविद् विष्णु लाम्बा ने पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के साथ परिंडे लगाकर खाकी वॉरियर्स अभियान की शुरुआत की। इस दौरान सांगवान ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य है।

# टोंक शहर स्थित राजकीय पीजी कॉलेज में मॉकड्रिल

- आपात स्थिति से निपटने का किया अभ्यास

**टोंक।** टोंक शहर स्थित राजकीय पीजी कॉलेज में बुधवार को सिविल डिफेंस द्वारा आपातकालीन मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के तहत कॉलेज में हवाई हमले से इमारत के क्षतिग्रस्त और आग लगने की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन, पुलिस, चिकित्सा, अग्निशमन व फायर बिग्रेड समेत अन्य संबंधित विभागों की टीमें मौके पर पहुंचीं। जिला कलक्टर डॉ सौम्या झा एवं पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने स्वयं मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान कॉलेज में हवाई हमले की स्थिति से निपटने के लिए विभिन्न विभागों की प्रतिक्रिया और समन्वय की जांच की गई। मॉक ड्रिल के दौरान सभी विभागों ने समन्वय के साथ राहत और बचाव कार्यों का प्रदर्शन किया। जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने बताया कि इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य यह जांचना था कि आपदा की स्थिति में विभिन्न विभाग कितने सजग और तैयार हैं। इस तरह की मॉक ड्रिल से वास्तविक आपदा की स्थिति में तैयारियों की समीक्षा होती है और विभागों के बीच समन्वय मजबूत होता है। साथ ही, मॉक ड्रिल के दौरान जो कमी पाई गई उसमें सुधार किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने कहा कि मॉक ड्रिल के दौरान रही कमियों तथा वास्तविक स्थिति में आने वाली चुनौतियों का आकलन किया गया। आने वाले दिनों में इस तरह की मॉक ड्रिल और की जाएगी, ताकि विभिन्न विभागों में बेहतर समन्वय स्थापित हो सके। इस अवसर पर एडीएम रामरतन सौकरिया, सीईओ परशुराम धानका, एएसपी गीता चौधरी, ब्रिजेंद्र सिंह भाटी, उपखंड अधिकारी हुक्मीचंद रोहलानिया, पुलिस उपाधीक्षक राजेश विद्यार्थी, पुलिस उपाधीक्षक होमगार्ड चाणक्य जायसवाल समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे।



जन्मदिन की हार्दिक शुभमकामनाएं, आपको हमेशा खुशियां और प्यार मिले, यही कामना करता हूं। अंगद और मैं हमेशा आपके साथ खड़े रहेंगे, हर अच्छे-बुरे समय में। हम आपसे प्यार करते हैं, हैप्पी बर्थडे। - जसप्रीत बुमराह

भारतीय गेंदबाज, अपनी पत्नी को हैप्पी बर्थडे विश करते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** आशीष नेहरा



इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 56 मैच के दौरान धीमे ओवर रेट के लिए मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या और उनकी पूरी टीम तथा गुजरात टाइटंस के मुख्य कोच आशीष नेहरा पर आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। वहीं गुजरात टाइटन्स के मुख्य कोच आशीष नेहरा पर आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और उन्हें एक डिमेरिट अंक भी मिला है। उन्होंने अनुच्छेद 2.20 के तहत लेवल 1 के अपराध को स्वीकार करते हुए मैच रेफरी की सजा को स्वीकार कर लिया।

**क्या आप जानते हैं ?...** सनराइज़र्स हैदराबाद के नाम आईपीएल इतिहास में सबसे.ज्यादा टीम स्कोर बनाने का रिकॉर्ड है, जिसने 15 अप्रैल, 2024 को बेंगलुरु में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ़ 287/3 का विशाल स्कोर बनाया था।

## अन्तर्राष्ट्रीय स्विमिंग पूल के 40 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पूजन



जयपुर, 7 मई। गुरवार को सुबह 11.00 बजे सवाई मानसिंह स्टेडियम स्थित अन्तर्राष्ट्रीय स्विमिंग पूल के 40 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शासन सचिव, युवा मामले एवं खेल विभाग एवं अध्यक्ष, राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद डा. नीरज के पवन के मुख्य आतिथ्य में पूजन एवं संक्षिप्त समारोह का आयोजन रखा गया है। राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद के सचिव राजेन्द्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि यह तरणताल 8 मई 1985 को तत्कालीन मुख्यमंत्री स्वर्गीय भैरोसिंह शेखावत द्वारा किया गया था। उस समय समारोह की अध्यक्षता खेल मंत्री स्वर्गीय भंवर लाल शर्मा ने की थी। उन्होने बताया कि खेल परिषद ने तरणताल का निजी फर्म देवा स्वीमिंग इंस्टीटयूट के साथ करार किया है, जिसके अनुसार फर्म द्वारा ही इसे संचालित किया जायेगा।

## श्री भवानी निकेतन पब्लिक स्कूल ने मैत्री क्रिकेट क्लब को हराया



जयपुर, 7 मई। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अनुराग मिश्रा स्मृति बी डिवीजन लीग के पूल डी के मैच में श्री भवानी निकेतन पब्लिक स्कूल ने मैत्री क्रिकेट क्लब को 147 रनों से हराया। आज प्रातः के एल सैनी स्टेडियम पर श्री भवानी निकेतन पब्लिक स्कूल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मयंक कुमावत के 47 रन, राहुल शर्मा के 13 रन, मोहित प्रजापत के 30 रन, मयंक सारस्वत के 54 रन, शुभ राव के 21 रन, आशीष के 25 रन, व वंश आमेरिया के 25 रनों से 38.2 ओवर में 258 रन बनाए। मैत्री क्रिकेट क्लब के लिए निखिल मंडल, विनीत शर्मा, अर्णव राय, विकाश शर्मा व आशीष चौधरी ने 2 - 2 विकेट लिए। जवाबी पारी में मैत्री क्रिकेट क्लब की टीम के राम दयाल वर्मा के 17 रन, धर्म यादव के 12 रन व मानव खांडल के 22 रन से 18.5 ओवर में 111 रन बनाकर आउट हो गई। श्री भवानी निकेतन पब्लिक स्कूल के लिए मयंक कुमावत ने 15 पर 3, शुभम राव ने 22 पर 3, सौरभ शर्मा ने 28 पर 3 विकेट लिया।

# रोमांचक मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स ने कोलकाता नाइटराइडर्स को दो विकेट से हराया

कोलकाता, 7 मई। नूर अहमद (चार विकेट) के बाद डेवाल्ड ब्रेविस (52), शिवम दुबे (45) और उर्विल पटेल (31) रनों की शानदार पारियों की मदद से चेन्नई सुपर किंग्स ने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग के 57वें मैच में कोलकाता नाइटराइडर्स को दो गेंदे शेष रहते आठ विकेट पर 183 रन बनाकर मुकाबला दो विकेट से जीत लिया। इस हार के साथ ही कोलकाता की प्लेऑफ की दौड़ मुश्किल हो गई है।

180 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी चन्नई सुपर किंग्स की शुरुआत खराब रही और उसने अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों आयुष म्हात्रे (शून्य) और डेवन कॉन्वे (शून्य) के विकेट गवां दिये। म्हात्र के आउट होने के बाद बल्लेबाजी करने आये उर्विल पटेल ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 11 गेंदों में चार छक्के और एक चौका लगाते हुए अभी 31 रन बनाये थे कि हर्षित राणा ने उन्हें वरुण चक्रवर्ती के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया।

हर्षित का अगला शिकार रवि अश्विन (आठ) रन बने। रवींद्र जडेजा 10 गेंदों में 19 रन को वरुण चक्रवर्ती ने बोल्ड आउट किया। डेवाल्ड ब्रेविस ने 25 गेंदों में चार चौके और चार छक्के लगाते हुए (52) रनों की आतिशी अर्धशतकीय पारी खेली। अपनी तीसरी जीत की ओर जा रही चेन्नई को 19वें ओवर में वैभव अरोड़ा ने पहले शिवम दुबे और उसके बाद नूर अहमद को आउटकर बड़ा झटका दिया। शिवम दुबे ने 40 गेंदों में तीन छक्के और दो चौके लगाते हुए (45) रनों की पारी खेली।



20वें ओवर की चौथी गेंद पर अंशुल काम्बोज ने चौका लगाकर चेन्नई को जीत दिलाई। चेन्नई सुपर किंग्स की इस सीजन की तीसरी जीत। इस हार के साथ ही यहां से कोलकाता नाइट राइडर्स का प्लेऑफ का रास्ता मुश्किल हो गया है। महेन्द्र सिंह धोनी 17 रन बनाकर नाबाद रहे।

कोलकाता नाइटराइडर्स के लिए वैभव अरोड़ा ने तीन विकेट लिये। हर्षित राणा और वरुण चक्रवर्ती ने दो-दो विकेट लिये। मोईन अली ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां कोलकाता नाइटराइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी कोलकाता को पहला झटका रहमानउल्लाह गुरबाज (11) के रूप में लगा। उन्हें अंशुल काम्बोज ने नूर अहमद के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये अजिंक्य रहाणे ने सुनील नारायण के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिए 58 रन जोड़े।

आठवें ओवर में नूर अहमद ने धोनी के हाथों सुनील नारायण को स्टंप आउट कराकर कोलकाता को दूसरा झटका दिया। इसी ओवर में नूर ने अंगकृष रघुवंशी (एक) को आउट कर अपना दूसरा विकेट लिया। आंद्रे रसल ने 21 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के लगाते हुए (38) रन बनाये। रसल को भी नूर ने आउट किया। नूर का चौथा शिकार रिंकू सिंह (नौ) बने। अजिंक्य रहाणे ने 33 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए (48) रनों की पारी खेली। मनीष पांडे 28 गेंदों 36 रन बनाकर नाबाद रहे। कोलकाता ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 179 रन का स्कोर खड़ा किया। चेन्नई सुपर किंग्स के लिए नूर अहमद ने चार विकेट लिये। अंशुल काम्बोज और रवींद्र जडेजा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने दक्षिण अफ्रीका को हराया, फाइनल में बनाई जगह



कोलंबो, 7 मई। जेमिमाह रॉड्रिग्स (123) की शतकीय, दीप्ति शर्मा (93) और स्मृति मंधाना (51) की अर्धशतकीय पारियों के बाद अमनजोत कौर की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय महिला टीम ने बुधवार को त्रिकोणीय श्रृंखला के पांचवें मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम को 23 रनों से हरा दिया है। तीन हार के साथ दक्षिण अफ्रीका त्रिकोणीय श्रृंखला से बाहर हो गई। भारत रविवार को फाइनल मुकाबले में श्रीलंका से भिड़ेगा।

338 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं हुई और उसने अपना पहला विकेट लारा गुडॉल (चार) रन का विकेट गवां दिया। इसके बाद मियान स्मिट ने तेजमिन ब्रिट्स के साथ दूसरे विकेट के लिए 63 रन जोड़े। 15वें ओवर में अमनजोत कौर ने तेजमिन ब्रिट्स (26) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। मियान स्मिट (39) को दीप्ति शर्मा ने आउट किया। नोंडुमिसो शंघासे (36) के रूप में दक्षिण अफ्रीका का चौथा विकेट गिरा। सिनालो जाफ्ता (21) रन बनाकर आउट हुई। एन डर्कसन ने 80 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाते हुए (81) रन बनाये।

कप्तान क्लोई ट्राइऑन 43 गेंदों में (67) रन को दीप्ति शर्मा ने बोल्ड कर दक्षिण अफ्रीका के मैच जीतने की उम्मीदों को ध्वस्त कर दिया। 48 ओवर के बाद कम रोशनी को लेकर अंपायर हरमनप्रीत कौर और बल्लेबाजों से बात की। और खराब रोशनी के कारण मैच रुक गया है। रोशनी में सुधार के बाद मैच फिर से शुरु हुआ। लेकिन दक्षिण अफ्रीका की टीम निर्धारित 50 ओवरों में सात विकेट पर 314 रन ही बना सकी और मुकाबला 23 रनों से हार गई। नडीन डी क्लर्क (22) और सुने लूस (दो) रन बनाकर नाबाद रही। भारत की ओर से अमनजोत कौर ने तीन विकेट लिये। दीप्ति शर्मा को दो विकेट मिले। श्री चरणी और प्रतिका रावल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# भारतीय क्रिकेटरों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' में वीरता के लिए सशस्त्र बलों की सराहना की

मुंबई, 7 मई। भारतीय क्रिकेट बिरादरी ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाये जाने पर 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए बुधवार को देशभक्ति की भावना से एकजुट होकर देश के सशस्त्र बलों के प्रति अटूट समर्थन व्यक्त किया है। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, धर्मो रक्षित रक्षता जय हिंद की सेना 'ऑपरेशन सिंदूर'।

स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने इंस्टाग्राम पर ऑपरेशन सिंदूर की तस्वीर साझा की। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सेना की सराहना की। उन्होंने एक्स पर 'जय हिंद (भारत की जीत)' लिखा और ऑपरेशन सिंदूर की तस्वीर साझा की। पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा और प्रज्ञान ओझा भारतीय सशस्त्र बलों की सार्वजनिक रूप से प्रशंसा करने वालों सबसे आगे थे। उनमें से प्रत्येक ने सोशल मीडिया पर देशभक्ति संदेश साझा किए, सभी ने जय हिंद लिखा।

इस कड़ी में सचिन तेंदुलकर और वीरेंद्र सहवाग ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकरट्वीट किया। सेना की कार्रवाई को पूरा देश सलाम कर रहा है। टीम इंडिया के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने अब सेना की शान में कसीदा पढ़ा है। उन्हें ऑपरेशन सिंदूर में फतेह मोमेंट दिखाशमी ने सोशल मीडिया पर ऑपरेशन सिंदूर की तस्वीर के साथ लिखा कि, भारतीय सशस्त्र बलों ने प्रतिकूलता को शक्तिशाली फतेह मोमेंट में बदल दिया।

## धर्मशाला में होने वाले आईपीएल मैच के स्थान में हो सकता है बदलाव

धर्मशाला, 7 मई। भारतीय सशस्त्र सेनाओं के पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के नौ आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाये जाने के बाद सीमावर्ती राज्यों के हवाई अड्डे बंद करने को लेकर ऐसी आशंका जतायी जा रही है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड एहतियाती तौर पर धर्मशाला में पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच होने वाले मैच का स्थान बदलवा सकती है। पंजाब किंग्स की ओर से यूनीवार्ता को बताया गया कि अभी तक बीसीसीआई की ओर से मुम्बई इंडियंस के साथ 11 मई को धर्मशाला में होने वाले मैच के स्थान के बदलाव के बारे में आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी नहीं दी है। भारतीय सेनाओं की ओर से चलाये गये ऑपरेशन सिंदूर के बाद से दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए ही जम्मू-कश्मीर और लद्दाख से लेकर पंजाब, हिमाचल प्रदेश के हवाई अड्डे बंद किये जाने पर ऐसा माना जा रहा है कि धर्मशाला में होने वाले मैच को कहीं अन्यत्र स्थानांतरित किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच 11 मई को मैच होना है।

## रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट से लिया संन्यास

मुंबई, 7 मई। टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने तत्काल प्रभाव से टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है, हालांकि वह एक दिवसीय क्रिकेट में भारत का प्रतिनिधित्व करते रहेंगे। रोहित ने अपने सन्यास की जानकारी बुधवार शाम अपने इंस्टाग्राम एकाउंट पर साझा की है।



उन्होंने लिखा सभी को नमस्कार, मैं बस यह साझा करना चाहता हूं कि मैं टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले रहा हूं। सफेद जर्सी में अपने देश का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए एक बड़ा सम्मान रहा है। इतने सालों में मिले प्यार और समर्थन के लिए आपका धन्यवाद। मैं वनडे प्रारूप में भारत का प्रतिनिधित्व करना जारी रखूंगा। रोहित ने पिछले साल भारत के टी20 विश्व कप जीतने के बाद फटाफट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। रोहित के फैसले के बाद भारत को आईपीएल 2025 की समाप्ति के तुरंत बाद एक नए पूर्णकालिक कप्तान की घोषणा करनी होगी, क्योंकि इंग्लैंड में भारत की पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला 20 जून को हेडिंग्ले में शुरू होने वाली है। जसप्रीत बुमराह वर्तमान में भारत के उप कप्तान हैं। उन्होंने रोहित की अनुपस्थिति में ऑस्ट्रेलिया में पहले और आखिरी टेस्ट में कप्तानी की थी। रोहित शर्मा ने अपने टेस्ट करियर में 67 मैचों में 40.57 की औसत से 4301 रन बनाये है जिसमें उनके 12 शतक और 18 अर्धशतक शामिल है। रोहित का टेस्ट में सबसे ज्यादा स्कोर 212 रन है। उन्होंने अपने टेस्ट करियर में दो विकेट भी झटके हैं।

## नारायणा एकेडमी की जीत में यश खीचड़ का शानदार शतक

जयपुर, 7 मई। चम्बल स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आयोजित 17वीं राज्य स्तरीय अंडर-19 नन्द सिंह मेमोरियल सीनियर क्रिकेट लीग में आज खेले गए नारायणा ग्राउंड पर खेले गए मैच में नारायणा एकेडमी ने जयपुरिया एकेडमी को 187 रनों के अंतर से हराया। नारायणा एकेडमी ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए यश खीचड़ 109 का शानदार शतक बनाया। सौम्य शेखावत 72, रोशन सारन 35, आदित्य सैनी 30, गुलशन जांगिड़ 25 रनों के सहयोग से 45 ओवर में 7 विकेट पर 330 रन बनाए। जयपुरिया की ओर गेंदबाजी करते हुए भव्य शर्मा 4, देवांग सिंह 2, कुलदीप ने 1 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए जयपुरिया एकेडमी के भव्य शर्मा 27, पूर्व दोयतवाल 24, दर्शील 20 रनों की सहयोग से 45 ओवर में 9 विकेट पर 143 रन बनाए। नारायणा की ओर गेंदबाजी करते हुए मनीष गुर्जर 2, आदित्य सैनी 2 , रोशन सारन, रोहित गुलशन जांगिड़ ने 1-1 विकेट लिए। आज के मैन ऑफ़ द मैच यश खीचड़ रहे।

## ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाया पाक, अब नरेन्द्र मोदी स्टेडियम को बम से उड़ाने की दी धमकी

नई दिल्ली, 7 मई। भारतीय सेना ने आतंकवाद के सरगना पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देते हुए ऑपरेशन सिंदूर को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। इस ऑपरेशन से पाकिस्तान बौखला उठा है। इस बीच गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन को एक ईमेल मिला है जिसमें अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है।गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन को पाकिस्तान जेके नामक ईमेल आईडी से एक लाइन का ईमेल प्राप्त हुआ है। इसमें केवल इतना लिखा है कि हम आपके स्टेडियम को उड़ा देंगे। जब अहमदाबाद पुलिस को इस संबंध में सूचना दी गई तो उच्च अधिकारियों और बम निरोधक दस्ते का एक काफिला तुरंत नरेंद्र मोदी स्टेडियम पहुंचा। जहां सघन चेकिंग की गई। बता दें कि, कुछ दिन पहले ही कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने 26 पर्यटकों की धर्म पूछकर गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस घटना के बाद पूरे देश में आक्रोश फैल गया। लोग लगातार पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देने और आतंकवाद के खात्मे की मांग कर रहे थे। भारत ने सरकार ने पाकिस्तान की कमर तोड़ने के लिए एक के बाद एक कदम उठाए। जिसके बाद कल ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पीओके में हवाई हमले में करीब 26 आतंकी मारे गए। ऐसी स्थिति में आज सुबह मुझे ये ईमेल मिला। इस ईमेल को गंभीरता से लिया जा रहा है कि क्योंकि आने वाले दिनों में नरेंद्र मोदी स्टेडियम में दो आईपीएल मैच खेले जाने हैं।

## जयपुर बनेगा सॉफ्ट हॉकी का नया हब

जयपुर, 7 मई। सॉफ्ट हॉकी को जमीनी स्तर पर बढ़ावा देने और युवाओं को इस खेल से जोड़ने की दिशा में आज एक ऐतिहासिक पहल की गई। फ्लोरोसेंट पब्लिक स्कूल, जगतपुरा, जयपुर और एमेच्योर सॉफ्ट हॉकी फेडरेशन ऑफ इंडिया के बीच एक महत्वपूर्ण एमओयू हस्ताक्षरित किया गया। इस एमओयू पर स्कूल की डायरेक्टर श्रीमती शिखा पंत, फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आशुतोष पंत और महासचिव श्री रमेश सिंह के बीच हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर डॉ. पंत द्वारा स्कूल को खिलाड़ियों के लिए निःशुल्क सॉफ्ट हॉकी किट भी प्रदान की गई, जिससे खिलाड़ियों को बुनियादी संसाधनों की सुविधा मिल सके। एमओयू के अंतर्गत फ्लोरोसेंट पब्लिक स्कूल को जयपुर में सॉफ्ट हॉकी के एक प्रमुख प्रशिक्षण केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा छात्रों को आधुनिक तकनीकों के माध्यम से नियमित सुबह-शाम प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# राजस्थान की हर्षिता ने गोल्ड मेडल की लगाई हैट्रिक

## आदित्य जाखड़ ने जीता अपना दूसरा स्वर्ण पदक

### खेलों इंडिया यूथ गेम्स में राजस्थान ने तीन स्वर्ण सहित जीते कुल 7 पदक




जयपुर, 7 मई। खेलों इंडिया यूथ गेम्स में राजस्थान के खिलाड़ियों ने अपना शानदार प्रदर्शन बुधवार को भी जारी रखा। साईक्लिंग में हर्षिता जाखड ने एक स्वर्ण पदक जीत कर अपनी धाक कायम की। आदित्य जाखड ने अपना दूसरा गोल्ड मेडल जीता। जबकि गत दिवस कांस्य पदक जीतने वाले सीताराम ने साईक्लिंग में आज स्वर्ण पदक जीता। इसके अलावा शूटिंग और तैराकी में भी राजस्थान ने पदक जीते।

राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद के सचिव राजेन्द्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि राजस्थान की हर्षिता जाखड ने शानदार खेल का प्रदर्शन जारी रखते हुए साइकलिंग में 2 किमी व्यक्तिगत परस्यूट में स्वर्ण पदक जीत कर अपनी श्रेष्ठता साबित की। वहीं आदित्य जाखड ने अपना दूसरा गोल्ड मेडल जीता। उसने 200 मी. स्प्रिंट में गोल्ड मेडल जीता जबकि गत दिवस उसने 1 किमी टाईम ट्रायल रेस में स्वर्ण पदक जीता था। इसी प्रकार गत दिवस कास्य पदक जीतने वाले सीताराम ने ट्रैक साईक्लिंग की 3 किमी व्यक्तिगत परस्यूट में स्वर्ण के साथ अपना दूसरा पदक जीता। इसी वर्ग में राजस्थान के ही महावीर ने कास्य पदक जीता उन्होंने बताया कि उदय सिंह राठौड ने ट्रैप शूटिंग में और विधि शर्मा ने 10 मी. पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक जीते। चीफ डे मिशन रणविजय सिंह चम्पावत ने बताया कि तैराकी की 100 मी. फ्री स्टाइल स्पर्धा में कुनाल फौजदार ने कास्य पदक जीता।

27वीं नवीन-नफीस ईनामी राशि लीग कम नॉकआउट क्रिकेट प्रतियोगिता

# नावेद के ऑलराउंड प्रदर्शन से एमी एकेडमी की आसान जीत



जयपुर, 7 मई। यूनियन क्रिकेट एकेडमी द्वारा आयोजित 27वीं नवीन नफीस स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता में आज अरावली क्रिकेट ग्राउण्ड कालवाड़ रोड पर खेले गये पूल-ई के मैच में नावेद खान 5 रन पर 3 विकेट व 22 रन के ऑलराउण्ड प्रदर्शन तथा मनीष 20 रन पर 3 विकेट की शानदार गेंदबाजी की बदौलत एमी क्रिकेट एकेडमी ने कोडाई स्पोर्ट्स एकेडमी को 6 विकेट से हराकर 2 अंक अर्जित किये, इससे पूर्व पूल-सी के मैच में एम.आर.एम क्रिकेट एकेडमी की टीम ना आने के कारण विवेक यादव मैमोरियल क्रिकेट क्लब को वाकओवर मिला।

टॉस जीतकर कोडाई स्पोर्टस ने पहले बल्लेबाजी करते हुये विवान राजोरिया 33 रन, भावेश कावट 20 रन, तोषिफ अली 26 रन नॉटआउट, राज 12 रन की पारियों की मदद के बावजूद निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 126 रन बनाये, गेन्दबाजी में एमी क्रिकेट एकेडमी की ओर से नावेद खान ने 3 ओवर एक मेडन 5 रन 3 विकेट मनीष 20 रन पर 3 विकेट, मोलिक झारवाल 27 रन 1 विकेट लेकर सफल गेन्द बाज रहे। जवाबी पारी में एमी एकेडमी के मोहम्मद जैद 37 रन लोकेश लाल 20 रन ने मिलकर 5.2 ओवर में 56 रन जोड़कर अच्छी शुरूआत की मध्यक्रम में नावेद खान 22 रन व अमन खिलजी 20 रन की मदद से विजय लक्ष्य 127 रन 4 विकेट खोकर 15.5 ओवर में हासिल कर 6 विकेट से जीत दर्ज कर ली, गेन्दबाजी में कोडाई स्पोर्टस एकेडमी की ओर से पार्थ कोटियाल मोहित सैनी चर्चित निर्वाण प्रत्येक 1-1 विकेट लेकर सफल गेन्दबाज रहे। मैन ऑफ दा मैच नावेद खान एमी एकेडमी रहे।


# पुरुष वर्ग में अयान और गुहन भिड़ेंगे, महिला वर्ग की खिताबी टक्कर निरुपमा और सान्या के बीच होगी

## राजस्थान के गौरवी, दिव्यांशी, गौरी, प्रभव और सुभाष खेलेंगे फाइनल

जयपुर, 7 मई। राजस्थान की गौरवी अजमेरा, दिव्यांशी जैन, प्रभव बाजोरिया, गौरी जायसवाल और सुभाष चौधरी ने बुधवार को यहां सेमी फाइनल मुकाबले जीत राजस्थान स्क्वैश एकेडमी कोर्ट्स पर खेली जा रही नार्दन स्लैम 2025 स्क्वैश चैंपियनशिप में अपनी- अपनी कैटेगरी के फाइनल में जगह बना ली। दिव्यांशी जैन ने गर्ल्स अंडर-13 के सेमी फाइनल में रिया दलाल को 3-0 से पराजित किया। फाइनल में दिव्यांशी का मुकाबला हरियाणा की छवि पांचाल से होगा। छवि ने दूसरे सेमी फाइनल में आद्या ग्रोवर को 3-0 से शिकस्त दी।

बॉयज अंडर-13 में प्रभव बाजोरिया ने हरियाणा के विआन खेमानी को 3-0 से हरा फाइनल में प्रवेश किया। प्रभव का खिताबी मुकाबला अमेरिका से आए शयान समतानी से होगा, जिन्होंने दूसरे सेमी फाइनल में राजस्थान के धैर्य गोगिया को 3-0 से हरा फाइनल में जगह बनाई।

गर्ल्स अंडर-15 में राजस्थान की गौरी जायसवाल ने हरियाणा की अहाना सिंह को कड़े मुकाबले में 3-2 से शिकस्त दी। फाइनल में गौरी का सामना तमिलनाडु की दिवा परसरामपुरिया से होगा, जिन्होंने महाराष्ट्र की वसुंधरा नंगारे को 3-2 से हरा फाइनल में जगह बनाई। राजस्थान के एक अन्य खिलाड़ी सुभाष चौधरी ने उत्तर प्रदेश के राघव वशिष्ठ को 3-0 से हरा बॉयज अंडर-17 के फाइनल में जगह बनाई। सुभाष का फाइनल में महाराष्ट्र के पूरव रम्पिया से मुकाबला होगा। पूरव ने महाराष्ट्र के अगस्त राजपूत को 3-0 शिकस्त दी।



### महिला वर्ग की खिताबी टक्कर निरुपमा और सान्या के बीच

महिला वर्ग की खिताबी टक्कर महाराष्ट्र की निरुपमा दुबे और दिल्ली की सान्या वत्स के बीच होगी। सेमी फाइनल में निरुपमा ने तमिलनाडु की पूजा आरती को 3-1 से और सान्या ने तमिलनाडु की शमिना रियाज को 3-1 से हरा फाइनल में जगह बनाई है। पुरुष वर्ग के सेमी फाइनल मुकाबले देर रात खेले जा रहे थे।

### ये भी पहुंचे फाइनल में

अंडर-11 बॉयज में महाराष्ट्र के एरोन अरांभन ने राजस्थान के वीर श्रृंगी को 3-0 से और महाराष्ट्र के तिलक वीर कपूर ने महाराष्ट्र के ही निर्वाण पारीक को 3-0 से हरा फाइनल में प्रवेश किया। वहीं गर्ल्स में आलिया कांकरिया (बंगाल) ने शशाना इस्ट्रीथरन (मलेशिया) को और सानवी टिर्के (कर्नाटक) ने अक्षरा मखीजा (कर्नाटक) को 3-1 से हरा फाइनल में जगह बनाई। अंडर-15 बॉयज में महाराष्ट्र के श्रेयांश झा ने कर्नाटक के आर्यमन सिंह को 3-0 और श्रेष्ठ अय्यर (कर्नाटक) ने हरियाणा के हर्शिल राणा को 3-2 से हरा फाइनल में जगह बनाई। अंडर-17 गर्ल्स में आकांक्षा गुप्ता (महाराष्ट्र) ने आरिका मिश्रा (महाराष्ट्र) को 3-0 से और आराध्या पोरवाल (दिल्ली) ने रशिका श्रीरघु (मलेशिया) को 3-1 से हरा फाइनल में जगह बनाई। अंडर-19 बॉयज में दिल्ली के गुरवीर सिंह ने टॉप सीड तमिलनाडु के अरिहन्त केएस को 3-0 से हरा उलटफेर करते हुए फाइनल में जगह बनाई। दूसरे सेमी फाइनल में करण यादव (यूपी) ने प्रियांशु कुमार (हरियाणा) को 3-0 से हराया। अंडर- 9 बॉयज में अभ्युदय नाडियाल (कर्नाटक) और अंगद सिंह (दिल्ली) तथा गर्ल्स में गौरवी अजमेरा (राजस्थान) और अनवी नंदल (हरियाणा) के बीच फाइनल होगा।

# मोहम्मद कैफ का अंडर-19 सैफ एशियाई अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता टीम में चयन



जयपुर, 7 मई। मोहम्मद कैफ का अंतर्राष्ट्रीय अंडर -19 सैफ एशियाई फुटबॉल प्रतियोगिता की भारतीय टीम में चयन होने पर राजस्थान फुटबाल खिलाड़ियों में खुशी की लहर है। राजस्थान फुटबाल संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि कैफ ने की शुरुआत मकराना जिला नागौर से ही की थी उसके बाद उसका चयन जिंक फुटबाल अकादमी जावर उदयपुर में हुआ जिसके तहत कठिन परिश्रम एवं प्रशिक्षण से विभिन्न टूर्नामेंट में अपनी टीम को विजेता बनाने में योगदान देते हुए उसने राष्ट्रीय अंडर-16 टीम में अपनी जगह बनाते हुए देश के लिए खेल अपनी कप्तानी में वर्ष 2023 में भूटान में आयोजित अंडर-16 सैफ एशियाई फुटबाल चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले में बांग्लादेश को हरा गोल्ड मेडल जीता था। इसके पश्चात वर्ष 2024 में भूटान में ही आयोजित अंडर-17 सैफ एशियाई फुटबाल चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले में भी कैफ के नेतृत्व में भारत ने फिर से फाइनल में बांग्लादेश को हराते हुए अंडर-17 सैफ फुटबॉल चैंपियनशिप अपने नाम कर गोल्ड मेडल जीता था। अब इसी तरह अब अंडर-19 टीम में कैफ का सलेक्शन होने पर राजस्थान फुटबाल प्रेमियों ने क्षेत्र का नाम रोशन करने पर कैफ के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इसी तरह कैफ गत दिनों से अरुणाचल प्रदेश में आयोजित अभ्यास शिविर में भाग ले रहा है। अध्यक्ष राजस्थान फुटबाल संघ कर्नल मानवेन्द्र सिंह जसोल, चेयरपर्सन महिला विंग रोशनी टॉक ने भी मोहम्मद कैफ को बधाई दी।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भारत द्वारा पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों पर की गई एयर स्ट्राइक के मद्देनजर पुलिस विभाग के उच्च अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को सीमावर्ती क्षेत्रों की विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए।*

# मुख्यमंत्री ने बुधवार को पुलिस अधिकारियों की बैठक ली

## पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की पृष्ठभूमि में सीमा की विशेष निगरानी के निर्देश दिए

- **मुख्यमंत्री भजनलाल ने कहा कि राष्ट्र विरोधी शक्तियां प्रदेश में साम्प्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने की कोशिश कर सकती हैं। पुलिस, सोशल मीडिया पर प्रभावी निगरानी रख अफवाह फैलाने वालों पर त्वरित कार्यवाही करे।**

जयपुर, 7 मई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भारत द्वारा पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों पर की गई एयर स्ट्राइक के मद्देनजर प्रदेशभर में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पूरी सतर्कता से सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने के साथ-साथ, पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों को केन्द्रीय गृह मंत्रालय और केन्द्रीय एजेन्सियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए सुरक्षा की दृष्टि से सभी आवश्यक कदम उठाने के लिए निर्देशित किया। शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में पुलिस विभाग के उच्च अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान पाकिस्तान का सीमावर्ती राज्य है, इसलिए उच्चतम मानकों की अनुपालना करते हुए प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था दुरूस्त होनी चाहिए। शर्मा ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में दृष्टिगत राष्ट्र विरोधी शक्तियां प्रदेश में साम्प्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने का प्रयास कर सकती हैं। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को सोशल मीडिया पर प्रभावी निगरानी के साथ ही, अफवाह फैलाने वालों के विरूद्ध त्वरित कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया।

मुख्यमंत्री ने समस्त जिलों की आन्तरिक सुरक्षा योजना और आपदा प्रबंधन की समीक्षा करते हुए कहा कि चिकित्सालयों में पर्याप्त दवा, ऑक्सीजन और एम्बुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही, चिकित्सकों सहित आवश्यक मानव संसाधन एवं उपकरण भी उपलब्ध रहें। शर्मा ने पानी, बिजली एवं आवश्यक बुनियादी संसाधनों की उपलब्धता और इससे संबंधित सेवाओं को सुचारू रखने के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही, उन्होंने बुधवार को हो रही मॉक ड्रिल और ब्लैक आउट की भी विस्तृत समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थानों पर प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने पुलिस कार्मिकों की छुट्टियां निरस्त करने और उन्हें मुख्यालय पर उपस्थित रहने के लिए पाबंद करने के संबंध में भी निर्देश दिए। शर्मा ने कहा कि एडीजी रेंज प्रभारी और प्रभारी सचिव उनके प्रभार क्षेत्र के जिलों के अधिकारियों से निरन्तर सम्पर्क में रहते हुए उक्त सभी निर्देशों की पालना सुनिश्चित कराएं।

मुख्यमंत्री शर्मा ने भारतीय सेना को पाकिस्तान स्थित आंतकी ठिकानों पर प्रभावी एवं सटीक एयर स्ट्राइक करने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि कायराना पहलगाम हमले का करारा जवाब देते हुए भारतीय एयर फोर्स ने अदम्य साहस के साथ ऑपरेशन सिदूंर को अंजाम दिया और 9 आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नया भारत आंतकियों और उनके आकाओं को अंजाम तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक यू. आर. साहू सहित, सम्बन्धित पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

# पाक सेना ने पुंछ में की भारी फायरिंग, 15 नागरिकों की मौत, 60 घायल

## अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तान की ओर से रात भर भारी गोलाबारी की गई

- **मृतकों में एक महिला व चार बच्चे भी शामिल हैं।**
- **सूत्रों ने बताया कि भारतीय एयर स्ट्राइक के तुरंत बाद पाकिस्तान की ओर से पुंछ में गोलाबारी शुरु कर दी गई।**
- **जम्मू में पांच सीमावर्ती जिलों में सभी स्कूल, कॉलेज बंद रखे गए तथा लोगों से सावधानी बरतने की अपील की गई।**

जम्मू, 07 मई। जम्मू-कश्मीर के पुंछ सेक्टर में बुधवार को पाकिस्तान द्वारा की गई भारी मोर्टार गोलाबारी और तोपखाने की गोलीबारी में एक महिला और चार बच्चों सहित कम से कम 15 नागरिक मारे गए और 60 से अधिक घायल हो गए।

सीमा पार से गोलाबारी, भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा 22 अप्रैल के पहलगाम आतंकवादी हमले का बदला लेने के लिए पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले करने के तुरंत बाद शुरू हुई। पहलगाम आतंकवादी हमले में 26 लोग मारे गए थे।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया, सीमा पार से दागे गए मोर्टार शेल के घर में फटने से एक महिला की मौत हो गई, जबकि उसकी 13 साल की बेटी घायल हो गई।

सीमावर्ती जिला पुंछ पाकिस्तानी सेना की गोलाबारी से सबसे ज्यादा प्रभावित रहा। उन्होंने बताया, पुंछ सेक्टर के अन्य हिस्सों में करीब 20 लोग घायल हुए हैं और राजौरी के ठंडीकासी इलाके में दो महिलाओं समेत चार लोग घायल हुए हैं।

उन्होंने बताया, पाकिस्तान की ओर से की गई भारी गोलाबारी में कई घर और वाहन भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि मनकोट इलाके के अलावा, भारतीय सेना ने राजौरी के कृष्णा घाटी, शाहपुर, लाम, मंजाकोट और गंभीर ब्राह्मणा इलाकों में भी पाकिस्तानी सेना को मुंहतोड़ जवाब दिया।

इस बीच, सेना ने पहले कहा था कि 6-7 मई की रात को पाकिस्तानी सेना ने जम्मू-कश्मीर के सामने नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार चौकियों से तोपखाने से गोलाबारी समेत मनमाने तरीके से गोलीबारी की।

जम्मू के संभागीय आयुक्त कार्यालय ने जम्मू क्षेत्र के पांच सीमावर्ती जिलों में सभी शैक्षिणक संस्थानों को बंद करने का भी आदेश दिया। इसने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, मौजूदा स्थिति को देखते हुए जम्मू, सांबा, कठुआ, राजौरी और पुंछ में सभी स्कूल, कॉलेज और शैक्षिणक संस्थान आज बंद रहेंगे।

एक अधिकारी ने कहा, मौजूदा स्थिति के कारण, जम्मू (आईएक्सजे) हवाई अड्डे को अगले नोटिस तक नागरिक उड़ानों के लिए बंद कर दिया गया है और यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे अपनी यात्रा की योजना तदनुसार बनाएं और उड़ान की स्थिति की जांच करें। कश्मीर के कुछ हिस्सों में, तथा बारामुल्ला, कुपवाड़ा और उरी से भी भारी गोलाबारी की खबर है। मौजूदा स्थिति के बीच लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए पहले से ही व्यवस्था की गई है। जिला प्रशासन पुंछ ने विभिन्न नामित आश्रय शिविरों में तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की।

अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी), सहायक आयुक्त राजस्व (एसीआर), सीपीओ और तहसीलदार हवेली सहित वरिष्ठ अधिकारियों की एक टीम ने सुविधाओं की तैयारी का आकलन करने और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रस्तावित शिविर स्थलों का दौरा किया कि सभी रसद और सहायता प्रणालियाँ चालू हैं। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि प्रशासन ने लोगों को आश्वस्त किया है कि इन सभी आश्रय स्थलों पर आवास, भोजन और चिकित्सा सहायता सहित आवश्यक सेवाएं उपलब्ध हैं, जबकि लोगों को इन सुविधाओं का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, यदि वे स्थानांतरित होना चाहते हैं।

जम्मू पुलिस ने आम जनता के लिए एक सलाह में, जिले में सुरक्षा तैनाती, परिचालन आंदोलनों से संबंधित किसी भी सामग्री को साझा, अपलोड या प्रसारित नहीं करने को कहा है।

जम्मू पुलिस की सलाह के अनुसार,जम्मू जिले के सभी नागरिकों को सख्त सलाह दी जाती है कि वे सोशल मीडिया या किसी अन्य सार्वजनिक प्लेटफॉर्म पर सुरक्षा तैनाती, परिचालन आंदोलनों या संवेदनशील स्थानों से संबंधित किसी भी सामग्री को साझा, अपलोड या प्रसारित न करें।

सलाह में यह भी कहा गया है कि इस तरह की हरकतें सार्वजनिक सुरक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा करती हैं और संबंधित कानूनों के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसमें आगे कहा गया, जिला पुलिस जम्मू सभी से जिम्मेदारी से काम करने और ऐसी गतिविधियों से दूर रहने का आग्रह करती है जो सुरक्षा अभियानों की प्रभावशीलता से समझौता कर सकती हैं या जान को खतरे में डाल सकती हैं। शांति और सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस मोड़ पर आपका सहयोग महत्वपूर्ण है।

एक अधिकारी ने कहा कि कठुआ, सांबा और जम्मू जिलों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय सीमा पर भी सुरक्षा ग्रिड को बढ़ा दिया गया है। उन्होंने कहा कि सीमा सुरक्षा बल-जम्मू फ्रंटियर की रक्षा करने वाला अग्रिम पंक्ति का बल पहले से ही अलर्ट पर है और स्थिति पर कड़ी नजर रख रहा है।

## 'मंत्रालयिक कर्मचारियों ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

नहीं दिया है, बल्कि यह संवैधानिक तौर पर मान्यता प्राप्त वर्टिकल श्रेणी के भीतर ही हॉरिजेंटल आरक्षण के एकीकरण को दर्शाता है। इस आदेश के बाद, भर्ती में मंत्रालयिक कर्मचारियों के लिए आरक्षित पदों पर नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है। याचिकाओं में कहा गया कि मंत्रालयिक कर्मचारी वर्ग में जिनका चयन हुआ है, उनके सीईटी परीक्षा में याचिकाकर्ताओं से कम अंक हैं। उन्हें दोहरे आरक्षण का लाभ दिया है। ऐसे में कर्मचारी चयन बोर्ड ने आरक्षण की प्रक्रिया सही नहीं की है और इसके चलते ही याचिकाकर्ता भर्ती में चयन होने से वंचित रहे हैं। इसके जवाब में कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से अधिवक्ता संदीप माहेश्वरी ने कहा कि सीईटी नियम, 2022 के नियम 6 के तहत, मंत्रालयिक कर्मचारी श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए मानकों में छूट का प्रावधान है। बोर्ड ने डीओपी के 24 जून 2008 के परिपत्र की पालना की है और दोहरे आरक्षण का लाभ नहीं दिया है। याचिकाकर्ताओं के मुख्य परीक्षा में इन चयनित अभ्यर्थियों से कम अंक हैं और ऐसे में इनको बुलाया जाना कानूनी तौर पर गलत नहीं है। अदालत ने बोर्ड की दलीलों से सहमत होकर याचिकाओं को खाजिर कर दिया है।

## 'पाकिस्तान तनाव खत्म करने ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

तुला, समानुपातिक, गैर उत्तेजनात्मक और उत्तरदायित्व पूर्ण था, जो अन्य देशों और सभ्य समाज के लिए संकेत था। यह कार्यवाही आतंकवादी ढांचे को खत्म करने व उन आतंकवादियों को खत्म करने पर केन्द्रित थी, जिन्हें भारत भेजा जा सकता था।

जहां तक "ऑपरेशन सिंदूर" का प्रश्न है सरकार कुछ भी संयोग पर नहीं छोड़ रही है, हमले के बाद की प्रतिक्रियाओं को भी नापा-तौला गया है। सिंदूर शब्द का चयन भी भावनाएं जगाने वाला है और पहली बार प्रैस ब्रीफिंग में दो महिला अफसरों कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह की मौजूदगी भारतीय महिलाओं के साथ भावनात्मक जुड़ाव पैदा कर सकती है, मिश्री की ब्रीफिंग स्पष्ट संकेत है कि मोदी सरकार ने सावधानी से योजना बनाई है, देश व दुनिया में इसके पक्ष में माहौल बनाया।

भारत-पाक रिश्तों के जानकार कूटनीतिज्ञ एवं जाने-माने भू-रणनीतिक विशेषज्ञ इस बात का दिल थाम कर इंतज़ार कर रहे हैं कि नई दिल्ली हालात सामान्य करने का निर्णय कब लेती है। लंबे समय तक तनाव रखने से बिज़नैस पर असर पड़ेगा साथ ही विश्व में भारत की स्थिति भी अनिश्चित हो जाएगी।

आगामी दिनों में काफी अनिश्चितता रहेगी क्योंकि पाक सेना भी जनता के दबाव में आ सकती है।

भारत ने जिन ठिकानों पर हमला किया, वे हैं :

1. मरकज़ सुभान अल्लाह बहावलपुर - जैश ए मोहम्मद
2. मरकज़ तैयबा मूरीदके - लश्कर ए तैयबा
3. सरजल तेहरा कलान - जैश ए मोहम्मद
4. महमूना जोया सियालकोट - हिजबुल मुजाहिदीन
5. मरकज़ अहले हदीथ, बरनाला-लश्कर-ए-तैयबा
6. मरकज़ अब्बास कोटली - जैश-ए-मोहम्मद
7. मस्कर राहील शाहिद कोटली-हिजबुल मुजाहिदीन
8. शावई नल्ला कैम्प, मुजफ्फराबा - लश्कर-ए-तैयबा
9. सैयदना बिलाल कैम्प मुजफ्फराबाद - जैश--ए-मोहम्मद।

## ई-सिगरेट की बिक्री ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कि ई-सिगरेट को लेकर आठ वेबसाइटों को ब्लॉक किया गया है और चार साइटों को अनब्लॉक किया गया है। ई-सिगरेट की ऑनलाइन बिक्री पर प्रभावी और सख्त तरीके से रोक लगनी चाहिए। सुनवाई के दौरान, याचिकाकर्ता की ओर से अदालत में उपस्थित होकर कहा गया कि विभिन्न वेबसाइटों के माध्यम से ई-सिगरेट की खुलेआम ऑनलाइन बिक्री की जा रही है, जिसे प्रतिबंधित करने की जरूरत है। राज्य सरकार की ओर से दिए गये जवाब में इसकी बिक्री रोकने का कोई प्रभावी निवारक तंत्र स्थापित होना नहीं बताया गया है। याचिकाकर्ता ने कहा कि राज्य सरकार के जवाब के अनुसार, छापे के दौरान पुलिस को छह स्थानों पर ई सिगरेट की ऑनलाइन बिक्री और खपत मिली। याचिकाकर्ता ने कहा कि वेबसाइटों की ओर से 24 घंटों के भीतर ई-सिगरेट डिलीवरी का दावा किया जाता है, जिससे साबित होता है कि इनका स्थानीय स्तर पर गोदाम है, जबकि इनकी ऑनलाइन बिक्री को रोकने की सख्त जरूरत है। याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने मामले में डीजीपी को शपथ पत्र पेश कर ई-सिगरेट की बिक्री को रोकने के लिए बनाए गए प्रभावी तंत्र की जानकारी देने को कहा है।

## एयर स्ट्राइक ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

जैश-ए-मोहम्मद प्रमुख के बयान का हवाला देते हुए समाचार रिपोर्ट में कहा गया है कि उसके परिवार की एक और भतीजी और पांच बच्चे भी मारे गए। इसमें कहा गया है कि अजहर का एक करीबी सहयोगी और दो अन्य करीबी सहयोगी भी भारतीय हमलों में मारे गए हैं। भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में जैश, लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिदीन से जुड़े नौ आतंकवादी शिविरों पर हमला किया है। बहावलपुर में सुभानअल्लाह परिसर पर हुआ हमला, ऑपरेशन सिंदूर के तहत किए गए दो महत्वपूर्ण हमलों में से एक था।

# देश के विभिन्न हिस्सों में मॉक ड्रिल

- **सिविल डिफैंस मॉक ड्रिल के तहत शाम 8 बजे बाद कई शहरों में ब्लैक आउट भी किया गया।**
- **मॉक ड्रिल अभ्यास में पुलिस, होमगार्ड व अन्य सरकारी एजेंसियों के कर्मचारी शामिल थे।**

नयी दिल्ली, 07 मई। पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच लोगों को हवाई हमलों की स्थिति में राहत और बचाव के प्रति जागरुक और प्रशिक्षित करने के लिये केन्द्रीय गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार बुधवार को देश के विभिन्न शहरों में सिविल डिफेंस के तहत मॉकड्रिल (अभ्यास) आयोजित किये गये।

बुधवार शाम को 244 जिलों में ब्लैक आउट का भी अभ्यास किया गया। सिविल डिफेंस, पुलिस होमगार्ड और अन्य सरकारी एजेंसियों के लोग अभ्यास में शामिल हुए।

राजधानी में दिन में हवाई हमले के सायरन की आवाज के साथ लोगों को बचाव और राहत के उपायों का प्रशिक्षण दिया गया। शाम को आठ से सवा आठ बजे के बीच नॉर्थ ब्लॉक,साउथ ब्लॉक, राष्ट्रपति भवन सहित राजधानी के तमाम इलाकों में बत्तियां बुझा दी गयीं और कुछ देर के लिये राजधानी अंधेरे की चादर में लिपट गयी।

राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) ग्रुप मुख्यालय जालंधर के तत्वावधान में छह एनसीसी बटालियनों के विभिन्न 250 शिक्षण संस्थानों ने सिविल डिफेन्स मॉक ड्रिल का अभ्यास किया।

ब्रिगेडियेर अजय ने बताया कि राष्ट्र के 300 जिलों में सिविल डिफेन्स मॉक ड्रिल का अभ्यास कराया गया है और सभी नागरिकों को हवाई हमले और न्यूक्लियर बायोलॉजिकल और केमिकल वारफेयर में बचाव के तरीके सिखाये गये।

देशव्यापी सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल के तहत मध्यप्रदेश के पांच जिलों में शाम को मॉक ड्रिल किया गया।

बुधवार को उत्तराखंड के देहरादून जनपद में नागरिकों की सुरक्षा के दृष्टिगत आयोजित सिविल डिफेंस 'मॉक ड्रिल' की निगरानी राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (यूएसडीएमए) स्थित राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र तथा जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र से की गयी।

# भारत ने बौद्ध अवशेषों की नीलामी रुकवाई

- **अन्तर्राष्ट्रीय नीलामी कम्पनी सॉथबीज़ बुधवार को यह नीलामी करने वाली थी, पर भारतीय हस्तक्षेप के बाद इसे रोक दिया गया।**

नयी दिल्ली, 07 मई। संस्कृति मंत्रालय को हांगकांग के पिपरहवा उत्खनन से प्राप्त पवित्र बौद्ध अवशेषों की अंतरराष्ट्रीय नीलामीकर्ता कंपनी सोथबी हांगकांग इकाई ने नीलामी स्थगित कर दी है।

संस्कृति मंत्रालय ने यह जानकारी देते हुए बताया कि यह नीलामी आज होनी थी, लेकिन मंत्रालय के हस्तक्षेप के बाद नीलामी स्थगित कर दी गई है।

गौरतलब है कि पिपरहवा पुरातात्विक खुदाई से प्राप्त अवशेषों में महात्मा बुद्ध की अस्थियों के टुकड़े, सेलखड़ी और स्फटिक से निर्मित ताबूत, बलुआ पत्थर का संदूक और अर्पित स्वर्ण आभूषण तथा रत्न आदि मिले हैं। वर्ष 1898 में ब्रिटिश औपनिवेशिक इंजीनियर विलियम क्लैक्सटन पेप्पे ने वहां उत्खनन कराया था। एक ताबूत पर ब्राह्मी लिपि में उत्कीर्ण अभिलेख से पुष्टि हुई थी कि ये बुद्ध के अवशेष हैं, जिन्हें शाक्य वंश द्वारा वहां स्थापित किया गया था। इनमें से ज्यादातर अवशेष 1899 में भारतीय संग्रहालय, कोलकाता में स्थानांतरित किये गये थे. जहां उन्हें एए श्रेणी के पुरावशेषों के रूप में वर्गीकृत किया गया, जिन्हें हटाना या बेचना प्रबंधित किया गया। अस्थि अवशेषों का एक भाग सियाम.वर्तमान थाईलैंड के नरेश को उपहार में दिया गया था, जबकि डब्ल्यूसी पेप्पे के परपोते क्रिस पेप्पे के पास रहे बुद्ध के अंतिम संस्कार के रत्नों का एक हिस्सा नीलामी के लिए सूचीबद्ध किया गया था।

मंत्रालय के अनुसार, मीडिया रिपोर्टों में नीलामी के बारे में जानकारी मिलने पर तुरंत कार्यवाही शुरू की गई, जिसके तहत गत दो मई को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के महानिदेशक ने हांगकांग के महावाणिज्य दूतावास को पत्र लिखकर नीलामी तत्काल रोकने का अनुरोध किया। उसी दिन एक द्विपक्षीय बैठक के दौरान, संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने ब्रिटेन की संस्कृति, मीडिया और खेल मंत्री लीसा नैंडी के समक्ष यह मामला उठाया तथा अवशेषों के सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व पर जोर देते हुए तत्काल कार्रवाई का आग्रह किया।

संस्कृति मंत्रालय के अनुसार, 05 मई को इस विषय में समीक्षा बैठक हुई और नोटिस जारी कर नीलामी रोकने को कहा गया। विदेश मंत्रालय ने पश्चिम-यूरोप और पूर्वी एशिया प्रभागों के माध्यम से ब्रिटेन और हांगकांग स्थित दूतावासों से संपर्क कर नीलामी रोकना सुनिश्चित करने के लिये नोटिस भेजा गया।

## भारत को "छवि ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

का आव्हान किया है, उन्होंने आत्मरक्षा के मसले को ज्यादा तवज्जो नहीं दी। और यही उम्मीद भी थी।

पाकिस्तान का यह दावा, कि उसने पांच भारतीय लड़ाकू विमानों को गिरा दिया, जिसमें कई राफेल विमान शामिल हैं, को अधिकांश मीडिया संगठन प्रमुखता से दिखा रहे हैं। हालांकि भारत ने पाकिस्तान के इस दावे का जवाब नहीं दिया है, फिर भी अधिकांश विदेशी मीडिया इसे पाकिस्तान की क्षमता के रुप में पेश कर रहे हैं।

भारत और पाकिस्तान के बीच एक प्रमुख टकराव की संभावना बढ़ रही है, और यह संभावना भी जताई जा रही है कि युद्ध अधिक बढ़ सकता है। भारत के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वह इन टकरावों को जल्दी से निपटाए, क्योंकि यह भारत की आर्थिक विकास की मूल योजना के लिए नुकसानदेह हो सकते हैं।

## सीबीआई प्रमुख का कार्यकाल एक साल बढ़ा

नयी दिल्ली, 07 मई। सरकार ने केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के निदेशक प्रवीण सूद का कार्यकाल आगामी 24 मई से एक वर्ष के लिए और बढा दिया है।

केन्द्रीय कार्मिक , जन शिकायत और प्रशिक्षण मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि केन्द्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने सीबीआई के निदेशक प्रवीण सूद का कार्यकाल 24 मई से एक वर्ष के लिए बढ ाने को मंजूरी दे दी है। सूद भारतीय पुलिस सेवा के 1986 बैच के अधिकारी हैं।

## द हिन्दु अखबार के ट्वीट ने ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

आश्वासन देने का मौका दे दिया। उन्होंने भारत को माकूल जवाब दिया है।

पाकिस्तान की प्रतिक्रिया देश के सूचना व प्रसारण मंत्री अता तरार के विनाशकारी साक्षात्कार के बाद आई। इस इंटरव्यू में अता तरार स्काय न्यूज़ की पत्रकार याल्दा हकीम से बात करते हुए बुरी तरह से फंस गए था। याल्दा ने बार बार उनसे पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के बारे में सवाल पूछा, जिन्होंने यह स्वीकार किया था उनका देश 30 सालों से आतंकवादियों को पाल रहा है। अता तरार के पास ख्वाजा की स्वीकारोक्ति पर याल्दा हकीम के सवालों का कोई जवाब नहीं था।

बाद में महत्वाकांक्षी बिलावल भुट्टो जो प्रधानमंत्री बनना चाहते हैं, ने अपनी सरकार का जोरदार बचाव किया और स्काय न्यूज़ पर कहा कि बहावलपुर और मूरीदके में जैश ए मोहम्मद व लश्कर-ए-तैयबा के ठिकाने नहीं हैं। इन दोनों जगहों पर भारत ने हमला किया था। उनका इंटरव्यु भी काफी प्रचारित हुआ।

आज का सबसे मजेदार बयान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ का रहा जिन्होंने पाकिस्तान की संसद में कहा कि पाकिस्तान की वायु सेना ने कई दिन पहले ही राफेल विमान का रडार व कम्युनिकेशन सिस्टम जाम कर दिया था इसलिए वे तीन राफेल विमानों को मार गिराने में सफल रहे, जिस किसी को भी राफेल या किसी भी लड़ाकू विमान की जानकारी है उसे यह बात हास्यास्पद ही लगेगी। अब पाकिस्तानियों को यह बात कौन बताए।

इस बीच, दिल्ली में विदेश सचिव विक्रम मिश्री ने सुरक्षा परिषद के सभी सदस्य देशों के राजदूतों के साथ मीटिंग की तथा उन्हें 'ऑपरेशन सिंदूर" के बारे में जानकारी दी। उन्होंने उन सब लोगों के समक्ष यह स्पष्ट भी कर दिया कि अगर पाकिस्तान ने बदले की कोई कार्यवाही की, तो भारत उसका जवाब निश्चित रूप से देगा।

कल सुबह एक सर्वदलीय मीटिंग बुलाई गई है, जिसमें सभी राजनैतिक दलों के नेताओं को आज सुबह 1.44 बजे पाकिस्तान एवं पाक-अधिकृत कश्मीर के नौ आतंकी शिविरों पर की गई स्ट्राइक की जानकारी दी जायेगी।

प्रधानमंत्री ने 12 मई से शुरू होने वाली तीन देशों की अपनी यात्रा निरस्त कर दी है क्योंकि भारत को, पाकिस्तान के अगले कदम, तथा वह बदले की कार्यवाही कब, और कैसे करेगा, की प्रतीक्षा है।

और अब, जब भारत ने पाकिस्तान के आतंकी शिविरों पर स्ट्राइक कर दी, "देखो और प्रतीक्षा करो" की स्थिति शुरू हो गई है। देखना यह है कि पाकिस्तान बदले की कार्यवाही करता है या नहीं, और अगर करता है तो कब और कैसे। आज हर व्यक्ति के मन में यह प्रश्न जरूर है कि पाकिस्तान की बदले की कार्यवाही इस स्थिति को एक बड़े युद्ध का रूप देती है या यह एक सीमित टकराव के रूप में ही रहती है।

## भारत के विदेश सचिव ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

आतंकवादी को मृत घोषित किया गया और फिर अंतर्राष्ट्रीय दबाव के कारण उसे "जिंदा" करके पेश किया गया और गिरफ्तार किया गया, सबसे उज्जवल उदाहरण है।"

साजिद मीर, जो साजिद मजीद, इब्राहीम शाह, वासी, खली और मुहम्मद वसीम जैसे कई उपनामों से जाना जाता है, लाहौर का निवासी है। उसे 2008 के मुम्बई आतंकवादी हमलों का एक मुख्य साजिशकर्ता और डेविड कोलमैन हैडली उर्फ दाऊद गिलानी का एक प्रमुख संचालक बताया गया है।

सन् 2011 में, अमेरिका की एक जिला अदालत ने उसे, एक विदेशी सरकार की संपत्ति को क्षति पहुँचाने की साजिश, आतंकवादियों को सामग्री देने, अमेरिका के बाहर एक नागरिक की हत्या, और सार्वजनिक स्थानों पर बमबारी में सहायता और उकसाने के आरोपों में आरोपित और अभियुक्त घोषित किया था। अमेरिका के विदेश विभाग ने साजिद वाली सूचना के लिए 50 लाख डॉलर तक के इनाम की घोषणा भी की थी। एफबीआई के अनुसार, मीर ने 2008 और 2009 के बीच डेनमार्क में एक अखबार और उसके कर्मचारियों पर आतंकवादी हमला करने की साजिश भी रची थी। कहा जाता है कि 2008 के मुम्बई आतंकी हमलों के बाद, मीर ने प्लास्टिक सर्जरी करवाई थी।

## 18 एयर पोर्ट्स ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

(एनओटीएएम) भी जल्द ही जारी किए जाने की उम्मीद है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ये हवाई अड्डे 10 मई तक नागरिक उड़ानों के लिए बंद रहेंगे। इनमें नियमित उड़ानें और चार्टर्ड उड़ानें दोनों शामिल हैं।

## पहली बार दो महिला अफसरों ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

को जानकारी दी। उन्होंने कहा, "इंडियन एयर फोर्स (आईएएफ) ने नज़दीकी हवाई सहयोग के लिये, समन्वित एयर स्ट्राइक्स को अंजाम दिया। परिणाम बहुत ही सटीक एवं सर्जिकल रहे। हमारे सारे असैट्स सुरक्षित वापस आ गये।" उन्होंने कहा कि रियल-टाइम सैटेलाइट एवं ड्रोन व्यवस्था ने अचूक लक्ष्य - भेदन में मदद की।

प्रैस को सम्बोधित करने के लिये इन दोनों अधिकारियों के चयन को भारतीय सैन्य तन्त्र द्वारा एक ऐसे व्यापक और शक्तिशाली बयान के रुप में देखा जा रहा है, जिससे योग्यता का सम्मान, सैन्य कार्यवाही की पारदर्शिता तथा सैन्य तन्त्र में महिलाओं की बढ़ती भूमिका प्रदर्शित हो रही है। इन दोनों अधिकारियों ने ब्रीफिंग बड़ी सुस्पष्टता तथा सन्तुलन के साथ की तथा सभी समाचार एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर शीघ्र ही राष्ट्रीय प्रशंसा का केन्द्र बन गईं। आज दिन में, विदेश सचिव विक्रम मिश्री ने अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय को सम्बोधित करते हुये, पाकिस्तान की धरती से संचालित हो रहे आतंकी ग्रुपों को पाकिस्तान के सतत सहयोग के विस्तृत प्रमाण प्रस्तुत किये। एक टेलिविजन- सम्बोधन के दौरान, मिश्री ने कहा, "जिन स्थानों पर हमने स्ट्राइक की, उनका चयन अपनी मनमर्जी से नहीं किया था। खुफिया जानकारियों तथा सैटेलाइट इमेजरी ने इस बात की पुष्टि की थी कि फैसिलिटीज़ (आतंकी शिविर) सक्रिय हैं तथा इन्हें पाकिस्तानी शासन के तत्वों से लॉजिस्टिक तथा खुफिया सहयोग मिलता है।" आशा की जा रही है कि भारत अपने निष्कर्षों को संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद तथा मित्र राष्ट्रों के साथ साझा करेगा। विदेश मंत्रालय के अंदरुनी सूत्रों के अनुसार, सम्बंधित घटनाक्रम और उसकी पृष्ठभूमि की जानकारी युक्त प्रपत्र सभी प्रमुख रणनैतिक पार्टनरों को पहुंचा दिये गये हैं, जिनमें अमेरिका, फ्रांस तथा जापान जैसे देश भी शामिल हैं। "ऑपरेशन सिन्दूर" ऐसे समय पर किया गया है, जब भारत सीमा-पार के आतंक के खिलाफ दृढ़ तथा अतिसक्रिय रुख अपनाये हुये हैं। इससे ठीक पहले, पड़ोसी की ओर से भड़काने तथा उकसाने वाली कई कार्यवाहियाँ की गई, जिनमें भारतीय सुरक्षा बलों के जवानों की हत्या, तथा जम्मू-कश्मीर में किये गये आतंकी हमले शामिल हैं। ताजातरीन एयर स्ट्राइक रणनैतिक नियंत्रण से नियंत्रित प्रतिशोध तक पहुँचने का परिणाम है। नई दिल्ली में राजनैतिक विश्लेषकों ने इस कार्यवाही का सराहना करते हुये, इसे "नये भारत के रणनैतिक स्वायत्तता एवं संकल्प का प्रदर्शन" कहा है। किन्तु विपक्षी दलों ने सरकार से कहा है कि सरकार यह सुनिश्चित करे कि यह सैन्य कार्यवाही किसी बड़े संघर्ष का रुप न ले। इस बीच, कश्मीर तथा अन्य संवेदनशील सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा-व्यवस्था बढ़ा दी गई है। बड़े शहरों तथा एलओसी से लगे क्षेत्रों में "अलर्ट" जारी कर दिया गया है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908